रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 29 मई 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 275 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को महेश नवमी पर्व की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माहेश्वरी समाज के उद्भव दिवस और प्रभु शिव की उपासना के पर्व महेश नवमी की प्रदेशवासियों विशेषकर माहेश्वरी समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह दिन हम सबको जरूरतमंदों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित होने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

### पूर्वोत्तर को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे जो असम की राजधानी गुवाहाटी से उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ेगी। मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए दोपहर 12 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर यहां गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और केन्द्र सरकार में रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद होंगे।

### पहलवान गिरफ्तार, पुलिस ने प्रदर्शन स्थल से तंबू उखाड़े

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को नवनिर्मित संसद भवन के पास महिला महापंचायत के लिये जा रहे बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित अन्य प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में ले लिया। जिस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद भवन का उद्घाटन कर रहे थे, उस समय करीब दो किलोमीटर दूर स्थित पहलवान विनेश फोगाट और संगीता फोगाट ने संसद की ओर जाने के लिये पुलिस सुरक्षा भेदने की कोशिश की।

# मोदी ने किया नये संसद भवन का लोकार्पण, सेंगोल किया लोकसभा में स्थापित

## नया संसद भवन लोकतंत्र को नयी ऊर्जा और नयी मजबूती प्रदान करेगा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ देश के नये संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया और नयी लोकसभा के सदन में पवित्र सेंगोल (राजदंड) को श्रद्धा के साथ प्रतिष्ठित किया। सुबह करीब साढ़े सात बजे मोदी संसद भवन के परिसर में पहुंचे और बिरला ने उनका स्वागत किया। सिल्क की धोती, कुर्ता एवं गुलाबी जैकेट पहने प्रसन्न मुद्रा में दिख रहे मोदी ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करके प्रणाम किया। इसके बाद वह बिरला के साथ वहां हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। मोदी ने इसके बाद तमिलनाडु के विभिन्न आदिनम से पधारे संतों द्वारा लाये गये सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया और फिर पांच आदिनम संतों के हाथों से श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया और अपने स्थान पर चारों ओर परिक्रमा की। इसके बाद मोदी ने आदिनम संतों से आशीर्वाद लिया और फिर बिरला एवं आदिनम संतों के साथ वह नयी लोकसभा के भीतर गये और लोकसभा अध्यक्ष के आसन के दाहिनी ओर पीछे एक कांच के केस में सेंगोल को स्थापित किया जिसे संप्रभुता, न्याय, शासन एवं शक्ति का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन किया और पुष्पों से सेंगोल का पूजन किया। इस मौके पर आदिनम संत भी सदन में उपस्थित थे। इसके बाद मोदी एवं बिरला बाहर आये और फिर नये संसद के उद्घाटन पट्ट का अनावरण करके नये संसद भवन को लोकार्पित किया। इसके पश्चात उन्होंने निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों से भेंट की और उन्हें शाल एवं प्रतीक चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शिरकत की। बौद्ध, जैन, पारसी, सिख, इस्लाम, वैदिक आदि धर्मों के धर्मगुरुओं ने प्रार्थना की। इसके बाद मोदी ने कार्यक्रम में आये मेहमानों से भेंट की और बातचीत की। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, डॉ जितेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, शीर्ष अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### नये संसद भवन के उद्घाटन पर डाक टिकट, 75 रु का सिक्का जारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान एक स्मारक डाक टिकट का अनावरण और 75 रुपये का सिक्का जारी किया। उद्घाटन समारोह नये संसद भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित किया गया था। आसन पर प्रधानमंत्री के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति डॉ हरिवंश विराजमान थे। उद्घाटन भाषण शुरू करने से पहले मोदी ने नया स्मारक डाक टिकट और 75 रुपये का सिक्क ा जारी किया। इस सिक्के के जारी करने की घोषणा 25 मई को की गयी थी। इस करीब 35 ग्राम के सिक्के का व्यास 44 मिमी है, इसमें आधी चांदी, 40 प्रतिशत तांबा और पांच- पांच प्रतिशत निकल और जस्ता के इस्तेमाल किया गया है। इसमें एक तरफसिंह की लॉट और उसके दोनों तरफइंडिया और भारत लिखा है। सिंह लॉट चित्र के नीचे देवनागरी लिपि में सत्यमेव जयते अंकित है। दूसरी तरफसंसद भवन परिसर का चित्र उभारा गया है जिसमें नये तिकोने नये संसद भवन के पीछे वृत्ताकार पुराने संसद भवन भी दर्शाया गया और उसके ऊपर देवनागरी में संसद संकुल लिखा गया है।

### नया संसद भवन, नये भारत के सृजन का आधार बनेगा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये संसद भवन को 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि इसमें देश की समृद्ध विरासत, कला, गौरव, संस्कृति तथा संविधान के स्वर हैं और यह नये भारत के सृजन का आधार बनेगा। नये संसद भवन के उद्घाटन के बाद कहा कि एक राष्ट्र के रूप में सभी 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प ही इस नयी संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। इसमें होने वाला हर निर्णय आने वाली पीढियों को सशक्त करने वाला होगा और यही निर्णय भारत के उज्जवल भविष्य का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा ,' ये सिर्फ एक भवन नहीं है। ये 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। ये विश्व को भारत के दृढ संकल्प का संदेश देता हमारे लोकतंत्र का मंदिर है।' उन्होंने कहा कि यह नया संसद भवन लोकतंत्र को नयी ऊर्जा और नयी मजबूती प्रदान करेगा। 'हमारे श्रमिकों ने अपने पसीने से इस संसद भवन को इतना भव्य बना दिया है अब हम सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से ज्यादा भव्य बनायें। '

## मोदी खुद का महिमामंडन करने वाले प्रधानमंत्री : कांग्रेस

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला करते हुए उन्हें खुद का महिमामंडन करने वाला प्रधानमंत्री करार दिया। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट किया, संसदीय प्रक्रियाओं का पूरी तरह तिरस्कार के साथ एक खुद की महिमा का बखान करने वाले प्रधानमंत्री नए संसद भवन का उद्घाटन करते हैं, जो शायद ही कभी संसद में मौजूद रहते हैं या कार्यवाही में शामिल होते हैं। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी) को अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने और नए संसद भवन का उद्घाटन करने की अनुमति नहीं है। इससे पहले विपक्ष दलों ने संयुक्त बयान में कहा था, प्रधानमंत्री मोदी के लिए अलोकतांत्रिक कृत्य कोई नई बात नहीं है, जिन्होंने लगातार संसद को खोखला कर दिया है। जब संसद से लोकतंत्र की आत्मा को चूसा गया है, हमने पाया कि नए भवन का कोई वजूद नहीं है। नए संसद भवन में स्थापित किए गए सेंगोल के इतिहास और प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे नए संसद के उद्घाटन को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम का यह कहते हुए बहिष्कार किया कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए। प्रधानमंत्री पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'दरकिनार' करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित 12 से अधिक राजनीतिक दलों ने नए संसद के उद्घाटन का 'बहिष्कार' किया है।

## संसद भवन के उद्घाटन को मोदी समझ रहे हैं राज्याभिषेक : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद भवन के उद्घाटन समारोह पर रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि जनता की आवाज संसद भवन के उद्घाटन समारोह को प्रधानमंत्री राज्याभिषेक समझ रहे हैं। गांधी ने ट्वीट किया संसद लोगों की आवाज़ है। प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने कहा, नए संसद भवन के शिलान्यास समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शिलान्यास समारोह से दूर रखा गया और अब इसके उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर दिया गया है। यह आरएसएस की पिछड़ी जाति विरोधी मानसिकता है। इसी मानसिकता का परिणाम है कि संवैधानिक पद पर बैठे इन वर्गों के लोगों को सम्मान पाने के उनके हक से भी वंचित रखा जाता है। इससे साफहै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन वर्गों के लोगों का इस्तेमाल सिर्फवोट की राजनीति के लिए करते हैं।

## नये संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव : राष्ट्रपति मूर्मु

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु ने नये संसद भवन के उद्घाटन को लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुये रविवार को कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो रहा यह महत्वपूर्ण आयोजन हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण एवं विस्तार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। मूर्मु ने नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर भेजे अपने संदेश में यह बात कही। उद्घाटन समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति के इस संदेश का पढ़ा। संदेश में उन्होंने कहा, यह हमारे देशवासियों की सामूहिक आशाओं और आंकक्षाओं से आलौकिक उज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर करने के लिए हमारे राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान करे। हमारे संविधान के शिल्पकारों ने ऐसे राष्ट्र की परिकल्पना की थी जिसका स्वरूप लोकतांत्रिक तरीके से चुने गये प्रतिनिधियों से बनी संसद की विधायी विवेक के आधार पर निर्मित हो रहा है। मुझे इस बात का गहरा संतोष है कि संसद के विश्वास के प्रतीक प्रधानमंत्री इस नये संसद भवन का उद्घाटन कर रहे हैं।

## विश्व को वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत से अपेक्षा : ओम बिरला

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अमृत काल में भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और विश्व वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर अपेक्षा से देख रहा है। बिरला ने नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर अपने सम्बोधन में कहा, भारत विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र है। संपूर्ण विश्व में लोकतंत्र की जननी के रूप में हमारी पहचान है। आज़ादी के बाद भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं तथा परम्पराएं और अधिक सशक्त हुई हैं। हमारी निर्वाचन प्रक्रिया के कुशल, पारदर्शी एवं विश्वसनीय प्रबंधन के कारण लोगों का विश्वास हमारे लोकतंत्र में निरंतर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में संसदीय लोकतंत्र की यात्रा में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। संपूर्ण विश्व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रसार के साथ साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए भारत की ओर अपेक्षा से देख रहा है। भारत की संसद लोकतांत्रिक व्यवस्था का सर्वोच्च श्रद्धा का केंद्र है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जनता की बढ़ती भागीदारी इस सत्य को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृतकाल में संपूर्ण राष्ट्र इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देना चाहते हैं, जिनके दृढ़ संकल्प और प्रेरक मार्गदर्शन से संसद का यह नया भवन ढाई वर्ष से भी कम अवधि में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने उन हजारों श्रमिक बहनों और भाइयों को भी नमन करते हुए कहा कि उनकी निरंतर श्रम-साधना और कठिन परिश्रम से ही यह भगीरथ प्रयास पूरा हो पाया है। पिछले सात दशकों में संसद के अंदर हमारे विद्वान नेताओं और सांसदों की उत्कृष्ट चर्चा और संवाद से नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया और देश में अनेक महत्वपूर्ण क़ानूनों का निर्माण हुआ। इससे लोगों के सामाजिक आर्थिक जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है।

### टर्शरी केयर अस्पतालों में एस.ओ.पी., गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी और मेडिकल ऑडिट प्रणाली का किया अध्ययन

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऑस्ट्रेलिया में सेंट जॉन गॉड हॉस्पिटल के विशेषज्ञों से की चर्चा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑस्ट्रेलिया के अध्ययन दौरे पर गए स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव और अधिकारियों ने आस्ट्रेलिया के जीलोंग शहर के सेंट जॉन गॉड हॉस्पिटल का दौरा कर विशेषज्ञों से चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेंट जॉन गॉड हॉस्पिटल में निर्धारित मानकों पर दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल ऑडिट प्रणाली, छात्रों को दिए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं प्रोटोकॉल के साथ ही गोल्डन ऑवर में मरीज़ को किस तरह से सेवाएँ प्रदान की जाती है, इनका अध्ययन किया। सेंट जॉन गॉड हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने राज्य की टीम को ग्रामीण क्षेत्रों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी।

**कॉर्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. जैन ने मेडिकल ऑडिट प्रणाली विकसित करने की आवश्कता पर दिया सुझाव**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेंट जॉन गॉड हॉस्पिटल में प्रमुख कॉर्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार जैन से मुलाकात की। पिछले 20 वर्षो से ऑस्ट्रेलिया में सेवा प्रदान कर रहे डॉ. जैन ने बताया की अनुशासन के साथ क्वालिटी और टीम वर्क के आधार पर ही हम अपने अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. से चर्चा के दौरान उन्होंने अस्पतालों में बेहतर स्किल के साथ ही मेडिकल ऑडिट प्रणाली विकसित करने की आवश्कता पर बल दिया। डॉ. जैन ने बताया कि मरीज़ की मृत्यु होने की स्थिति में मल्टीपल और इंडिपेंटेड ऑडिट होना चाहिए। मरीज़ के परिजनों से मेडिकल कन्सेंट के साथ ही फाइनेंसियल कन्सेंट भी लेना चाहिए। सभी मरीजों का फॉलो-अप स्वयं डॉक्टर द्वारा लिया जाना भी सुनिश्चित करना चाहिए जिससे मरीज़ व उनके परिजन बेहतर इलाज के प्रति आश्वस्त हो सकें। डॉ. जैन ने बताया कि स्नातकोत्तर कर रहे चिकित्सा विशेषज्ञों का सर्जरी के दौरान लॉग बुक एनालिसिस होना चाहिए। इस लॉग बुक का मल्टीपल लेवल पर मूल्यांकन भी होना चाहिए जिससे कि छात्र का आत्मविश्वास कार्य के प्रति हमेशा बना रहे। उन्होंने बताया कि बिना टीम वर्क के सर्जिकल कार्य करना बहुत कठिन है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ. जितेंद्र जैन से सेवारत डॉक्टरों को बाहर जाने से रोकने जैसे विषयों पर भी चर्चा की। इस पर डॉ. जैन ने कहा कि डॉक्टर को एक इंडिपेंडेंस और इंसेंटिवाइज्ड मोटिवेशन की जरूरत होती है। मेडिकल क्षेत्र में यह पहले नहीं था, पर अब काफी ज्यादा आ चुका है और इसे सतत बनाए रखने की जरूरत है। डॉ. जैन ने छत्तीसगढ़ से गए स्वास्थ्य विभाग की टीम से मिलकर ख़ुशी जाहिर की और मुलाकात के लिए अपना आभार व्यक्त किया। डॉ. जितेन्द्र कुमार जैन रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय के 1988 बैच के छात्र हैं और आज ऑस्ट्रेलिया के जाने माने हार्ट-की-होल (Heart-key-hole (कॉर्डियोथोरेसिक) सर्जन के रूप में जाने जाते हैं। हार्ट-की-होल सर्जरी हृदय के ऑपरेशन की एक नवीनतम तकनीक है। डॉ. जैन भारत के साथ अमेरिका और न्यूजीलैंड में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



**फैमिली फिजिशियन पर हुई चर्चा**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऑस्ट्रेलिया में फैमिली फिजिशियन और जनरल प्रैक्टिशनर के रूप में कार्यरत डॉ. रूपाली जैन से भी चर्चा की। डॉ. रूपाली जैन ने मरीज़ों को जर्नल प्रैक्टिशनर द्वारा जांच के बाद ही चिकित्सा विशेषज्ञ तक पहुंचने की बात कही जिससे कि अस्पतालों में मरीज़ों के लोड को कम किया जा सके। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में दी जाने वाली फैमिली फिजिशियन सेवाओं के महत्व को रेखांकित किया और स्पेशिलस्ट लिंक के विषय पर राज्य की टीम के साथ अपने अनुभव साझा किए।

## भाजपा सरकार ने जनता की परेशानियों को बढ़ायाः अखिलेश

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने जनता की परेशानियों और दिक्कतों को बढ़ाया है, उसको जनता की तकलीफों की जरा भी परवाह नहीं है। अखिलेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में जिलों से आए पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियां ही सारी समस्याओं की जड़ हैं। भाजपा चकाचौंध की राजनीति से जनता को धोखा दे रही है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। समाजवादी पार्टी एकजुट होकर पूरी ताकत से संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्षरत है। उन्होंने चेताया कि भाजपा समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने की रणनीति पर काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारियां की जा रही है तथा डराने धमकाने की कोशिश की जाती है। भाजपा की चालाकियों से जनता को गुमराह होने से बचाना है। यादव ने कहा कि भाजपा जातीय वैमनस्य पैदा करती है। नफरत से समाज को बांटती है। उसकी नीतियां पूंजीपतियों की पोषक हैं। गरीब और मध्य वर्ग को भाजपा समाप्त करने पर तुली है। जनता को सामान्य नागरिक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। किसान, नौजवान, व्यापारी सभी भाजपा सरकार की कुनीतियों से तंग है और जल्दी से जल्दी निताज पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब जमीन पर चुनाव की लड़ाई लड़नी है। समाजवादी पार्टी की स्वीकार्यता जनता में है इसलिए संगठन को और चुस्त-दुरूस्त बनाना है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक अपील पर गांव में आ गई दुग्ध क्रांति

# जिस गांव में एक भी दुधारू पशु नहीं था अब वह गांव मिल्क रूट से जुड़ रहा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बोलबोला की कहानी की शुरूआत 29 अप्रैल 2022 से होती है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस का अवसर था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दिन पशु चिकित्सकों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ को दुग्ध उत्पादन-व्यवसाय में अग्रणी बनाने का आव्हान किया था। इससे प्रेरित होकर कोंडागांव जिला प्रशासन ने उन गाँवों के लिए रणनीति बनाई, जहां दुग्ध उत्पादन नहीं होता था। जिले के बोलबोला ग्राम पंचायत में सामूहिकता, लगन और प्रशासन के सहयोग से ऐसा परिवर्तन आया कि जहां कोई दूधारू पशु था ही नहीं अब वहां दुग्ध का भरपूर उत्पादन हो रहा है, बल्कि जिला मुख्यालय और आस पास के गांवों को आपूर्ति की जा रही है। ग्राम बोलबोला अब मिल्क रूट से जुड़ने वाला है। एक ऐसे गाँव के लिए जहाँ एक भी दुधारू पशु नहीं था, अब आजीविका के लिए सबसे बड़े साधन के रूप में पशुपालन का बदलता जाना वहां के लिए क्रांति से कम नहीं है।

### सुराजी गांव योजना

इस बदलाव के पीछे छत्तीसगढ़ शासन की सुराजी गांव योजना के तहत बनाया गया गौठान की महती भूमिका है। आदिवासी बहुल कोण्डागांव जिले में दुग्ध उत्पादन की कमी को देखते हुए



जुलाई 2022 शासन ने हमर गरूवा हमर गौठान कार्यक्रम चलाया गया। पहले चरण में कोण्डागांव के नजदीक बोलबोला ग्राम पंचायत को चुना गया। कोण्डागांव जिले में मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से गाय खरीदने के लिए राशि दी गई।

पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. नीता मिश्रा बताती हैं कि राज्य में की गई 19वीं पशु संगणना में बोलबोला ग्राम पंचायत में दूधारू गाय नहीं थी। लेकिन गांव में गौठान बनने से लोग गौपालन के लिए आगे आए और यहां पशुपालन विभाग द्वारा गौठानों में महिला समूह को गौपालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। यहां पर गौठान से जुड़ी महिला समूहों को गौ-पालन के लिए तैयार किया गया। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण और ऋण अनुदान सहित गौठानों में चारा पानी और टीकाकरण सहित कई सुविधाएं उपलब्ध करायी गई। इन महिला समूहों के साथ उनके परिवार के पुरूष सदस्य तथा गांव के अन्य ग्रामीण भी गौपालन करने और सहयोग करने के लिए आगे आए। इसके साथ ही गाय खरीदने और दुग्ध चिलिंग प्लांट लगाने के लिए हितग्राहियों को ऋण अनुदान दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा पशुपालन के लिए डीएमएफ और मनरेगा से शेड तैयार कराया गया। समूह के सदस्य तथा अन्य ग्रामीणों को दुग्ध चिलिंग प्लांट के संचालन के लिए ओडिशा में प्रशिक्षण भी दिया गया। तमाम प्रक्रियाओं के बाद समूह के लोगों द्वारा डेयरी व्यवसाय का कार्य शुरू किया गया। बोलबोला गौठान के सामुदायिक डेयरी में हितग्राहियों ने दूधारू पशु रखे और दुग्ध उत्पादन शुरू किया। इस समय हितग्राहियों के पास 32 दूधारू पशु हैं जिनसे प्रतिदिन 300 लीटर दुग्ध का उत्पादन हो रहा है। दूधारू पशु खरीदने के लिए 16 पशुपालकों को आदिवासी परियोजना, राज्य डेयरी उद्यमिता योजना से सहायता उपलब्ध करायी गई है। पशुओं को हरे चारे की व्यवस्था के लिए गौठान में नेपियर घास की खेती की जा रही है, जिससे पशुओं को हरे चारे की उपलब्धता हर समय बनी रहे।

**दुग्ध की बिक्री से प्रतिदिन करीब 13 हजार रूपए की हो रही आय**

अब बोलबोला ग्राम पंचायत गांव में दुग्ध की कमी नहीं है बल्कि यहां से अब कोण्डागांव और आस-पास के गांवों में दुग्ध विक्रय के लिए जाने लगा है। दुग्ध की बिक्री से प्रतिदिन गौठान से जुड़े समूह को करीब 13 हजार रूपए मिल रहे हैं। गौठान में प्रतिदिन 640 किलो गोबर की भी बिक्री की जा रही है। गोबर से 1280 रूपए की अतिरिक्त आमदनी मिल रही है। गौमूत्र से कीटनाशक बनाने के लिए जल्द काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। बोलबोला गांव की सफलता से प्रेरित होकर छोटे बंजोड़ा ग्राम पंचायत में भी दुग्ध उत्पादन की ओर अग्रसर होने जा रहे हैं।

**घर में दूध वाली चाय पी रहे हैं, बच्चों को भी दूध पिला रहे हैं : कोयली मंडावी**

ग्राम जरे बेंदरी पंचायत बोलबोला के नई रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की सचिव श्रीमती कोयली मंडावी बताती हैं कि पहले हमारे यहां दुग्ध उत्पादन नहीं होता था अब दुग्ध उत्पादन हो रहा है। उसे घर-घर जाकर 50 रूपए प्रति लीटर बेच रहे हैं। जो दुग्ध बचता है उसका पनीर बनाकर भी बेच रहे हैं। यहीं नहीं पहले हम बिना दुग्ध वाली लाल चाय पीते थे। अब दुग्ध वाली चाय पी रहे हैं और बच्चों को भी दुग्ध पिला रहे हैं।

**गांव की आर्थिक स्थिति में आया सुधार - सरपंच पोयाम**

सरपंच श्री रत्नूराम पोयाम ने बताया कि गांव के लोगों की आर्थिक स्थिति तो बढ़िया हुई ही है। गांव के बच्चों के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है। इसके साथ ही यहां के लोगों का दुग्ध का उपभोग भी बढ़ा है। पशुपालक पिलसाय और केशूराम मरकाम बताते हैं कि हमारे गांव के लिए हर तरह से सुखद बदलाव आ रहे हैं। समूह की महिलाओं के पास पैसा आया है। मिल्क रूट से जुड़ने की संभावनाओं के चलते आर्थिक आय और भी बढ़ेगी। गांव में हम लोग नैपियर घास आदि भी लगा रहे हैं जिससे हमारी गायों का दुग्ध उत्पादन भी काफ ी बढ़ा है। सरकार की योजनाओं से हमारे गांव को नई दिशा मिली है। गौरतलब है कि नई रोशनी स्वसहायता समूह के सदस्यों ने मिलकर फार्मर इंट्रेस्ट ग्रुप बनाया है और समिति का नाम है मावा बोलबोला कोंडानार डेयरी प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति बनाई है। कोण्डागांव जिला प्रशासन ने जिले के गौठानों को दुग्ध क्रांति केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए योजना बनायी जा रही है। गौठानों को मिल्क रूट से जोड़ने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की सहकारी समिति बनाने की योजना पर भी काम शुरू कर दिया गया है। बोलबोला ग्राम में चिलिंग प्लांट प्रारंभ करने की तैयारी है। साथ ही दुग्ध की बिक्री के लिए जिला मुख्यालय में आउटलेट खोलने की योजना है।

## विधायक ने डौरा-कोचली में तहसील एवं एसडीएम कार्यालय भवन का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले के डौरा-कोचली में 71.12 लाख रूपय की लागत से नवीन तहसील कार्यालय भवन एवं 48.03 लाख रुपए की लागत से राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यलय का निर्माण कार्य एवं भूमि पूजन रामानुजगंज विधायक एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष वृहस्पति सिंह के द्वारा भूमि पूजन किया गया। उक्त दोनों भवन का निर्माण कार्य भवन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तैयार की जानी है।

नवीन भवन के इस भूमि पूजन के कार्यक्रम के अवसर पर बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष सुंदरमणी मिंज,उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरत कौशिक, ग्राम पंचायत कोचली के सरपंच विमल कुजूर एवं अन्य शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने निरा एडुकॉम के सहयोग से फिल्म मेकिंग पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर एक NAAC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है जिसका ग्रेड B+ है और NIRF रैंकिंग 2022 में देश के शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है, एक बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित और छात्र केंद्रित विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य सीखने का समर्थन करना है जो मानव ज्ञान को आगे बढ़ाएगा। भविष्य के नेताओं को विकसित और शिक्षित करने के लिए और अनुसंधान जो राज्य, देश और वैश्विक समुदाय की सबसे अधिक दबाव वाली समस्याओं से निपटता है।

नई रायपुर के स्मार्ट सिटी में स्थित, इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लिए एक विशेष स्थान बनाना शुरू कर दिया है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षितिज पर एक चमकते सितारे के रूप में उभर रहा है। यह तेजी से मध्य भारत में उच्च शिक्षा के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभर रहा है। 2013 में स्थापित, यह विश्वविद्यालय इतने कम समय में 8000 से अधिक छात्रों का विश्वास जीतने में सक्षम रहा है। देश भर के मेधावी छात्रों और 22+ विदेशी देशों के 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने अपनी शिक्षा और करियर के लिए इस विश्वविद्यालय को चुना है। विश्वविद्यालय कला और मानविकी, वाणिज्य और प्रबंधन, शिक्षा, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, पत्रकारिता और जनसंचार, कानून, फार्मेसी, विज्ञान और डिजाइन के विषयों में शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बल्कि रहने के लिए सर्वोत्तम सुविधाओं के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा होने पर गर्व करता है।

कलिंगा विश्वविद्यालय के फिल्म निर्माण विभाग ने हाल ही में निरा एडुकॉम के सहयोग से फिल्म निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संदीप गांधी ने स्वागत भाषण दिया।

## पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन, इस बार मिशन लाइफ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्टून प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सहयोग से आयोजित की जाती है. प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होती है. इस प्रतियोगिता में उम्र का कोई बंधन नहीं होता और कोई भी व्यक्ति अपनी प्रविष्टि ई मेल के माध्यम से भेज सकता है. कार्टून वॉच के सम्पादक त्रयम्बक शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भारत के मिशन लाइफपर यह प्रतियोगिता आयोजित है. शर्मा ने लाइफ मिशन को समझाते हुए बताया कि यहां लाइफ का मतलब 'लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट है.' मतलब यह कि हमें ऐसी जीवन शैली अपनानी होगी जो पर्यावरण को सहयोग करे. इसमें प्रमुख हैं जहां गाड़ी का इस्तेमाल आवश्यक ना हो वहाँ पैदल चलें, इससे प्रदूषण कम होगा और आप स्वस्थ भी रहेंगे. ट्रैफ़िक सिग्नल पर ज़्यादा देर खड़ा होना पड़े तो गाड़ी बंद कर दें. अनावश्यक बिजली, पानी और खाने पीने की चीजों को बर्बाद ना करें. इस तरह आप अपनी जीवन शैली बदलकर पर्यावरण के साथ साथ अपना भी हित कर सकते हैं.

उन्होंने आगे बताया कि स्पर्धा में अखिल भारतीय स्तर पर देश का कोई भी नागरिक हिस्सा ले सकता है, चाहे वह किसी भी प्रदेश का हो. इसमें नगद पुरस्कार रखे गये हैं. प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रूपये रखा गया है. इसके साथ ही 1000 रूपये के बीस विशेष पुरस्कार भी रखे गये हैं. प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि 3 जून 2023 रखी गई है. प्रविष्टियां tri-ambakvl@gmail.com. पर ईमेल द्वारा भेजी जा सकती है. पुरस्कारों की घोषणा विश्व पर्यावरण दिवस पर की जायेगी।

## चांटीपाली में सम्पन्न हुआ माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** माहवारी स्वच्छता दिवस 28 मई के अवसर पर जिले के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम चांटीपाली (लेन्धरा) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान थे। इस कार्यक्रम का उद्देश किशोरियों और महिलाओं के आत्म सम्मान एवं स्वास्थ्य के बारे में जनमानस में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता के संबंध में किशोरियों और महिलाओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओ एवं बालिकाओं का हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जांच कर सामान्य बीमारियों का इलाज किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023 की प्रतिभागियों को दी गई आत्मरक्षा एवं अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी








पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत बालिकाओं के शिक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु 'बालिका सशक्तिकरण अभियान- 2023' का आयोजन दिनांक 18 मई 2023 से 15 जून 2023 तक किया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान चार सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला है, जिसमे बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में योगा, ड्राईंग पेन्टिग, नृत्य एवं संगीत, खेलकूद, आत्मरक्षा के लिए ताइक्वाडो, मनोरंजनात्मक कार्यक्रम एवं अकादमिक अध्यापन गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर शिक्षा का अध्ययन कराया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 27.05.2023 को दीपमाला कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर एवं नारी शक्ति टीम द्वारा प्रतिभागी बालिकाओं को सजग एवं प्रेरित करने विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। उन्हें गुड टच एवं बैड टच की जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय बताए गए। नारी शक्ति टीम द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट एवं ताईक्वांडो के विभिन्न स्टेप्स का डेमो दिखाया गया। इस दौरान अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके उपयोग से संकट के समय कैसे पुलिस रेस्पाण्ड टीम द्वारा तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही निजात अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बता गया कि कैसे नशीले मादक पदार्थों के सेवन से सेहत और धन का नुकसान होता है। बच्चों को हमेशा नशे दूर रहने एवं परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए जागृत करने की सलाह दी गई। दीपमाला कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं से कार्यशाला में अभी तक सिखाए गए विभिन्न गतिविधियों एवं विषयों की जानकारी लेकर और अच्छे से इस आवासीय कार्यशाला का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

## गोकुल नगर के गौठान में पहुंचे सुशील सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के शहिद चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के गोकुल नगर में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल जी ने वार्ड का भ्रमण किए एवं वहां स्थित गौठान में जाकर गौ माता का आशीर्वाद लिए।

इस अवसर अग्रवाल का वार्ड वासियों द्वारा ढोल बाजे एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल ने कहा कि गौठान में गौमाता की सुविधा का सम्पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है, विपक्षी लोगों का यह आरोप की गोठान की हालत खराब है यह कथन सरासर निरर्थक है। आज गौठान में जाकर देखिए की वहां गोबर से तरह तरह के उपयोगी उत्पाद निर्मित किए जा रहे हैं जिससे गौठान में कार्य कर रहे कर्मचारियों का आय बढ़ा है। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री ने गौमाता की सेवा का संकल्प लिया है और पूरी निष्ठा के साथ गोधन न्याय योजना के साथ आज पूरे प्रदेश में गोबर खरीदी किया जा रहा है। इस अवसर पर देवेंद्र यादव, समीर अख्तर, सचिन शर्मा, आकाशदीप शर्मा, चंद्रहास निर्मलकर नरेंद्र पाल, हसन आबिदी सहित समस्त वार्ड वाशी मौजूद रहें।

## अब ग्रामीणों को तत्काल मिलेगी राहत : बृहस्पति सिंह

# जिले के तातापानी एवं रनहत मे नवीन पुलिस चौकी प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिले के तातापानी एवं रनहत में नवीन थाना चौकी का उद्घाटन रामानुजगंज विधायक एवं सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष वृहस्पति सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृहस्पति सिंह ने कहा कि तातापानी महोत्सव के दरमियां पधारे हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जनता सहित जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस विभाग के द्वारा भी यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रारंभ करने का आग्रह किया गया था। तत्पश्चात उनके द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी उसी के परिपालन मे उद्घाटन करने का हमे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि रामानुजगंज के बाद सीधा बलरामपुर थाना पड़ता है लेकिन अब तातापानी में चौकी खूल जाने से लोगों को राहत मिलेगी एवं रामानुजगंज से बलरामपुर की दूरी 30 किलोमीटर है ठीक उसकी आधी दूरी यानी 15 किलोमीटर पर एक पुलिस चौकी होना अति आवश्यक था। जिसकी पूर्ति हमारे माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के पहल पर पूर्ण हो सकी है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं इस क्षेत्र के विधायक बृहस्पति सिंह बधाई के पात्र हैं जो इस क्षेत्र की जनता को तत्वरित गति से लाभान्वित करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी प्रारंभ की गई है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि तातापानी पुलिस चौकी के माध्यम से 20 गांव के लोग लाभान्वित होंगे। 15 दिनों बाद खेती किसानी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा और अक्क्षर्स देखने को मिलता है कि जरा जरा सा जुताई बुनाई के नाम पर लोग आपस में झगड़ पढ़ते हैं। इसके लिए उनको अब लम्बी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। और तातापानी पुलिस चौकी से ही उनकी समस्याओं का समाधान यही गांव स्तर पर हो जाएगा। व्ही तातापानी के प्रथम चौकी प्रभारी के रूप में सहायक उपनिरीक्षक टिकेश्वर यादव एवं रनहत चौकी प्रभारी के रूप में सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र जयसवाल को पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं रामानुजगंज नगर पंचायत के वरिष्ठ पार्षद अशोक जयसवाल, मंडी अध्यक्ष जमुना सागर, विधायक प्रतिनिधि विनोद तिवारी, एल्डरमैन अभिषेक सिंह, डॉ. अमरेश सिंह, जसीम अंसारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक एवं प्रशांत कतलम नक्सल व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक झा वाड्रफनगर व अन्य अधिकारी कर्मचारीयो सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं भरी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल - एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल - एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री सूर्य प्रकाश साहू 2. श्रीमती राजकुमारी साहू 3. श्री समे लाल साहू 4. सूर्या मार्केटिंग (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10205575) | 23-02-2023 रू. 22,31,250.00/- (रूपए बाईस लाख इकतीस हजार दो सौ पचास मात्र) | सम्पति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति खसरा नंबर 566/3 का भाग, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 1000 वर्ग फीट, कार्पेट एरिया परिमाप 100 वर्ग फीट और बिल्टअप एरिया परिमाप 700 वर्ग फीट, पीएचएन 109/45, मौजा मोवा, आरएनएम रायपुर 1, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, भारत | 04-05-2023 | रू. 20,20,000/- (रूपए बीस लाख बीस हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 09-05-2023 तक कुल बकाया राशि | घरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 25,000/- (रूपए पच्चीस हजार मात्र) | | रू. 21,76,613/- (रूपए इक्कीस लाख छहत्तर हजार छह सौ तेरह मात्र) | रू. 2,02,000/-(रूपए दो लाख दो हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 27-06-2023 1100 बजे-1400 बजे | 29-06-2023 अप. 5 बजे तक | 03-07-2023 1100 बजे-1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.bankeauctions.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्तिके लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं।
शेष भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससी कोड :- एससीबीएल0036001 ज) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई-400001

नियम और शर्तें :-
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई-मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : 7291981124/25/26 पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई-मेल : auction.hl@iifl.com को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।
स्थान : रायपुर तिथि : 29-05-2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# एथेनॉल प्लांट निर्माण में किया जा रहा स्तरहीन रेत का उपयोग

## 140 करोड़ के लागत से बन रहे प्लांट के निर्माण में ठेकेदार कर रहा चोरी के रेत का प्रयोग

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिला अंतर्गत ग्राम कोकोडी में 46 हजार मक्का उत्पादित किसानों को लाभ पहुंचाने के लक्ष्य से जिले में बन रहे इस 140 करोड़ के लागत के मक्का प्रोसेसिंग वर्तमान में एथेनाल प्लांट की स्थापना को लेकर जिस तेजी से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के तीन माह के भीतर ही इस प्लांट की आधारशिला रखी गई थी। उस तेजी से फिलहॉल मौके पर काम चलता नजर नहीं आ रहा। हालांकि जिला प्रशासन व प्रबंधन समिति ने वर्ष 2021 में प्लांट बनकर तैयार होने के साथ ही प्रोडक्शन भी शुरू होने की बात कही थी है। फरवरी 2019 में सांसद राहुल गांधी व सीएम भूपेश बघेल की मौजूदगी में मॉ दंतेश्वरी मक्का प्रोसिंस प्लांट की आधारशिला रखी थी इसके बाद से 47 हजार अंश धारी किसान मक्का प्लांट के शुरू होने का इंतजार कर रहे है। अब देखना वाली बात है कि प्लांट कब तक बनकर तैयार होता है और अंशदाता किसानों को इस प्लांट से कितना फायदा मिलता है।



### प्लांट निर्माण कार्य में वेंडर कर रहा स्तरहीन बालू का उपयोग

एथेनाल प्लांट में प्रोडक्शन एरिया का वर्क वेडर मोज इंजीनियरिंग जिम्मे है लेकिन उक्त निर्माण कार्य मे ठेकेदार के द्वारा उपयोग किये जस रहे रेत की क्लिटी अत्यंत ही खराब है दरअसल रॉयल्टी के पैसे बचाने व परिवहन की दूरी बचाने ठेकेदार अजहर ट्रांसपोर्टर द्वारा एथेनाल प्लांट में आस पास के जंगलों से लगे छोटे नदी नालों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है वह भी बकायदा हाइवा एवं जेसीबी लगाकर, 27 मई शनिवार को बड़े कनेरा के नदी से जेसीबी व हाइवा सीजी 19 बी एन 1861 से रेती निकालते देख ग्रामीमो के बिरोध के बाद ठेकेदार मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि पैसे बचाने के लालच में रेती परिवहन का ठेकेदार कहीं से भी मिट्टी मिक्स रेत उठाकर प्लांट तक भेज रहा जिसमे प्लांट निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होगी। वहीं जसवेंद्र प्रसाद शुक्ला प्रोडक्ट इंचार्ज ने इस्तरहीन व अवैध तरीके से रेती के परिवहन पर कहा कि रेती की हमें ज्यादा मात्रा में आवश्यकता है इसलिए फिलहाल बड़ेकनेरा से मंगाया जा रहा है और उसके लिए प्रशासन से परमिशन लिया क्या क्योंकि यह प्रशासन का काम है हमारा निजी कार्य तो है नही।

# मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नायक के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर एमएमडब्ल्यू यूनियन ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नायक के एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल शाखा द्वारा सचिव ए के सिंह के नेतृव में सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ एवं शॉल, तिरंगा गमछा, गांधी टोपी से अभिनन्दन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए परियोजना एवं निगम को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाने एवं नवीन कीर्तिमान बनाने में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन सदैव ही कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग प्रदान करता रहेगा ये आश्वासन यूनियन द्वारा दिया गया तथा लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण में किस प्रकार से वृद्धि की जा सके, शॉप कौंसिल एवं अन्य फोरम में रखे गए श्रमिकों की समस्याओं का निदान, परियोजना के कर्मचारियों को अधिक से अधिक लाभ एवं सुविधाएं कैसे प्रदान किया जा सके, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि, वाचनालय, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन आदि के संदर्भ में यूनियन के सचिव ए के सिंह द्वारा बिंदुवार सुझाव दिए गए, जिस पर मुख्य महाप्रबंधक द्वारा समुचित एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, संगठन सचिव दुर्गा प्रसाद, कोषाध्यक्ष ओमकुमार साहू, जगदेव राम, सुरेश गुप्ता, सुनील ठाकुर, बिजी प्रदीप, शैलेश रथ, पवन कुमार, प्रशांत ठाकुर, त्रिलोक बांधे, देवनारायण, टीकम साहू, राजेन्द्र पटनायक, शादाब जिलान, सैयद जिया उल हसन, हेमंत चौरसिया, देवेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, अभिषेक स्वर्ण, बी एल तारम उपस्थित थे।

# नजर आया बैक्टिरियल ई-बॉल का कमाल

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जलकुंभी और हाइड्रीला से पटे 360 एकड़ में फैले दलपत सागर की सफाई के लिए पिछले सप्ताह प्रायोगिक तौर पर कुछ क्षेत्रों में डाले गए चुने के गोले से बने 14 प्रकार के बैक्टिरियों से युक्त बैक्टिरियल ई बॉल का कमाल नजर आया। इनमें मौजूद हाइड्रिला और जलकुंभियों की जड़ों को खाने वाले बैक्टिरियों ने अपना काम किया, जिसके कारण ई बॉल डाले गए क्षेत्र में हाइड्रिला और जलकुंभी एक सप्ताह के भीतर ही सूखकर पानी में तैरते नजर आए। यहां बड़ी संख्या में जुटे स्वच्छता प्रेमियों ने इसकी सफाई की।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर रविवार 28 मई को शहीद पार्क के निकट स्थित वीर सावरकर सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित महापौर सफीरा साहू ने कहा कि माहवारी एक निश्चित शारीरिक प्रक्रिया है, जो बालिकाओं के किशोरावस्था में पहुंचते ही प्रारंभ हो जाती है। इसके विषय में कई भ्रांतियां हैं, जिसे दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माहवारी शारीरिक बदलाव के कारण होता है तथा इसके संबंध में बालिकाओं और किशोरियों की झिझक को दूर करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्हें मानसिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विशेषकर शारीरिक परिश्रम करने वाली महिलाओं को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि माहवारी के संबंध में जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। नगर निगम सभापति कविता साहू ने कहा कि माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना हम सभी का दायित्व है। वर्तमान में शिक्षा का स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसका लाभ बालिकाओं और महिलाओं को भी प्राप्त हो रहा है। माहवारी जैसी स्थिति में भी महिलाओं को कार्य करने का समान अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े लोग उपस्थित हैं। इनसे अधिकतर ग्रामीणों का सीधा संवाद रहता है। यहां उपस्थित सभीजन माहवारी के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों और कुरीतियों को दूर करने का कार्य करें।

# अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क यूपा के लिया आरक्षित भूमि पर बेजा कब्जा कर निर्माण चालू

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। जनदर्शन में शिकायत पर कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को कब्जा हटाने का निर्देश दिया जाता रहा है। निर्देश के बावजूद अवैध कब्जा कम होने के बजाए और बढ़ गया है। वन भूमि, ग्रामीण भूमि, शहर अंदर की भूमि पर कब्जा तो आम है, अब सीएम के पायलेट प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित भूमि पर ही अवैध कब्जा कर निर्माण चालू कर दिया है।

बता दे 19 मई को कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी अर्बन इंड्रस्टिल पार्क जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में समिति के द्वारा कोण्डागांव जिला मुख्यालय में डीएनके कॉलोनी में बड़ेकनेरा रोड पर पार्क स्थापना एवं निर्माण के संबंध में निर्मित कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस कार्ययोजना के तहत यहां पर आवश्यक अद्योसंरचना विकास सहित वर्किंग शैडों का निर्माण किया जाना सुनिश्चित किया गया था। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है की यूपा भवन निर्माण हेतु आरक्षित भूमि पर प्रशासन की आंखों के नीचे ही बेजा कब्जा कर निर्माण कार्य चालू हो गया है।






### जबावदारी वाले पद पर बैठकर कर भूले अधिकारी

शहरी बेरोजगारों को रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के जरिये रोजगार के नये साधन उपलब्ध कराना अब मुश्किल नजर आ रहा है। क्योंकि जहां महात्मा गांधी अर्बन इंड्रस्टिल पार्क शेड निर्माण कार्य होना है अब वहां अवैध कब्जा कर लिया गया है। और जब इस संबंध में पिछले तीन दिनों से जानकारी लेने हेतु एसडीएम सी.के. ठाकुर को उनके व्यक्तिगत नंबर 9425255111 पर कॉल किया जा रहा है तो वह जिम्मेदारी वाली पोस्ट पर होकर भी कॉल रिसीव नहीं कर रहे है।

# छतीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम माथुर का आज नारायणपुर दौरा

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छतीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी व पूर्व राज्यसभा सांसद अपने चार दिवसीय प्रवास में बस्तर संभाग आ रहे है। उसी के तहत उनका प्रथम आगमन नारायणपुर जिले में 29 मई को होगा इस दौरान वे प्रेस वार्ता लेकर विधानसभा कोर कमेटी व जिला कार्यसमिति कि बैठक में शामिल होंगे और कार्यकर्त्ताओ को अपना मार्गदर्शन देंगे। निश्चित रूप से उनके आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ में उत्साह का माहौल बना हुआ। उनके स्वागत को लेकर पार्टी ने अपनी तैयारी भी प्रारम्भ कर दी है। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, भाजपा बस्तर संभाग प्रभारी व सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। उक्त बाते मीडिया को जारी बयान में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुदीप झा ने बताई है।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कुरीतियों के विरुद्ध दिया गया जागरूकता का संदेश

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर रविवार 28 मई को दलपत सागर में सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे और मासिक धर्म से संबंधित कुरीतियों को खत्म करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर विजय दयाराम के और महापौर सफीरा साहू की अगुवाई में इस अवसर पर दलपत सागर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कलेक्टर और महापौर सहित सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता प्रेमियों ने इस अवसर पर विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का प्रतीक चिन्ह अपने अपने हाथों में रंगवाया। महापौर सफीरा साहू ने इस अवसर पर कहा कि मासिक धर्म के संबंध में कई भ्रांतियां हैं, जिन्होंने कुरीतियों का रूप ले लिया है। यह समस्या सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी कहीं कहीं देखी जाती है। इन्हे दूर करने की आवश्यकता है। कलेक्टर विजय ने इस अवसर पर कहा कि मासिक धर्म एक नियमित शारीरिक प्रक्रिया है, किंतु इसे लेकर समाज में कई ऐसी कुरीतियां व्याप्त हो गई हैं, जिन्हे दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान आम तौर पर महिलाओं को किसी सामान को छूने या कहीं आनें जाने पर पाबंदी लगाई जाती है। वहीं मासिक धर्म को कन्या के विवाह के अवसर से भी जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि विवाह के लिए न्यूनतम आयु कानून में निर्धारित है तथा मासिक धर्म के आधार पर किसी कन्या का विवाह नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज युवतियों के सपने बड़े हैं तथा वे अपने आप को सिर्फ बेसिक शिक्षा तक सीमित नहीं रखना चाहतीं। वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर स्वयं की प्रतिभा को भी साबित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां दलपत सागर के स्वच्छता अभियान तथा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक दिख रही है, जो एक अच्छा संकेत है।

# जन चौपाल में 461 आवेदन प्राप्त, 108 आवेदन निराकृत

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com

पखांजूर तहसील के ग्राम छोटेकापसी में शनिवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें से 461 आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदनों में से 108 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया, शेष 353 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। जन चौपाल में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगे हुए थे, इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनूप नाग ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य विभाग के शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। जन चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को मौके पर ही निराकृत की जा रही है। आप अपनी समस्या संबंधी आवेदन जन चौपाल में प्रस्तुत करें, जिनका विधिवत निराकरण किया जायेगा।

## गोबर से बने दीया बेचकर महिलाओं ने कमाए 21 लाख रुपए

# गोधन न्याय योजना से मिली महिलाओं को नई राह

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना से महिलाओं को नई राह मिली है। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के अलावा अन्य आर्थिक गतिविधियां की जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। पखांजूर तहसील के हरनगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम डोण्डे के गौठान में सदगुरू महिला स्व-सहायता समूह एवं कृषक कल्याण समिति के सदस्यों ने वर्मी कम्पोस्ट, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन, कुक्कुट पालन एवं गोबर से बने दीया बेचकर महिलाओं ने 21 लाख 57 हजार रूपये कमाये हैं।

सदगुरू महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष नरेश्वरी कोटवार ने बताया कि उनके समूह के महिलाओं द्वारा गौठान में खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है, इसके अलावा मछली पालन, मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं गोबर से दीया, गमला एवं मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि गौठान में 13,200 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, खरीदे गये गोबर से 3614.92 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और 570 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट बनाकर सहकारी समितियों के माध्यम से विक्रय किया गया है, जिससे समूह को 15.07 लाख रूपये की शुद्ध आमदनी हुई है। स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से गो-काष्ठ, दीया एवं गमलों का निर्माण भी किया गया, जिसके विक्रय से 02 लाख 04 हजार 500 रूपये की आमदनी हुई है। सब्जी एवं मशरूम उत्पादन, मछली पालन तथा कुक्कुट पालन से लगभग 02 लाख 72 हजार रूपये प्राप्त हुए। इसके अलावा केचुआ विक्रय से भी 01 लाख 77 हजार रूपये की आमदनी हुई। इस लगभग 21 लाख 57 हजार रूपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त हुई है। महिला स्व- सहायता समूह के सभी 19 सदस्यों को प्रति सदस्य 01 लाख 13 हजार रूपये प्राप्त हुए हैं, जिसे अपने बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में खर्च किया गया है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना से महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, जिससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गौठान में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के अलावा अन्य आर्थिक गतिविधियों से उनकी राह आसान हुई है।

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1.श्री पुष्कर तिवारी, 2.श्रीमती पुष्पा देवी 3.श्रीमती विमला देवी (प्रॉस्पेक्ट नंबर 897669) | 21–02–2023 रू. 7,38,897/– (रूपए सात लाख अड़तीस हजार आठ सौ सत्तानवें मात्र) बोली वृद्धि राशि: रू. 20,000/– (रूपए बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर जे–57, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 900 वर्ग फीट, क्लासिक सिटी, पारसुलीडीह पीएचएन 23, आरएनएम धारसीवा–1, ब्लॉक–धारसीवा, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | 04–05–2023; 09–05–2023 तक कुल बकाया राशि रू. 7,76,569/– (रूपए सात लाख छहत्तर हजार पांच सौ उनहत्तर मात्र) | रू. 5,76,000/– (रूपए पांच लाख छहत्तर हजार मात्र); धरोहर राशि जमा (ईएमडी): रू. 57,600/– (रूपए सत्तावन हजार छह सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 27–06–2023 1100 बजे–1400 बजे | 29–06–2023 अप. 5 बजे तक | 03–07–2023 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.bankeauctions.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं।
शेष भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036001 ज) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई–400001

नियम और शर्तें :–
1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : 7291981124/25/26 पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : auction.hl@iifl.com को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8(6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।
स्थान : रायपुर तिथि : 27–05–2023 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# ग्राम सानटेमरी, चारभांठा तथा किशनपुर में आयोजित अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ पिथौरा
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सानटेमरी, चारभांठा तथा किशनपुर में गाँव एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन नामयज्ञ का आयोजन रखा गया है। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर गाँव एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की। गाँव में अष्टप्रहरी नामयज्ञ संकिर्तन आदि अनादि काल से पुर्वजो रीतिरिवाजों से चलता आ रहा है।हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम है। अष्टप्रहरी नामयज्ञ संकिर्तन में दर्जनों किर्तन मण्डलीय शामिल हो कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णों से युक्त महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल किंतु प्रबल साधन उनका नाम-जप ही बताया गया है। श्रीमद्भागवत पुराणों का कथन है। यद्यपि कलियुग दोषों का भंडार है तथापि इसमें एक बहुत बडा सद्गुण यह है कि सतयुग में भगवान के ध्यान (तप) द्वारा, त्रेतायुगमें यज्ञ-अनुष्ठान के द्वारा, द्वापरयुग में पूजा-अर्चना से जो फ्ल मिलता था, कलियुग में वह पुण्यफ्ल श्रीहरिके नाम-संकीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा,स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



27 मई को यातायात पुलिस बलौदाबाजार द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको ऊपर कार्यवाही किया गया । कार्यवाही की गई जिसमें तीन सवारी वाहन चलाना 16 प्रकरण 4800 समन शुल्क, नो पार्किंग जगह पर वाहन खड़ी करना 14 प्रकरण 4200 समन शुल्क , मौके पर कागजात पेस न करना 05 प्रकरण 1500 समन सूल्क, पुलिस अधिकारी के आदेश का अवहेलना करना02प्रकरण 1000 समन सूल्क, बिना नंबर वाहन चलाना 03 प्रकरण 900 समन सूल्क, मौके पर लाइसेंस पेश ना करना 11 प्रकरण 3300 समन सूल्क, सिग्नल जंप करना 01 प्रकरण 300 समन सूल्क, बिना सीट बेल्ट पहने वाहन चलाना 01 प्रकरण 500 समन सूल्क, बिना हेलमेट पहने वाहन चलाना 01 प्रकरण 500 समन सूल्क, कुल 54 प्रकरण 17000 शमन शुल्क वसूला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन मे 27.05.2023 को यातायात स्टाफ द्वारा विशेष अभियान चलाकर शहर अंदर एवं शहर से बाहर उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना। वही माल वाहन चालको से सवारी न ढोने हेतु समझाईस के साथ कर रही अपील। आगामी दिनाक को पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से माल वाहन यानो पर सवारी ढोने वाले चालको, एवं ओव्हर लोड, तेजगति खतरनांक ढग से वाहन चलाने वाले ,शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।

# बुथ क्रमांक 194 में विधायक शिवरतन शर्मा ने सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार, 28 मई को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 101वें एपिसोड को संबोधित किया। 3 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के नागरिक-पहुंच कार्यक्रम का एक प्रमुख स्तंभ बन गया है। महिलाओं, युवाओं और किसानों जैसे कई सामाजिक समूहों और सामुदायिक कार्रवाई को प्रेरित किया है। पीएम मोदी के रेडियो मासिक कार्यक्रम ने 30 अप्रैल को अपनी 100वीं कड़ी पूरी की और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सहित देश भर में और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इसका सीधा प्रसारण किया गया। इसी कड़ी को भाटापारा विधायक, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बुथ क्रमांक 194 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सुना. पीएम ने कहा संसद का नया भवन गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला. मन की बात के 101वें एपिसोड की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन सबके लिए अविस्मरणीय, संसद का नया भवन गर्व और उम्मीदों से भर देने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि आज 28 मई को महान स्वतंत्रता सेनानी, वीर सावरकर जी की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प-शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं। मैं, वो दिन भूल नहीं सकता, जब मैं अंडमान में, उस कोठरी में गया था जहां वीर सावरकर ने कालापानी की सजा काटी. नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर सावरकर को गुलामी की मानसिकता नहीं भाती थी। वीर सावरकर की गाथाएं त्याग के बारे में प्ररित करती हैं। वीर सावकर का योगदान आज भी यादगार। लोगों को वीर सावरकर से बहुत कुछ सीखने को मिल सकती है।



## पीएम मोदी ने कबीर के दोहे को किया याद

पीएम मोदी ने कहा कि हम सबने एक कहावत कई बार सुनी होगी, बार-बार सुनी होगी बिन पानी सब सून। बिना पानी जीवन पर संकट तो रहता ही है, व्यक्ति और देश का विकास भी ठप्प पड़ जाता है। भविष्य की इसी चुनौती को देखते हुए आज देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद विधायक शिवरतन शर्मा ने लोगो से कहा कि मन की बात न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद कार्यक्रम है, अपितु मोदी का मनोभाव है, जिसे देश के हर घर में अपनेपन के साथ सुना जाता है। उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, सुनील यदु, मोहन बांधे, महाबल बघेल, मनिंदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, राजा कामनानी, कुंजराम कोशले, नीरा साहू, अशोक साहू, मनीराम साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू, आनंद साहू, गोपाल साहू, बल्लू कुलेश्वर, लल्ला, लोकेंद्र साहू, डॉक्टर गुप्ता, श्रवण साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# इंटक के नेताओं को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



श्री रायपुर सीमेंट मजदूर संघ के इंटक के अध्यक्ष दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि एवं थनवारराम वर्मा संरक्षक/जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, सूर्यकांत बघमार सलाहकार, सुरेश बागरे राष्ट्रीय सचिव फेडरेशन, जी.यल. कर्ष उपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित अतिथियों का फूल माला से स्वागत कर श्रीफ्ल एवं साल भेंट किया गया। इस अवसर पर सभी इंटक अडानी अंबुजा सीमेंट के नए प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। नई कमेटी द्वारा इंटक की नीति देशहित, औद्योगिक हित, श्रमिक हित का पालन करते हुए मजदूरों की एकता के लिए लगातार कोशिश की जायेगी।इस अवसर पर उपाध्यक्ष चेतेन्द वर्मा, महासचिव राधेश्याम भतपहरे, सचिव गोकर्ण साहू मोहनलाल साहू, कोषाध्यक्ष टाकेश्वर साहू, प्रचार मंत्री दौलत राम, संगठन सचिव गोविंद राम साहू सहित कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर वर्मा, नरेंद्र बंजारे, अशोक साहू, ललित वर्मा, जयनंदन गिरी को भी कमेटी मे पद की शपथ दिलाई गई। विभागीय श्रमिक राधे लाल साहू, तेजराम साहू, तिहारू पटेल, धनाराम, हमीद खान, दयाराम, लेख राम वर्मा सहित अनेकों श्रमिकों ने इस सभा में भाग लिया। दिलीप वर्मा ने कहा कि श्रमिकों को अधिकार उनकी एकता एवं संघर्ष के कारण ही हासिल हुआ है। थनवार वर्मा ने कहा कि हमेशा हम मजदूरों के हित के लिए साथ-साथ हैं ।सूर्यकांत बघमार ने कहा कि संगठन को लगातार मजबूत करने का प्रयास जारी रखना होगा। उपाध्यक्ष जीयल कर्ष ने कहा कि मजदूरों के सामने बहुत चुनौतियां हैं। स्थायी कार्यों में ठेका श्रमिकों को रखा जा रहा है। आउटसोर्सिंग, कम दाम अधिक काम के अनुसार कार्य लिया जा रहा है। सुरेश बागरे ने सीमेंट वेज बोर्ड की 2 जून को सीमेंट निर्माता संघ के साथ मुंबई में मीटिंग के संबंध में जानकारी दी। इसमें 4 वर्ष के लिए सीमेंट उद्योग के श्रमिकों के लिए वेतन समझौता किया जाएगा। बागरे ने कहा कि सभी श्रमिकों को कठिन परिश्रम के साथ साथ अपने अधिकारो के लिए लगातार संघर्ष करना होगा। मजदूरों को जो भी सुविधा और अधिकार लाभ मिल रहे हैं, वह सब उनके संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। अध्यक्ष चिंतामणि डोंगरे रायपुर द्वारा 300 श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में मांग पत्र दिया गया है। जिसमें ठेकेदार टीकम चंद जैन, महाराजा ग्रुप एसोसिएट्स, एसएम एंटरप्राइजेज, एसकेपाटनी ठेकेदार सहित शर्मा एसोसिएट्स, ठेकेदार हॉस्टल कैंटीन, स्वराजकुमार तिवारी, गणेश एवं विजय कुमार शर्मा ठेकेदार, देवेश इंटरप्राइजेज के द्वारा कार्यरत श्रमिक शामिल है। यूनियन द्वारा मांग पत्र अदानी सीमेंट अहमदाबाद ,श्रम आयुक्त राज्य एवं केंद्र रायपुर, संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा रायपुर, श्रम पदाधिकारी एवं सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलोदाबाजार, अंबुजा सीमेंट प्रबंधन को भेजा गया हैद्य यूनियन का प्रयास हमेशा बातचीत से श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण करने का रहा है।

# योग गुरु का मनाया गया जन्मोत्सव



पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

पूज्य झूलेलाल मंदिर में योग गुरु टीपी वर्मा का 62 वां जन्म दिवस मनाया गया। गुरुजी पिछले 10 वर्षो से योग की निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर के नागरिकों को के द्वारा योग गुरु का तिलक एवं साल पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। फ्रि केक काटकर सभी लोगों के द्वारा स्वल्पाहार वितरण किया गया। योग गुरु वर्मा वैसे तो गवर्नमेंट स्कूल टोहडा के प्राचार्य भी है क्योंकि के दिन उनका रिटायरमेंट हो रहा है इसलिए नगरवासी एवं ग्राम वासियों ने भावपूर्ण विदाई दी है गुरुजी अपने कार्यकाल में अपने स्कूल में राज्य स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराते रहे हैं। सामाजिक उत्थान के लिए हर गतिविधियों का मार्गदर्शन भी करते रहे। उनके जन्मदिवस पर सत्यपाल हीरा नंद किशोर गोवर्धन ललित भुनेश्वर जीवनलाल हरीश राजकुमार देवांगन जांगड़े नकुल राम सिन्हा लालचंद ने उन्हें बधाई दी है।

# छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन, पत्रकार कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन का मासिक समीक्षा बैठक रायपुर जिला, तिल्दा नेवरा नगर के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में संपन्न हुआ। उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। वहीं आगामी माह में पत्रकार कार्य शाला का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जहां पर अनुभवी प्रशिक्षुओं के द्वारा पत्रकारों को प्रशिक्षित किया जावेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ी मिडिया एशोसियेशन के पत्रकारों के द्वारा जन हित के मुद्दो को प्रमुखता से प्रकाशित किये जाने पर पत्रकार गणों का सराहना की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष रायपुर शैलेश सिंह राजपूत ने कहा कि पत्रकार के कलम को कुचलने का जो साजिश रची जा रही है उसके विरोध में छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार बघेल के अलावा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के पत्रकार गण साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार जगत लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के पत्रकार स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए कटिबद्ध है। जिसे बखूबी निर्वहन कर रहा है ।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, विधानसभा मिडिया प्रभारी अजय नेताम, विधानसभा महासचिव धीरेन्द्र जायसवाल, ब्लाक अध्यक्ष प्रेम कोशले, ब्लाक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लाक महासचिव सौरभ सिंह यादव, राजेन्द्र साहू, दिलीप वर्मा, सिमगा ब्लाक प्रभारी थानेश्वर साहू, लोकेश पटेल, शिवा निर्मल कर, राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब बेचने वाले 2 अलग-अलग कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



मामले के संक्षिप्त विवरण विवरण इस प्रकार है कि। (1) दिनांक 27/05/2023 को एक व्यक्ति मोटरसायकल टीवीएस एक्सल 100 बिना न प्लेट को मुखबिर सूचना पर से तिल्दा ओवर ब्रिज के नीचे हमरा स्टाफ के घेराबंदी कर पकड़ कर नाम पूछने पर उसने अपना नाम मुकेश कुमार चतुर्वेदी पिता मोहित चतुर्वेदी उम्र 29 साल साकिन कटिया थाना बेमेतरा बताया जिसके कब्जे से एक नीले रंग के थैला में 33 पाव देसी मदिरा मसाला प्रत्येक में 180द्दद्य भरी हुई सीलबंद कुल जुमला 5.940 लीटर कीमती ?3630 होना पाया गया। दिनांक 28/5/23 को मुखबीर सूचना पर से हमराह स्टाफके नयापारा दुलदुला रोड तालाब के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे नाम पूछने पर अपना नाम विनोद वासुदेव पिता भगतराम उम्र 35 वर्ष साकिन बसेरा थाना सिमगा के कब्जे से एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्रो क्रमांक सीजी 04 के 8068 में एक पीले रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 34 पाव देसी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180 पौवा भरी हुई सीलबंद कुल जुमला 6.120 लीटर कीमती 3740 मिला जिसे समक्ष गवाहन के मुताबिक जब्ती पत्रक जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना सबूत पाए जाने पर दोनोआरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में कुल 67 पाव देसी मदिरा मसाला शराब कीमती 7370 और मोटरसाइकिल स्प्लेंडर पुरानी कीमती 25000 तथा मोटरसाइकिल टीवीएस एक्सएल पुरानी 10000 कुल 35000 सभी जुमला कीमती 42370 जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान115 चंद्रभान पांडे और प्रधान आरक्षक 88 संतोष वर्मा आरक्षक रविंद्र कौशिक बब्बू साहू का विशेष योगदान रहा है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वर्गों का हो रहा है विकास : रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



2018 विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने एक ऐसे छत्तीसगढ़ का निर्माण का वादा किया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के हर वर्ग के साथ न्याय होगा। न्यूनतम आय योजना की संकल्पना को देश के सामने रखी। छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में इस योजना में न्यूनतम आय के साथ-साथ न्यूनतम आवश्यकताओं को भी शामिल कर लिया। आज स्थिति यह है कि छत्तीसगढ़ नवाचार के क्षेत्र में देश में उदाहरण बन चुका है। बस्तर में बदलाव की बयार है। यह बातें महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति में कही। आगे कहा कि आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के माध्यम से हमने देश में छत्तीसगढ़ के बारे में लोगों की धारणा बदल दी। नक्सलवाद को खत्म करने विकास, विश्वास और सुरक्षा की रणनीति पर काम किया। छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति कांग्रेस सरकार ने ऐसी बनाई कि एनपीए की आशंका नहीं रही, बल्कि निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्य बना। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि सुकमा में महुआ लड्डू तैयार हो रहा है, जिसकी मांग ब्रिटेन तक है। कोंडागांव के तिखुर शेक की मांग दुबई से आ रही है। सुकमा में ईमली कैंडी तैयार हो रही है। नारायणपुर में फूलझाड़ू तैयार करके महानगरों में भेजा जा रहा है। दंतेवाड़ा में डेनेक्स गारमेंट फैक्टरी लग चुकी है। जिस बस्तर को पहले नक्सलवाद के नाम पर जाना जाता था, आज वहां के उत्पाद वहां की पहचान बन रही हैं। छत्तीसगढ़ में रिवर्स माइग्रेशन हो रहा है। गांवों में सुविधाएं बुनियादी विकसित की गई है। स्वास्थ्य व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई बड़े कदम उठाएं गए हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कहा कि पहले लोग गांव से शहर जाते थे। अब शहर से गांव आ रहे हैं।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक दीपक झा ने हथबंद थाना में किया वृक्षारोपण



**भाटापारा।** नवीन पुलिस थाना हथबंद परिसर में दीपक कुमार झा पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फास्टेल पाम के 10 पौधे का पौधा रोपण किया। नए थाना परिसर में सौंदर्यीकरण हेतु प्लानिंग के तहत किए गए वृक्षारोपण में आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा, प्रमोद कुमार सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी पुलिस थाना हथबंद, बाबूलाल शुक्ला, छत्रपाल सिंह बघेल उपसरपंच सकरी, आनंदपाल, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश साहू प्रधान आरक्षक अश्वनी वर्मा, युगल किशोर साहू भालचंद्र ध्रुव, तेजराम ध्रुव, सत्यप्रकाश पैकरा, टेकराम सिरमोर आरक्षक हरीश कुमार जगत, नंदकुमार वर्मा भरत बंजारे चंद्रकांत कुर्रे, कमलेश बर्मन गोविंद साहू, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे। वृक्षारोपण के समय खूब बारिश भी हुई और पुलिस अधीक्षक ने पानी में भीगते हुए बारिश में पौधे वृक्षारोपण किए। विदित हो की पर्यावरण प्रेमी थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह जिले के भाटापारा शहर, कसडोल, पलारी, जिला यातायात थाना में रहे वहा की आबू हवा को थंडकता देने पौधो को पेड़ में तब्दील करने का काफी सराहनीय कार्य किया है। उनके इसी कार्य के लिए उनको प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

# निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने भाजपा के चलो गौठान अभियान पर किया कड़ा प्रहार



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने भाजपा के चलो गौठान अभियान पर कडा प्रहार करते हुये कहा है कि भूपेश बघेल सरकार गौठान व गौधन योजना शुरु कर किसानों व गौपालकौ का सम्मान कर रहा साथ ही रिपा योजना के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को अनेक प्रकार मिनी उद्योग के साधन मुहैया कराकर रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर विभिन्न महिला समूहों के माध्यम से स्वलंम्बी बनाने का प्रयास किया जा रहा है, क्षेत्र के हजारों लोगों के गोबर विक्रय कर रहा है और उनके खाते मे गोबर की कीमत कि राशि जमा हो रहा है सतीश अग्रवाल ने कहा की प्रदेश सरकार अनेक प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसके कारण गरीब किसान मजदूरों का अर्थिक स्थिति मजबूत हुआ है जिसमे मुख्य रुप से किसानों के कर्ज माफी, 2500 रुपये समर्थन मूल्य से धान खरीदी, आदि कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर भूपेश बघेल सरकार ने जनता का भरोसा जीता है ।

## आदर्श ग्राम गुडेलिया मे भी जाकर जाना जमीनी हकीकत

भाजपा के विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ व्यर्थ का नकरात्मक माहौल को बनाते देख निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने सुबह सुबह आदर्श ग्राम गुडेलिया का भी दौरा किया जहाँ पर शासन के रिपा योजना के अंतर्गत तुलसी समूह के 40 से अधिक महिलाएं पेवर ब्लॉक का काम करते हुये देखे गये सरपंच लोकेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम गुडेलिया मे कुल बीस समूह है व हर समूह से 2 लोग इस कार्य मे जुडे है , वही ग्राम गुडेलिया के नारी संगठन की अध्यक्ष पुष्पा यादव ने बताया की शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम के महिला समूहों को मिल रहा है जिसके कारण गाँव मे ही रोजगार उपलब्ध हो रहा है और हम आत्मनिर्भर होने कि दिशा मे तेजी से आगे बढ रहे है साथ ही ग्राम गुढेलिया शासन रिपा योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार की औद्योगिक मशीने भी उपलब्ध है जिसके कारण लोगों के लिये अनेक प्रकार रोजगार के साधन भी उपलब्ध भी हुये है और यह ग्राम अन्य गाँव को विकसित गाँव बनने हेतु प्रेरित कर रहा है।

## विधानसभा चुनाव को देख मुद्दाविहीन होने के कारण भाजपा नकरात्मक माहौल बना रहा है

निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने कहा की सामने विधानसभा चुनाव को देखते हुये भाजपा को कोई मुद्दा नही मिल रहा है इस कारण गौठान चलो अभियान के माध्यम से जनता के बीच व्यर्थ के नकरात्मक माहौल बना रहा है इसी तारतम्य मे विधायक शिवरतन शर्मा ने मॉडल गौठान के अंतर्गत चिन्हांकितक ग्राम गौढी पहुंच है जहाँ पर राजनीतिक पैतरे बाजी के तहत उनके द्वारा लोगों के बीच नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया गया जिसकी जमीनी हकीकत जाने ग्राम गोढी पहुचने पर गाँव के महिला समूह के अध्यक्ष रमनी बाई निषाद ने भूपेश बघेल सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं सहित गौठान व ग्रामीण औद्योगिक स्वलंम्बन के क्षेत्र मे रिपा जैसे योजना खासकर महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने हेतु महत्वपूर्ण योजना बताया वही ग्राम गोढी के जय कृष्णा समूह, माही स्व सहायता समूह जय माँ संतोषी समूह जैसे दर्जनों समूह संचल हैं उक्त गौठान 16 एकड मे फैला हुआ है जो हरियाली व पेड पौधों से आच्छादित है व पानी की भी सुविधा है

## मॉडल गौठान गोढी पहुचने पर महिला समूह अनेक लोग रहे मौजूद

निगम सदस्य सतीश अग्रवाल द्वारा मॉडल गौठान गोढी के जमीनी हकीकत का जायजा लेने पहुचे थे जहां विभिन्न महिला समूह के सदस्यों के साथ साथ पंच, सरपंच, सुरेन्द्र वैष्णव, सचिव, धनेश ध्रुव गौठान अध्यक्ष चोला राम सेन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिकिशन महिलांगे सहित भारी संख्या मे ग्रामीण जन मौजूद थे वही सरपंच सुरेन्द्र वैष्णव ने कहा की भूपेश बघेल सरकार द्वारा मॉडल गौठान का निर्माण जिस उद्देश्य से किया गया है, उसके अंतर्गत ही कार्य हो रहा है विपक्ष के द्वारा शासन के योजनाओं को लेकर व्यर्थ का माहौल बनाया जा रहा है वहीं सतीश अग्रवाल ने कहा कि महिला समूहो के माध्यम से अभी तक 4 लाख 88 हजार की आमदनी हुई है जो भाजपा के विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा सोची समझी रणनीतियों के तहत नमकारात्मक माहौल बनाकर आम गरीब किसान मजदूरों को नर्भस करने का प्रयास कर रहा है जो कि एक विधायक चित के जनप्रतिनिधित्व को शोभा नही देता।

# 10 क्विंटल मशरूम का उत्पादन कर पुरई गौठान की स्व सहायता समूह की दीदियों ने कमाए 3 लाख

**समूह की अध्यक्ष ने प्राप्त राशि से 10 वीं कक्षा में पढ़ रहे अपने बेटे के पढ़ाई के लिए खरीदा मोबाईल फोन**





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुरई गौठान में जन जागृति आत्मा समूह की दीदियों के द्वारा वृहद स्तर पर मशरूम का उत्पादन विगत 2 वर्षों से किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अब तक उन्होंने 2 वर्षों में 10 क्विंटल मशरूम का उत्पादन गौठान में किया है। जिसके विक्रय से उन्हें 3 लाख की राशि प्राप्त हुई है। समूह के सदस्य संतोषी साहू द्वारा बताया गया कि उत्पादित मशरूम का विक्रय दीदियों के द्वारा ही विभिन्न मार्केट स्थल पर किया जाता है। इसके साथ ही समूह द्वारा ऐसे बड़े होटलों से भी संपर्क किया जा रहा है जहां मशरूम की डिमांड है। समूह की अन्य सदस्य मधु राजपुत ने बताया कि क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी अमित वर्मा के मार्गदर्शन में समूह की दीदियों ने मशरूम उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रशिक्षण पश्चात् समूह के सभी 10 सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं जिसके अंतर्गत वह मशरूम के अन्य उत्पाद जैसे अचार, बड़ी और मशरूम पाऊडर भी निर्मित कर रहे हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला साहू ने बताया कि उनका लड़का इस वर्ष कक्षा 10 वी में है। जिसके लिए उन्होंने मशरूम उत्पादन से प्राप्त आमदनी से एक मोबाईल खरीदा है, ताकि उनका बेटा मोबाईल के एजुकेशनल विडियो के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल कर सके। उन्होंने गौठानों में संचालित की जाने वाली विभिन्न आजिविका गतिविधि के लिए राज्य शासन को आभार भी व्यक्त किया और कहा कि जिस तरह जन जागृति आत्मा समूह की दीदियां इससे आर्थिक दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर बन रही हैं ठीक उसी तरह जिले के अन्य स्व सहायता समूह की दीदियां भी गौठानों के माध्यम से अपने पैरों पर सशक्त रूप से खड़ी हैं।

# निगम ने कचरा फैलाने पर 6 दुकानदारो के काटे 5500 सौ रुपये चालान

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम सख्त





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए निगम ने शहर के अंदर और बाहर साफ सफाई को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में अमले ने क्षेत्रो का सघन निरीक्षण किया,नजर पड़ते ही अमले ने देखा ओर दुकानदार को दुकान के बाहर गंदगी फैलाने वालों को चेताया है। किसी के प्रतिष्ठान के सामने गंदगी मिलने पर दुकानदार ही जिम्मेदार माना जाएगा।आयुक्त ने अमले को दुकानदार दुकान के बाहर अगर गन्दगी फैलाता है उन पर जुर्माना लगाने के लिए निर्देश दिए,आज इस कड़ी में स्वस्थ्य विभाग अमले के सफाई दरोगा सुरेश भारती ने बोरसी एवं विद्युत नगर चौक के आस पास के दुकान माँ बम्लेश्वरी फल से गंदगी फैलाने पर 1000 रुपये,शैलेन्द्र केशरवानी से 1000 रुपये,बबला तोडकर से 1000 रुपये,अमरजीत कुमार से 1000 रुपये,अनिल मराठे से 1000 रुपये के अलावा राजेश पांडेय से 500 रुपये इन दुकानदारों के द्वारा कचरा गंदगी फैलाए जाने पर कुल 5500 रुपए का जुर्माना राशि लिया गया। साथ ही कार्रवाई के दौरान दुकानदारो को सख्त चेतावनी दी गई कि आदत न सुधारने वालों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आप लोग नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करें व न मानने वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही भी करें और कार्रवाही निरन्तर जारी के लिए भी निर्देशित किया। शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में अपना सहयोग करने की अपील निगम ने की।

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम सिकोसा के जिला सहकारी बैंक सिकोसा, ग्राम सलौनी में वेल्डिंग दुकान और ग्राम बिरेतरा में एचपी गैस एजेंसी में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी पुर्व में भी अर्जुन्दा एवं गुण्डरेदही थाने के चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सिकोसा में जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर लवकुश नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 मई 2023 को रात्रि में अज्ञात आरोपी के द्वारा बैंक का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर सीसीटीव्ही कैमरा के एनव्हीआर को चोरी कर ले गया है। वही ग्राम सलौनी निवासी बिरेन्द्र देशमुख ने रिपोर्ट दर्ज कराई की अज्ञात आरोपी के द्वारा 13 मई 2023 के



रात्रि में प्रार्थी के वेल्डिंग वर्क शॉप में ताला तोडकर 15 हजार रुपये नगद एवं वेल्डींग रॉड, केबल वॉयर, कटर मशीन को चोरी कर ले गया। इसी प्रकार ग्राम बिरेतरा के एचपी गैंस एजेंसी गोदाम में 13 मई 2023 के रात्रि में ही अज्ञात आरोपी के द्वारा चोरी करने के नियत प्रवेश कर सीसीटीव्ही कैमरा के केबल वायर को काट कर चोरी करने का प्रयास किया। एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशानुसार प्रकरणो में चोरी गये सामानों व अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु सायबर सेल एवं गुण्डरदेही थाना का संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण के विवेचना दौरान डॉग स्कॉड, मुखबिरो की सूचना पर ग्राम सिकोसा निवासी संदिग्ध प्रीतम मारकण्डे पिता दीपक मारकण्डे (27साल) जो घटना के बाद से फरार था। जिसे गठित टीम द्वारा अथक प्रयास एवं मेहनत से थाना लाकर पुछताछ किया गया, तो प्रीतम मारकंडे द्वारा चोरी की घटना को कबूल किया गया। वही आरोपी से केबल वॉयर, कटर मशीन, चोरी मे इस्तेमाल किये औजार, सीसीटीव्ही का एनव्हीआर एवं घटना में इस्तेमाल की गई पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एन 5843 और टीव्हीएस एक्सल क्रमांक सीजी 24 के 3962 को जब्त किया गया। वही आरोपी प्रीतम मारकण्डे को उक्त प्रकरणो मे रविवार को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# महापौर निर्मल कोसरे मितान बनकर पहुंचे, शीतला पारा स्थित आवास में जाकर प्रदान किया राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता < भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा महापौर ने क्षेत्र के निवासी दंपती को घर पहुंच कर उनका राशन कार्ड प्रदान किया। शीतला पारा वार्ड के निवासी मनोज पटेल और उनकी धर्मपत्नि ममता पटेल ने अपने घर आये महापौर निर्मल कोसरे और उनकी टीम का इसके लिए धन्यवाद देते हुये प्रसन्नता व्यक्त की। महापौर निर्मलकासरे ने बाताया कि छत्तीसगढ शाासन द्वारा जनहित में प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री मितान योजना में घर बैठे लोगो को विभिन्न प्रमाण पत्र प्राप्त हो रहे है, जिसके लिए पूर्व में जनता को सरकारी दफ्तरों के बार बार चक्कर लगाना पड़ता था। ऐसे में आज स्वयं मितान बनकर मनोज पटेल के घर राशन




कार्ड जाकर प्रदान करना हमारे लिए भी सुखद अनुभव रहा।

स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने बताया कि निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मितान योजना का क्रियान्वयन निगम भिलाई-चरौदा द्वारा किया जा रहा है। यहा बता दे कि मितान योजना में विवाह पंजीयन प्रमाण, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, जन्म प्रमाण पत्र , जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, अधिवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र , नया राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, दस्तावेज के नकल के लिए अनुरोधी गैर डिज्टिल (भू?मि रिकार्ड आदि की प्रतिलिपि), दुकान और स्थापना पंजीयन, आधार-5 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन, आधार मोबाईल नंबर अपडेट, राशन कार्ड में सुधार/स्थानांतरण योजनाओं को शामिल किया गया है। केवल 14545 पर काल कर अपने सभी आवश्यक प्रमाण पत्र घर बैठे बनवाये जा सकते है। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त द्वारा क्षेत्र के लोगो से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की गयी है।

# डबरापारा में आधार आयुष्मान पंजीयन के लिए लगाया गया शिविर



पायनियर संवाददाता < भिलाई-3
www.dailypioneer.com

महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देश पर भिला-चरौदा नगर निगम के डबरापारावार्ड में आधार अपग्रेडेशन एवं आयुष्मान पंजीयन कराये जाने दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर ने जानकारी देते हुये कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत सभी नागरिकों को चिकित्सा सुविधा कवच के दायरे में लाने के उद्देश्य से पंजीयन व्यवस्था निगम द्वारा की जा रही है। इस कार्य में आधार की भी आवश्यकता होती है, इसलिए आधार पंजीयन एवं अपग्रेडेशन के लिए शिविरों का आयोजन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचकर, शिविर का लाभ लिया। आयुष्मान कार्ड के लिए निगम आपरेटर चुम्मन साहू, डागेश्वर साहू तथा आधार पंजीयन अपग्रेडेशन हेतु सत्यजीत मंडल एवं पवन सोनी ने कार्य संपादित किया।

# भिलाई-चरौदा के गनियारी गौठान में कराया गया पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता < भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक-40 गनियारी गौठान के सभी पशुओं का प्री-मानसून स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के दौरान वेटनरी डॉक्टरों की टीम एवं निगम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पशुओं का प्री मानसून वैक्सीनेशन, डिवर्मिंग, डीटिकिंग मेडिसिन दिया गया। स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने बताया कि आज के कैंप में गनियारी गौठान के सभी पशुओं का परीक्षण डॉक्टर धनंजय साहू एवं सहयोगी पुरुषोत्तम जांगढे द्वारा किया गया।

निगम स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वच्छता निरीक्षक रामगोपाल चंद्राकर अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# एक मुट्ठी दान, भगवान शंकर के नाम' जनसहयोग से प्राप्त चांवल से बनेगा महाप्रसाद : जितेंद्र वर्मा

- 21 अगस्त 2023 दिन सोमवार को पाटन से निकलेगी भव्य बोल बम कांवर यात्रा, 201 गांव के जल से होगा भगवान शंकर का जलाभिषेक

पायनियर संवाददाता < पाटन
www.dailypioneer.com



बोल बम कांवर यात्रा समिति का बैठक आज आर्यवर्त स्कूल पाटन में कांवर यात्रा के संयोजक जीतेंद्र वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में कांवर यात्रा की तिथि और आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यक्रम तय की गई। इस वर्ष कांवर यात्रा का आयोजन 21 अगस्त 2023 दिन सोमवार को किया जाएगा। इस बार कांवर यात्रा में लगभग 50,000 से अधिक कांवर यात्री और श्रद्धालुओं ठाकुरइनटोला पहुंचेंगे। कांवर यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि इस वर्ष सर्वसम्मति से विभिन्न योजना बनाया गया है। बोल बम कांवर यात्रा के सदस्य इस वर्ष घर-घर जाएंगे और ÷एक मुट्ठी दान, शंकर के नाम÷ से कांवर यात्रा में आमंत्रित कर एक मुट्ठी चावल सभी घरों से लेंगे। कांवर यात्रा में इस वर्ष महाभण्डारा में महाप्रसाद जन सहयोग से प्राप्त चावल से बनेगा। कांवर यात्रा में 201 गांव के जल से भगवान शंकर का सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयः की कामना से जलाभिषेक होगा। कांवर यात्रा में बाबा भोले की अवघड़ झांकी मुख्य आकर्षक का केंद्र रहेगा। बोल बम कांवर यात्रा की तैयारी को लेकर आगामी बैठक 11 जून 2023 को जामगांव (आर) टेमरी रेस्ट हाउस में 11:00 बजे एवं अमलेश्वर में शाम 4:00 बजे रखा गया है। बोल बम कांवर यात्रा के बैठक में प्रमुख रूप से श्री विनोद साहू,माधव वर्मा,डेरहा राम वर्मा, दिलीप साहू,दामोदर चक्रधारी, केशव बन्छोर, जय प्रकाश साहू, नीलमणि साहू, भूपेंद्र धुरंधर, गोकुल वर्मा, द्रोण चंद्राकार, पुणेन्द्र सिन्हा,नेतराम निषाद, रॉकी शर्मा, समीर बंछोर, गजेन्द्र साहू, प्रवीण मढ़रिया, पदमन साहू,संजू वर्मा, कुणाल शर्मा, रानी बन्छोर, चन्द्रिका साहू,संदीप चन्द्राकर, वासु वर्मा योगेश सोनी,राजेन्द्र कुमार,महेश लहरी, खेमराज अहीर,भूपेन्द्र सोनकर, महेश सोनकर, खोरबाहरा ध्रुव, पुशऊ सोनकर,केवल देवांगन सहित बोल बम कांवर यात्रा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# मनरेगा में महिला श्रमिकों को रोजगार देने में दुर्ग जिला प्रदेश में अव्वल

- - 51 हजार 362 प्रतिदिन श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया, मनरेगा के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक 72 प्रतिशत रही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जिले में श्रमिकों को रोजगार देने की दिशा में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ अवनीश कुमार के निर्देशन में श्रमिकों के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत आज श्रमिकों को रोजगार देने में दुर्ग जिला प्रदेश में पहले नंबर पर है। जिला पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत् स्वीकृत 927 निर्माण कार्य चल रहा है। 51 हजार 362 श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अमृत सरोवर, नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, नरवा बंधान, स्व.सहायता समूह के वर्क शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों में मनरेगा के तहत श्रमिक कार्य कर रहे हैं। जिले में श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि धमधा विकासखंड के 319 कार्यों में 16 हजार 511 श्रमिक, दुर्ग विकासखंड के 248 कार्यों में 14 हजार 79 श्रमिक, पाटन विकासखंड के 360 कार्यों में 20 हजार 772 श्रमिक कुल जिले में 51,362 श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। ग्राम पंचायत में मांग के आधार पर कार्य स्वीकृत हैं। श्रमिकों को नवीन मजदूरी दर 221 रूपए की राशि के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। मनरेगा के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक 72 प्रतिशत रही है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक श्रमिक जिले में कार्यरत हैं।

**278 हेक्टेयर में साग-सब्जी उत्पादित कर महिलाओं ने 94 लाख से अधिक की आय अर्जित की**

# सामुदायिक बाड़ी से बढ़ रहा है सब्जी का उत्पादन

- सामुदायिक बाड़ी का विकास ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के स्वास्थ्य एवं रोजगार की दिशा मिल का पत्थर साबित हो रही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

पाटन के ग्राम अरसनारा में सामुदायिक बाड़ी में उद्यानिकी फसल (सब्जी-भाजी) का उत्पादन भगवती स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की दीदी पूर्णिमा पंडरिया ने बताया कि विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ अनुदान स्वरूप शेडनेट हाउस, ड्रीप, सब्जी मिनीकीट, पत्तागोभी, बैंगन, पावर विडर प्रदाय किया गया है। उन्होंने बताया कि सब्जी-भाजी के उत्पादन से 94 लाख से अधिक की आय प्राप्त हो चुकी है। साथ ही पाटन के फेकारी, केसरा, बोरेंदा, बठेना, कौही एवं दुर्ग के चंदखुरी, गनियारी, पुरई, घुघसीडीह धमधा के पथरिया डोमा, चेटवा, संडी, कोड़िया व अन्य छोटी बड़ी बाड़ियों से



महिलाएं आय प्राप्त कर रही हैं। व्यक्तिगत एवं सामुदायिक बाड़ी का विकास ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के स्वास्थ्य एवं रोजगार की दिशा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी÷ के माध्यम से उद्यानिकी विभाग द्वारा अनूठी पहल की जा रही है, जिसमें सीमित क्षेत्र से अतिरिक्त आय अर्जित करने के साथ-साथ जिले में कुपोषण स्तर कम करने हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक बाड़ी का विकास वृहद स्तर पर किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में निवासरत नागरिकों को अपने गांव एवं घर पर ही ताजी एवं विष रहित पौष्टिक फल एवं सब्जियों उपलब्ध कराना है। इसके अतिरिक्त भोजन की थाली में पोषक खाद्य पदार्थ की संख्या में वृद्धि कर ग्रामीण परिवारों को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से भी सशक्त किया जाना है।

आंकड़ों के अनुसार दुर्ग जिले में वर्ष 2020-21 से सामुदायिक बाड़ियों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा साग-सब्जी की खेती की जा रही है। जिले में वर्ष 2020-21 में कुल 34 सामुदायिक बाड़ियां थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर छोटी, बड़ी 139 सामुदायिक बाड़ियां हो गई है। धमधा, पाटन एवं दुर्ग विकासखण्ड में 16 फ्ल उद्यानों का निर्माण किया जा रहा है, जहां अमरूद, केला, पपीता आदि उगाया गया है, जिसमें 137 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 278 हेक्टेयर में 4235.34 क्विंटल साग-सब्जी उत्पादित कर 94.40 लाख का आय अर्जित कर रहे हैं।

## गौठान में मुर्गीपालन से पूर्णिमा धनकर ने कमाये लाखों रूपए

**दुर्ग।** शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यवसाय के कई अवसर है। ग्रामीण महिलाएं शासन की योजनाओं का लाभ लेकर गौठान से जुड़कर महिलाएं सशक्त हो रही हैं। ऐसी ही एक कहानी है ग्राम पंचायत थनौद की। ग्राम पंचायत थनौद की पूर्णिमा धनकर ने गौठान में मुर्गीपालन व्यवसाय कार्य करने की सोची। मुर्गीपालन व्यवसाय कम खर्चे में अच्छा खासा मुनाफा कमाने वाला व्यवसाय है। यह एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें काफी अधिक राशि की जरूरत नही पड़ती है। कम राशि की मदद से भी मुर्गीपालन का व्यवसाय किया जा सकता है।धनकर के साथ गौठान में दस और महिलाएं हैं जो व्यवसाय में उनका हाथ बटा रही हैं। धनकर ने कहा कि समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो यह काम और आसान हो गया। उन्होंने बताया कि मुर्गीपालन से उन्हें लाखों का फायदा हुआ है।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार 'आईआईएफएल एचएफएल' की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री गौरी शंकर बिसेन, श्रीमती रानी रहंगदले, मां गौरी कंस्ट्रक्शन्स (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10109270) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट जो सर्वे नंबर 704/1 का अंश है, भू क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट, कार्पेट एरिया 100 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट-अप एरिया 600 वर्ग फीट, वार्ड नंबर 68, पी.एच.एन. 104, माधव राव सप्रे वार्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत-492001 | रू. 6,25,432/- (रूपए छह लाख पच्चीस हजार चार सौ बत्तीस मात्र) | 22-02-2023 | 24-05-2023 |
| कुमारी पार्वती निषाद, श्री गंगा राम निषाद, श्रीमती कुमारी बाई निषाद (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10086974) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : खसरा नंबर 165/3 का भाग रूप प्लॉट, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 1000 वर्ग फीट, कार्पेट एरिया 100 वर्ग फीट, सुपर बिल्टअप एरिया 600 वर्ग फीट, पीएचएन 59, आरएनएम रायपुर-1, वाके मौजा चंगोराभाटा, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | रू. 17,58,341/- (रूपए सत्रह लाख अट्ठावन हजार तीन सौ इकतालीस मात्र) | 21-02-2023 | 24-05-2023 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा।

स्थान : रायपुर तिथि : 29-05-2023 — हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## DOC टॉक



डॉ. चांदनी तुगनैत
एमडी (एएम) साइकोथेरेपिस्ट, लाइफ अल्केमिस्ट
कोच और हीलर, गेटवे ऑफ हीलिंग की संस्थापक व निदेशक

# एकांत समय को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं



शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक कल्याण के लिए सामाजिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। जहां हमारे संबंधों व रिश्तों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, वहीं व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए थोड़ा एकांत समय निकालना भी जरूरी है। एकांत समय एक शानदार तनाव राहतकारी है और रचनात्मकता, ऊर्जा व व्यक्तिगत अन्वेषण के पोषण में भी सहायता करता है। बहुत से लोग बस अपना ध्यान नहीं हटा पाते। इसका मतलब है कि वे लगातार काम, अपने रिश्तों या सामाजिक घटनाओं के बारे में सोच रहे हैं, भले ही वे अन्य लोगों की उपस्थिति में न हों। ये विचार उन्हें तनावग्रस्त और चिंतित महसूस करा सकते हैं, इसलिए एकांत समय बिताना महत्वपूर्ण है।

एकांत समय वह अवधि है जब व्यक्ति दूसरों से अलग होता है। हालांकि कुछ लोग एकांत समय का आनंद ले सकते हैं क्योंकि यह उन्हें गोपनीयता प्रदान करता है, मगर अन्य लोग एकल गतिविधियों में शामिल होना चुन सकते हैं जैसे कि किताब पढ़ना या टहलना क्योंकि यह उन्हें अपने जीवन पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, यह शांति और सुकून की भावना लाता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। हालांकि कई लोगों को लगता है कि यह अंतर्मुखी लोगों के लिए सच हो सकता है, जिन्हें सामाजिक संवाद के बाद रिचार्ज करने के लिए एकांत समय की आवश्यकता होती है, मगर अध्ययनों से पता चला है कि पर्याप्त एकांत समय नहीं मिलने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, भले ही आप बहिर्मुखी हों। लगातार दूसरे लोगों के आस-पास रहने से हम तनावग्रस्त, चिंतित या थकान का अनुभव कर सकते हैं। साथ ही, अकेले रहना एकांत में होने के समान नहीं है।

**लक्षण**

- दूसरों पर गुस्सा उतारना या चिढ़न महसूस करना
- काम पर ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होना
- गतिविधियों में रुचि खत्म होना
- दूसरों के साथ रहने को लेकर चिंतित महसूस करना
- अभिभूत या अतिउत्तेजित महसूस करना
- भावनात्मक भोजन / भूख न लगना
- छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना
- हर किसी से और हर चीज से दूर भागने या छिपने का मन करता है
- दूसरों के साथ समय बिताने से बचने के लिए सामाजिक न्यौतों को अस्वीकार करना
- सामान्य से अधिक विचलित महसूस करना

अक्सर, वास्तविकता से भागने के रूप में, लोग सोशल मीडिया पर रोजाना 3-6 घंटे स्क्रॉल करते हैं, जिनमें से अधिकांश दिमाग में बकवास बंद करने की तलाश को लेकर नासमझ है। यह चुना जाने वाला एकांत समय नहीं है। इसके बजाय ऐसी गतिविधियां चुनें जो आपको स्वयं के साथ संबंध मजबूत करने में मदद करें जैसे कि जर्नलिंग, नृत्य, संगीत, ध्यान, खाना बनाना, स्केचिंग, रंग भरना, टहलना, स्व-देखभाल गतिविधियां, पढ़ना और शोध करना। हालांकि स्वाभाविक प्रवृत्ति यह महसूस करने की है कि मैं बहुत व्यस्त हूं और मेरे पास अपने लिए समय नहीं है, एक निर्णय लेना और उस समय को न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि समग्र भलाई व रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करना महत्वपूर्ण है।

**अपने जीवन में एकांत समय को शामिल करने के कुछ तरीके**

- इसके लिए एक समय निर्धारित करें - अकेले समय की योजना बनाएं और निर्धारित करें। सुनिश्चित करें कि आपके आस-पास के लोग जानते हैं कि इस दौरान आपको परेशान नहीं होना है। स्वयं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान करें।
- **सही मानसिकता विकसित करें** – 'अकेले समय' को एक कार्य के रूप में न देखें, इसके बजाय, समय-समय पर अकेले में लिप्त होने की खुशी महसूस करें।
- **एक सुरक्षित स्थान बनाएं** – अकेले अपने समय का आनंद लेने के लिए शांत और आरामदायक स्थान बनाएं।
- **समझदारी का अभ्यास करें** – लंबित कार्यों या दूसरे क्या सोच रहे हैं, इसकी चिंता किए बिना वर्तमान क्षण से अवगत रहें। अपने संबंध में पूरी तरह से डूब जाएं।

सही मानसिकता के साथ अकेले रहना और सही तरीके से मन, शरीर को पुनः जीवंत और सक्रिय करता है और एक सहायक समुदाय के साथ रहना- दोनों का स्वस्थ मिश्रण स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह न केवल आपको तरोताजा करेगा बल्कि उत्पादकता, ऊर्जा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देगा। उसे चुनें जो आपके लिए सबसे अच्छा काम करता है और अगर आपको लगता है कि स्वस्थ 'एकांत समय' के अपने प्रयासों के बावजूद आप रोजमर्रा की जिंदगी की अराजकता से राहत पाने में असमर्थ हैं, तो किसी विशेषज्ञ की मदद लें।

## कूलर



**खीरा पानी :** पानी के बिना आपका शरीर ठीक से काम नहीं करेगा। व्यक्ति को प्रतिदिन छह से आठ गिलास पानी पीना चाहिए। हम सभी जानते हैं कि हमें दिन भर में पानी पीना चाहिए, लेकिन सादा पानी पीना थोड़ी देर बाद बोझिल हो सकता है। खीरा स्वाद की एक परत जोड़ता है जो आपको अधिक पीने के लिए प्रोत्साहित करता है। यदि आप अपना वजन कम करने का प्रयास कर रहे हैं, तो मीठे सोडा, स्पोर्ट्स ड्रिंक और जूस के बजाय खीरे के पानी को अपनाने से आपको अपने आहार से कैलोरी को खत्म करने में मदद मिल सकती है। खीरे में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ कुकुर्बिटासिन नामक यौगिक व लिग्नान नामक खनिजों की एक श्रेणी शामिल होती है, जो मनुष्यों को कैंसर से बचाने में मदद कर सकती है।



# जल्द जांच आवश्यक है

महिला के मासिक धर्म चक्र के दौरान, स्तन के ऊतकों की बनावट और स्थिरता बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। **डॉ. अंजलि कुमार** का कहना है कि उम्र के साथ उनमें बदलाव भी आते हैं

पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट है कि हमें अपने स्तनों की उसी तरह देखभाल करने की आवश्यकता है जैसे हम शरीर के अन्य अंगों की देखभाल करते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2018 में, विश्व स्तर पर स्तन कैंसर से लगभग 627,000 महिलाओं की मृत्यु हुई, जो कि महिलाओं में कैंसर से होने वाली समस्त मौतों का लगभग 15 प्रतिशत है। इसलिए, स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है। हालांकि, यदि आप एक नई गांठ महसूस करते हैं या यदि स्तन ऊतक नियमित बनावट से अलग महसूस करते हैं, तो डॉक्टर द्वारा इसका मूल्यांकन करवाना चाहिए।



**डॉ. अंजलि कुमार**
सीनियर कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्टेट्रिशियन एंड फाउंडर, मैत्री वुमन हेल्थ

**स्तन ऊतक सामान्य रूप से कैसा महसूस करता है?**

हमारे स्तन ऊतकों का एक संयोजन होता है जो बनावट और स्थिरता में भिन्न होते हैं।

ये वसायुक्त, ग्रंथियां और संयोजी ऊतक हो सकते हैं। महिला के मासिक धर्म के दौरान, इन ऊतकों की बनावट और स्थिरता भी बदल सकती है जिससे स्तन कोमल हो जाते हैं। उम्र के साथ स्तन के ऊतकों में भी बदलाव आता है।

**डॉक्टर को कब दिखाना चाहिए?**

- जब आप एक नयी स्तन गांठ या मोटापन पाते हैं जो आसपास के ऊतक से अलग लगता है
- स्तन के आकार, प्रकार या रूप में परिवर्तन होता है
- स्तन का दर्द अधिक समय तक बना रहता है अर्थात एक मासिक धर्म चक्र से अधिक
- स्तन के पास की त्वचा में कुछ बदलाव होते हैं, जैसे खुजली, लालिमा, स्केलिंग या पकना
- निप्पल थोड़ा अंदर की ओर चला गया है या निप्पल से असामान्य डिस्चार्ज हो रहा है

**स्तन गांठ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया**

स्तन गांठ के निदान की पुष्टि करने के लिए आपका डॉक्टर आपको कुछ परीक्षण करवाने के लिए कह सकता है।

**इसमें शामिल हैं :**

- मैमोग्राम
- स्तन अल्ट्रासाउंड
- स्तन एमआरआई
- स्तन बायोप्सी

स्तन-गांठ निस्संदेह एक गंभीर स्थिति है और स्तन कैंसर का प्रारंभिक लक्षण हो सकती है। लेकिन साथ ही, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सभी स्तन गांठ कैंसर नहीं होती हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं में, स्तन गांठ एक सौम्य स्थिति का संकेतक हो सकता है।

**स्तन गांठ के मूल्यांकन के बाद फालोअप या अनुवर्ती कार्रवाई आवश्यक है।**

यदि स्तन गांठ कैंसर नहीं है, तो आपका डॉक्टर यह तय करेगा कि आपको नैदानिक स्तन परीक्षाओं के साथ अल्पकालिक निगरानी या स्तन इमेजिंग को दोहराने की आवश्यकता है । आपको दो से तीन महीने में फिर से डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। यदि आपके स्तन में कोई परिवर्तन हुआ है तो डॉक्टर फिर से जांच करेंगे।

यदि अपेक्षित निदान या नैदानिक स्तन परीक्षा और मैमोग्राम संदेह के क्षेत्रों को दिखाता है, लेकिन बायोप्सी सौम्य ऊतक को प्रकट करती है - आपको आगे के परामर्श के लिए एक सर्जन या अन्य विशेषज्ञ के पास भेजा जाएगा।

यदि स्तन गांठ कैंसरयुक्त है, तो आप उपचार योजना बनाने के लिए अपने डॉक्टर के साथ काम करेंगी। स्तन कैंसर का चरण और प्रकार आगे की उपचार प्रक्रिया तय करेंगे। आम तौर पर, गांठ कैंसर साबित होने पर सर्जरी की जाती है। सर्जरी करने से पहले सर्जन उचित सर्जिकल विकल्पों की व्याख्या करेगा और आपको यह निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा। अतिरिक्त उपचार के लिए आपको अन्य चिकित्सकों के साथ कई परामर्श करने पड़ सकते हैं, जिसमें विकिरण चिकित्सा और कीमोथेरेपी या हार्मोन थेरेपी शामिल हैं।

**-लेखक मैत्री वुमैन्स हेल्थ की संस्थापक एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं।**

## खतरे का जड़ से सफाया



**डॉ. जेए जयलाल** कहते हैं कि चिकित्सकों के रूप में हमने देखा कि रोग कैसे एक टीकाकृत और एक टीका न लगवाने वाले व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई बल्कि लाखों लोगों की रक्षा भी की

जब 2020 में देश में कोरोना वायरस की महामारी फैली थी, तब इस संक्रमण के बारे में बहुत कम जानकारी थी। हम केवल इतना जानते थे कि यह अत्यधिक संक्रामक था। हमारी पहली प्राथमिकता हमारे फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा करना थी, जो संक्रमण के उच्च जोखिम वाले संभावितों में थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम किया, ताकि डॉक्टरों, अस्पतालों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रोगियों को संभालने व खुद को बचाने के लिए प्रोटोकॉल तैयार किया जा सके। फिर हमने उस समय हमारे पास जो भी उपचार और दवाएं थीं, उनके साथ रोगियों का प्रभावी ढंग से इलाज करने के दिशा-निर्देशों पर काम किया।

प्रारंभ में, देश ने महसूस किया कि इस परिमाण की महामारी से निपटने के लिए, उसे अपनी आबादी की रक्षा के लिए एक शक्ति शाली टीका विकसित करने की आवश्यकता है। और एक साल से भी कम समय में, देश ने अपने लोगों के लिए टीकों का विकास और उत्पादन किया।

सरकार ने पहले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने का निर्णय लिया। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात थी जब सरकार ने एक शक्तिशाली दवा या चिकित्सा के अभाव में महामारी से लड़ने में स्वास्थ्य सेवा समुदाय के प्रयासों को मान्यता दी।

वास्तव में, स्वास्थ्य कर्मियों को अपने रोगियों का इलाज करते समय बीमारी से संक्रमित होने का सबसे बड़ा जोखिम था। लेकिन शुरुआत में, इन टीकों की सुरक्षा को लेकर चिकित्सा बिरादरी के भीतर चिंताएं थीं क्योंकि ये बहुत कम समय में विकसित किए गए थे।

लेकिन आईएमए को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वैज्ञानिकों और देश के कड़े नियामक तंत्र पर अटूट विश्वास था। वास्तव में, भारत, जिसे दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है, का एक गौरवशाली इतिहास है, जब टीके विकसित करने की बात आती है। देश ने टीकों की मदद से विभिन्न घातक व दुर्बल करने वाली बीमारियों का उन्मूलन किया है।

पूरे भारत में, हम, स्वास्थ्यकर्मी आगे आए और टीका लगवाया। हमने इसे सिस्टम में अपना विश्वास और भरोसा दिखाने के अवसर के रूप में लिया, और हमने अपने वैज्ञानिकों के समर्पण व अथक प्रयासों के कारण विकसित टीकों के लिए राजदूत बनने का फैसला किया।

एक साल बाद यह साबित हो गया है कि हमारा भरोसा गलत नहीं था। टीकों ने बीमारी की गंभीरता को कम करके लाखों लोगों की जान बचाई है। चिकित्सकों के रूप में, हमने देखा कि कैसे रोग एक टीकाकृत और एक गैरटीकाकृत व्यक्ति में प्रकट होता है। इन टीकों ने न केवल लोगों की जान बचाई, बल्कि कोविड-19 के प्रभाव से लाखों लोगों की रक्षा भी की।

आज देश में अट्ठानबे प्रतिशत वयस्कों को टीके की कम से कम एक खुराक मिली है, 15 से 18 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत से अधिक बच्चों को उनकी पहली खुराक मिल चुकी है।

जल्द ही छोटे बच्चों को टीका लगाया जाएगा। हम उन्हें पहले से ही गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दे रहे हैं। और आईएमए के अनुरोध पर, सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों व बुजुर्गों को एहतियाती खुराक उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

**--लेखक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# सीमित मात्रा में ही खाएं नमक

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। विस्तार से बता रही हैं **डॉ. अंजलि नाकरा**

नमक का इस्तेमाल इंसान हजारों सालों से करता आ रहा है। यह समुद्र के पानी, जमा खनिज (पृथ्वी के नीचे), सतह, खारी झीलों और झरनों के जरिए उपलब्ध है। यह आसानी से उपलब्ध नहीं था, और प्राचीन काल में बहुत कीमती वस्तु था, कि इसका उपयोग मुद्रा के रूप में किया जाता था या वस्तु विनिमय किया जाता था। भारत की आजादी की लड़ाई में भी इसकी भूमिका थी।

नमक का उपयोग भोजन को स्वाद और संरक्षित करने के लिए किया गया है। आज नमक की उपलब्धता सर्वव्यापी है और सस्ते में उपलब्ध है। अधिकांश देशों में यह आयोडीन मिला कर उपलब्ध होता है।

**यह महत्वपूर्ण क्यों है?**

मनुष्यों में पानी और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने के लिए नमक आवश्यक है। इसमें सोडियम और क्लोराइड होता है, जो मानव जीवन के लिए आवश्यक है। सभी खाद्य सामग्रियों की तरह, बहुत कम या बहुत अधिक - दोनों स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। पिछले कुछ दशकों में उपयोग किए जाने वाले नमक की मात्रा में कई गुना वृद्धि हुई है।

**अनुशंसित सेवन**

नमक की सिफारिश प्रतिदिन 2300 मिलीग्राम या 5 ग्राम (1 चम्मच) की जाती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए रोजाना 1500 मिलीग्राम या 3.8 ग्राम नमक की सिफारिश करता है।

1 साल से कम उम्र के बच्चों को नमक नहीं देना चाहिए। यह पाया गया है कि अधिकांश देशों में नमक की औसत खपत बहुत अधिक है। भारत में, विभिन्न अध्ययनों ने डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों की तुलना में दोगुने स्तरों पर उपयोग होने का अनुमान दिया है।

लैंसेट में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, सोडियम का अधिक सेवन मृत्यु दर में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है और डालीज(विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष) के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारक है।

यदि वैश्विक नमक की खपत को अनुशंसित स्तर तक कम कर दिया जाता है, तो हर साल अनुमानित 25 लाख मौतों को रोका जा सकता है।



**डॉ. अंजलि नाकरा**
एमबीबीएस, डीओ, डिप्लोमेट एलएम
लाइफस्टाइल मेडिसिन फिजिशियन संस्थापक: पाथ टू हेल्थ क्लिनिक सर्टिफाइड वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन सचिव: इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल मेडिसिन (आईएसएलएम)

**मेरा नमक कहां है?**

1प्रसंस्कृत और आरामदेह खाद्य पदार्थ
1घर के खाने में जोड़ा गया
1भोजन में स्वाभाविक रूप से होता है
1टेबल नमक के रूप में जोड़ा गया

**यह कैसे प्रभावित करता है?**

नमक के अधिक सेवन से सूजन और मेटाबॉलिक स्ट्रेस-ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

इसे हाई ब्लडप्रेशर से जोड़ा गया है।

**धमनियां :** अतिरिक्त नमक धमनियों की परत को नुकसान पहुंचाता है और उन्हें सख्त बनाता है।

**दिल:** लंबे समय तक अधिक नमक के सेवन से हृदय -कक्षों में से एक, बाएं वेंट्रिकल का आकार बढ़ जाता है।

**गुर्दे :** नमक का भार गुर्दे पर अनुचित कार्य करता है, जिससे कई अन्य खनिजों का असंतुलन हो जाता है।

**मस्तिष्क :** यह रक्त परिसंचरण को प्रभावित करता है, और मस्तिष्क में अनेक न्यूरोनल सर्किटों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

**त्वचा :** त्वचा में सूजन को बढ़ाता है और त्वचा में सोडियम जमा होने का कारण बनता है।

**हड्डियां :** कैल्शियम के साथ अस्थि खनिज घनत्व और हड्डियों की खनिज सामग्री को कम करता है। धमनियों व अन्य अंगों पर ये प्रभाव हाई ब्लडप्रेशर से होने वाले नुकसान से स्वतंत्र होते हैं। आहार नमक स्ट्रोक और मनोभ्रंश के लिए भी एक स्वतंत्र जोखिम कारक है।

सोडियम सेवन में प्रत्येक 1000 मिलीग्राम प्रतिदिन की वृद्धि के कारण कार्डियोवैस्कुलर घटनाओं में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। किशोरावस्था में नमक का अधिक मात्रा में सेवन करने से हाई ब्लडप्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। व्यक्तियों, लिंग और यहां तक कि कुछ जातियों पर अधिक नमक सेवन का प्रभाव भिन्न होता है। अनुसंधान से पता चला है कि यह न केवल नमक की मात्रा बल्कि ऊर्जा सेवन हेतु नमक का अनुपात है, जो महत्वपूर्ण है, सिफारिशों को भी इसमें कारक होना चाहिए।

**- लेखक डॉ. अंजलि नाकरा एमबीबीएस, डीओ, लाइफस्टाइल मेडिसिन फिजिशियन फाऊंडर: पाथ टू हेल्थ क्लिनिक सर्टीफाइड वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन, सेक्रेटरी: इंडियन सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल मेडिसिन (आईएसएलएम) में डिप्लोमेट एलएम हैं।**

# देशभर में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी महेश नवमी

## बालोद में सुबह निकाली जाएगी शोभायात्रा, शाम को जलेश्वर महादेव मंदिर में होगी भव्य आरती

### उत्पत्ति दिवस के रूप में माहेश्वरी समाज मनाता है महेश नवमी

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com

देशभर में महेश नवमी का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान शिव से जुड़ा यह त्योहार ज्येष्ठ मास की नवमी को मनाया जाता है। इस दिन पूरे विधि विधान से भगवान शिव और उनकी पत्नी माता पार्वती की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसीलिए यह दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति भोलेनाथ ने की थी। यही वजह है कि यह दिन माहेश्वरी समाज के लिए खास है। वह इस दिन को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन जो भी भक्त भोलेनाथ की पूजा से जुड़े ये अचूक उपाय करते हैं वह मनचाहा वरदान पा लेते हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माहेश्वरी समाज के पूर्वज क्षत्रिय वंश के थे। एक दिन जब इनके वंशज शिकार पर थे तो इनके शिकार की कार्यविधि से ऋषियों के यज्ञ में विघ्न उत्पन्न हो गया, जिस कारण ऋषियों ने इन लोगों को श्राप दिया कि तुम्हारे वंश का पतन हो जाएगा। माहेश्वरी समाज के पूर्वज इसी श्राप के कारण ग्रसित हो गए थे। किंतु ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन भगवान शिवजी की कृपा से उन्हें श्राप से मुक्ति मिल गई, तब भगवान शिवजी की आज्ञानुसार माहेश्वरी समाज ने क्षत्रिय कर्म छोड़कर वैश्य कर्म को अपना लिया, तब शिवजी ने माहेश्वरी समाज के पूर्वजों को अपना नाम दिया इसलिए इस दिन से यह समाज 'माहेश्वरी' के नाम से प्रसिद्ध हुआ अतः आज भी माहेश्वरी समाज वैश्य रूप में ही पहचाने जाते हैं।




### उत्कृष्ट कार्य करने वालो का माहेश्वरी समाज करेगा सम्मान

जिला मुख्यालय बालोद सहित ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बालोद जिला मुख्यालय में सुबह साढ़े 7 बजे गणेश मंदिर से नए माहेश्वरी भवन तक शोभा यात्रा निकलेगी। साढ़े 9 बजे माहेश्वरी भवन में विधि विधान से पूजन सम्पन्न किया जाएगा। जिसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी के सामूहिक भोज होगा। दोपहर डेढ़ बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम होगा, जिसमे समाज उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान करेगा। शाम 5 बजे समाज के पदाधिकारी महावीर गौशाला जाकर गौमाता का पूजन कर उसे आहार खिलाएंगे। वही जलेश्वर महादेव मंदिर में रात 7 बजे आरती होगी। इन दौरान न्यू माहेश्वरी भवन में ही सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रक्त दान शिविर का भी आयोजन रखा गया हैं। पूरे आयोजन में अतिथि के रूप में भिलाई से पुरुषोत्तम टावरी, भाटापारा से वल्लभ लाहोटी, दुर्ग से नरेन्द्र राठी, मुंबई से घनश्याम टूवानी और छग प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन से संगठन मंत्री उर्मिला टावरी भी उपस्तिथ रहेंगी। इन दौरान अपनो से अपनो की बात पर संक्षिप्त संबोधन विमला देवी टावरी और शांति देवी टावरी देंगी। वही इस पूरे कार्यक्रम में माहेश्वरी पंचायत बालोद, माहेश्वरी महिला मंडल बालोद और माहेश्वरी युवा मंच बालोद की मुख्य भूमिका रहेगी।

### ये हैं उपाय जिनको करने से भोलाभंडारी प्रसन्न होते हैं और जीवन को धन-धान्य और सुख-संपत्ति से भर देते हैं

महेश नवमी पर भगवान शिव का श्रृंगार अगर हरसिंगार के फूलों से किया जाए तो भोलेनाथ खुश होते हैं और उनकी कृपा से धन धान्य बढ़ने लगता है। महेश नवमी पर भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक का बहुत ही महत्व है। जो भी भक्त शिव का अभिषेक करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए लाल केसर से उनका तिलक करें, इसे करने से जीवन में आ रही परेशानियां दूर होती हैं और शांति रहती है। अगर आप पैसा और समृद्धि जीवन में चाहते हैं तो महेश नवमी को भगवान शिव को कच्चे चावल अर्पित करें, इससे धन बरसने लगेगा। अगर आपको खूबसूरत पत्नी की चाहत है तो भगवान शिव को बेला का फूल अर्पित करें, इस उपाय को करने से आपको सुंदर पत्नी मिलेगी। गाय के घी से भगवान शिव का अगर अभिषेक किया जाए तो मनुष्य की कमजोरी दूर होने लगती है। महेश नवमी पर ये उपाय लाभकारी है। महेश नवमी पर अगर भगवान शिव को जूही का फूल चढ़ाया जाए तो घर की रसोई में कभी अन्न की कमी नहीं होती है, हमेशा बरकत रहती हैं। जो लोग भगवान शिव को धतूरे का फूल चढ़ाते हैं उनको सुयोग्य बेटा प्राप्त होता है। शिव को गेहूं चढ़ाने से संतान में बढ़ोतरी होती है। शिवलिंग पर अगर गन्ने का रस चढ़ाया जाए तो जीवन में खुशियां बरसने लगती हैं। अगर चमेली का फूल चढ़ाते हैं तो वाहन का सुख प्राप्त होता है।

# स्टे आर्डर का उल्लंघन करने पर हो सकती है सजा : महेन्द्रप्रताप सिंह

पायनियर संवाददाता ᐸ थानखमरिया
www.dailypioneer.com



अधिवक्ता महेंद्र प्रताप ने बताया कि न्यायालय स्टे आर्डर(स्थगन आदेश) देना कोर्ट के विवेक के ऊपर निर्भर करता है यह आवश्यक नहीं है कि किसी सिविल वाद में आदेश 39 नियम 1 व 2 के अंतर्गत कोई आवेदन पेश करने पर आदालत मामले में स्टे का आर्डर कर ही देती है स्टे देना पूरी तरह से न्यायालय के विवेक पर निर्भर करता है, यदि आदालत किसी मामले मे स्टे ऑर्डर कर देती है और अपने आदेश में यह स्पष्ट कर देती है कि स्थिति यथावत रहेगी और उसमे किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा,यदि ऐसे आदेश को विरोधी पक्षकार मानने से इंकार कर दे और इस तरह के आदेश को अपीलीय न्यायालय द्वारा नहीं पलटने के बावजूद भी स्थिति मे परिवर्तन कर दे तब यह मामला कंटेप्ट आफ कोर्ट का मामला बन जाता है,वादी जिसे स्टे दिया गया है उसके द्वारा आवेदन लाने पर विरोधी पक्षकार को तीन माह तक का सिविल कारावास भी हो सकता है।

# नया संसद भवन हर भारतीय के लिए गौरव की बात : मोना

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन का उद्घाटन किया। सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हवन पूजन से देश के इस लोकतांत्रिक मंदिर का उद्घाटन किया गया। यह हम सभी भारतीयों के लिए ऐतिहासिक क्षण है। 32 साल पहले जो सपना देखा था वो अब पूरा हुआ। इस भवन का निर्माण आधुनिक के साथ ही साथ पारंपरिक सोच को भी दर्शाता है। उक्त बातें डॉ. मोना टूवानी ने कही। डॉ. मोना टुवानी ने कहा कि देश के प्रधान सेवक मोदी का मैं हृदय से धन्यवाद करती हूं। क्योंकि उन्होने अपने प्रयासों से आज़ादी के प्रतीक पारंपरिक सेंगोल को इस भवन में स्थान दिया। नये संसद भवन में 888 सदस्यों के लोकसभा और 384 के राज्य सभा में बैठने की व्यवस्था है। दोनों सदनों की संयुक्त बैठको

# मिलिए प्रेस से कार्यक्रम में 30 को जिला प्रेस क्लब मे आएंगे डॉ. अभिषेक पल्लव

## जिला प्रेस क्लब एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य एवं पदाधिकारियों से करेंगे मुलाकात

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा कबीरधाम जिले के पुलिस टीम ने जिले के पुराने पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद की विदाई और लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव का जिले में स्वागत मे फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया कार्यक्रम में जिले के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व छ्त्रह चुडामणि सिंह के साथ पूरे जिले के थाना प्रभारी और पुलिस प्रशासन के साथ जिला मीडिया के प्रमुख पदाधिकारीगण श्रमजीवी पत्रकार संघ के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष अभिताब नामदेव संपादक सबका संदेश के साथ कवर्धा ब्लाक अध्यक्ष मिर्जा सर जिलाध्यक्ष जिला प्रेस क्लब प्रकाश वर्मा महासचिव डी. एन योगी संपादक कबीरक्रांति विशेष रूप से शामिल हुए। श्रमजीवी संघ के तरफसे और जिला प्रेस क्लब के तरफसे डॉ लालउमेंद्र सिंह को विदाई और नवपदस्थापना पर बधाई दिया। गया और आज ही दिनाक 28/05/2023 को डॉ लालउमेद के जन्मदिन पर बर्थडे कार्यक्रम रखा गया। जिसमे आमंत्रित प्रेस के पदाधिकारियों के साथ डॉ लालउमेंद ने अपना जन्मदिन जिले के पूरे अधिकारियों और पुलिस महकमे के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया । जिसके उपरांत डॉ अभिषेक पल्लव जी का जिले के पत्रकार संघ तरफ से तरफ से फूलो का गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया गया । इसी बीच लोकप्रिय जिले के नए एसपी अभिषेक पल्लव से चर्चा कर उनको अवगत कराया गया, कि जिले के श्रमजीवी पत्रकार संघ और जिला प्रेस क्लब के पत्रकार साथी उनसे मिलना चाहते है तो तुरंत उन्होंने मंगलवार को प्रेस क्लब में आने की बात कही।

# डॉ लाल उमेंद सिंह को नवीन पदस्थापना पर दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह का जिला कबीरधाम से जिला बलरामपुर में स्थान्तरण हो जाने पर पुलिस लाइन स्थित फोर्स एकेडमी परिसर में पुलिस के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी व कार्यालयीन स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया था, साथ ही नवागंतुक पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव का जिले में पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। विदाई समारोह में वन मंडल अधिकारी चूड़ामणि सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा संजय ध्रुव, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक, उप. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार एवं जिले के सभी थाना प्रभारी एवं कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह को भावभीनी विदाई देकर नवागंतुक पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव का स्वागत अभिनंदन किया। डॉ. सिंह कबीरधाम जिले में वर्ष 17.07.2017 से 28.03.2020 तक जिले में पदस्थ रह चुके थे।

# मंत्री अकबर कृषि उपज मंडी पहुंच कर की विभिन्न कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के केबिनेट मंत्री व विधायक मो अकबर ने कृषि उपज मंडी पहुंच कर भारसाधक समिति पदाधिकारी एवम् मंडी अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक लेकर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए,इस समीक्षा बैठक में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहु, उपाध्यक्ष चोवा साहू, सदस्य रानू दुबे, आनंद ओग्रे, भागवत पटेल, व्यापारी प्रतिनिधि सदस्य रामफल कौशिक , एवम् कृषि उपज मंडी के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

# गोधन से आई खुशहाली, चरोटा के गौठान में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर सशक्त हो रही है महिलाएं

## समूह की महिलाओं ने बोनस राशि से किया दर्शनीय स्थलों का भ्रमण

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना से जिले के ग्राम चरोटा की लक्ष्मी स्वसहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। समूह की अध्यक्ष हुलसी निषाद ने बताया कि उनके समूह के द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से वे वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य नियमित रूप से कर रहे हैं। इससे उन्हें गॉव में ही अतिरिक्त आय का जरिया मिला है। उन्होंने अब तक लगभग 900 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट विक्रय किया है, जिससे उन्हें 4 लाख रूपए आय प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में बेहतर कार्य के लिए उन्हें शासन द्वारा बोनस राशि भी प्रदान किया गया था, जिसका उपयोग उन्होंने समूह की सदस्यों के साथ दर्शनीय स्थल का भ्रमण करने में किया है। समूह की सदस्यों ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट से होने वाली आय का उपयोग वे अपने घरेलू खर्चो की साथ ही अन्य आवश्यक कार्यों में करते हैं। समूह की सदस्यों ने इस योजना की सराहना करते हुए राज्य शासन को बहुत बहुत धन्यवाद कहा है।

### मंत्री मोहम्मद अकबर ने दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को 8 लाख रूपए का चेक वितरण किया



**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने शनिवार कबीरधाम प्रवास के दौरान दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख रूपए का चेक वितरण किया। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने विपत्तिग्रस्त परिवार के हितग्राहियों को राशि का चेक वितरण करने के पश्चात कहा कि हितग्राहियों को लाभान्वित करने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वित्त आयोग के सिफारिश के आधार पर मिलने वाली राशि है जिसे सीधे विपत्तिग्रस्त परिवार के हितग्राहियों को दिया जाता है। वन मंत्री ने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते हैं। चेक वितरण करते समय मंत्री श्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की। अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत कवर्धा विकासखंड के ग्राम रेंगाखारखुर्द निवासी विपत्तिग्रस्त श्रीमती सुनती साहू और कवर्धा के दंतेश्वरी वार्ड निवासी श्रीमती रुखमीण को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत चार-चार लाख रूपए का चेक प्रदान किया। मंत्री श्री अकबर द्वारा विपत्तिग्रस्त परिवारों को उनके घर में जाकर चेक प्रदान किया जा रहा है।

# लोटिया पठान और सोशल मीडिया के माध्यम से अराजकता फैलाने वाले मोहम्मद मेराज का किया गया जिला बदर

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com



एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के द्वारा 20 अगस्त 2022 को बालोद के जवाहर पारा निवासी वशिष्ट कुमार साहू उर्फ लोटिया पठान पिता स्व. लीलाधर साहू (40वर्ष) के विरूद्ध छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 एवं 6 के तहत् जिला बदर करने हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिस पर 1 मई 2023 को कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा आरोपी लोटिया पठान को जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया है। जिला बदर की कार्यवाही के पश्चात आरोपी लोटिया पठान 1 मई 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक एक वर्ष के लिए बालोद जिले सहित दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कांकेर जिले के समीपवर्ती जिलो की सीमाओं से बाहर निकल जाने का आदेश दिया गया है। इसी प्रकार 5 मार्च 2022 को दल्लीराजहरा में वार्ड-15 निवासी मोहम्मद मेराज पिता अब्दुल रहीम (24साल) के विरूद्ध भी छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत् जिला बदर करने हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिस पर 22 मई 2023 को कलेक्टर के द्वारा आरोपी मोहम्मद मेराज को जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया है। जिला बदर की कार्यवाही के पश्चात आरोपी मोहम्मद मेराज 22 मई 2023 से 21 मई 2024 तक एक वर्ष के लिए बालोद जिले के अलावा दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कांकेर जिले के समीपवर्ती जिलो की सीमाओं से बाहर निकल जाने का आदेश दिया गया है।

# मानिकपुर स्थित गुड़ फैक्ट्री में लगी आग, सोया रहा बोड़ला और पांडातराई नगर पंचायत प्रशासन

## आग बुझाने स्वयं फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर पहुंचे तुकाराम चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भीषण गर्मी से आमजन हलाकान है वही गर्मी आगजनी की घटनाएं आम बात हो गयी है लगातार शॉर्ट सर्किट व अन्य कारणों से आगजनी की खबर सामने आ रही है मगर इससे निपटने के लिए जवाबदार अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन नही कर रहे है। पूरा मामला ग्राम मानिकपुर निवासी देवनारायण चंद्रवंशी के गुड़ फैक्ट्री का है जहां रात 10 बजे अज्ञात कारणों से गुड़ फैक्ट्री में रखी बगास में आग लग गयी गुड़ फैक्ट्री के संचालक देवनारायण चंद्रवंशी आनन फानन में अपने समीप बोड़ला ब्लॉक मुख्यालय एवं पांडातराई नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड के लिए संपर्क साधा मगर उनको निराशा ही हाथ लगा जबकि घटना स्थल से बोड़ला की दूरी महज 2 किलोमीटर है और पांडातराई की दूरी 7 किलोमीटर पर फायर ब्रिगेड नहीं मिला फिर देवनारायण चंद्रवंशी ने डायल112 की मदद से कवर्धा कंट्रोल से लगभग 11:30 बजे गाड़ी पहुंचा मगर अकेला एक गाड़ी क्या चमत्कार कर पाता और लाइट भी बंद था फिर भी संचालक लगातार बोड़ला नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं छ्ब्ब से रात्रि 2 बजे तक मदद का गुहार लगा रहे थे मगर उनका सुध लेने वाला कोई नही था । युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी एवं जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया बोड़ला और पांडातराई नगर पंचायत फायर ब्रिगेड कर्मचारियों से संपर्क किया मगर वो फ़ेन नही उठाये फिर अन्य व्यक्ति के माध्यम से बात हुआ तो पता चला पांडातराई की गाड़ी तकनीकी खराबी के चलते गाड़ी चलाने योग्य नही एवं बोड़ला फायर ब्रिगेड का ड्राइवर तबियत खराब होने का हवाला दिए । तुकाराम चंद्रवंशी ने सुबह बोड़ला अश्वनी शर्मा को घटना की जानकारी दिया मगर वो भी कुछ नही कर पाए ड्राइवर नही होने का हवाला दिया फिर स्ठरू संदीप ठाकुर के घटना की जानकारी दिया तब संदीप ठाकुर ने सक्रियता दिखाते हुए पंडरिया से फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराया । संचालक देवनारायण चंद्रवंशी ने बताया 2 गाड़ी से आग पर काबू नहीं पाया जा सका तब जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी स्ठरू से बातचीत किया ड्राइवर नही होने की स्थिति में खुद ही गाड़ी लेने बोड़ला पहुंचे और वहां से खुद ही गाड़ी चलाते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए ।

# प्रत्येक नागरिक बनाए स्वास्थ्य कार्ड : कलेक्टर

## कलेक्टर ने डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना की प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ᐸ कवर्धा
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ से जोड़ने के लिए जिले के प्रत्येक नागरिक, बच्चें से लेकर बुजुर्ग जो अब तक इस योजना की पात्रता से वंचित है, ऐसे सभी को राज्य शासन की स्वास्थ्य सेवाएं वाली महत्वपूर्ण योजना डॉ खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ा जाएगा।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज यहां स्वास्थ्य विभाग और कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक वीएलई की संयुक्त बैठक लेकर राज्य शासन की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना डॉ खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होने बैठक में जिले के प्रत्येक नागरिक, बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इस योजना से जोड़ने के लिए सभी का प्राथमिकता में कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी हुई लोककल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसलिए प्रत्येक नागरिकों के पास इस आयुष्मान कार्ड होना चाहिए। उन्होने ग्राम पंचायतों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के बीएलई को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों में पहुंच कर सभी का कार्ड बनाए। उन्होने इसके लिए संबंधित ग्राम सचिव, स्वास्थ्य मितानिन, पंच-सरंपच एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की मदद भी ले सकते है। उन्होने घर-घर पहुंच कर सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने और जिन-जिन गांवों में कार्ड बनाने में कोई परेशानी हो रही होगी उसे दूर करने के लिए निर्देशित किया हैं। उन्होने ईडीएम, सीएससी जिला प्रबंधक और जिला कार्यक्रम समन्वय को आवश्यक निर्देश दिए है। बैठक में सीएचएमओ डॉ सुजॉय मुखर्जी, जिला कार्यक्रम समन्वय सैययद असलम अली, ईडीएम देवेश सिंह, सीएसई जिला प्रबंधक राहूल सोनी एवं समस्त वीएलई उपस्थित थे।

### विकट परिस्थितियों के लिए स्वास्थ्य कार्ड होना बहुत जरूरी

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा किसी परिवार के सामने ऐसी नौबत कभी ना आए, पर आए तो प्रत्येक परिवार और प्रत्येक नागरिकों के पास अपना स्वयं का आयुष्मान कार्ड होना चाहिए। इससे जरूरतमंद लोगों को उपचार कराने में बहुत मदद मिलती है। ऐसे कई प्रकरण देखने और सुनने में आता है कि ऐसे विकट परिस्थितियों में उपचार के लिए कोई साथ नहीं देते तो ऐसे स्थिति में यह योजना जरूरतमंद लोगों के लिए संजीवनी साबित होता है। इसलिए मै जिले के प्रत्येक नागरिकों से आग्रह करता हूं कि आज ही अपने गांव व अपने गांव के समीप संचालित कॉमन सर्विस सेंटर पहुंच कर वीएलई के पास पहुंच कर निःशुल्क अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनाए। डॉ खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत बीपीएल हितग्राही को उपचार के लिए 5 लाख रूपए, एपीएल को 50 हजार और मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत 20 लाख रूपए उपचार के लिए देने का प्रावधान है। जिले के लाखों परिवारों के लिए सहारा बना यह योजना।

# विधायक के साथ नपा अध्यक्ष, डीईओ सर और स्कूल डायरेक्टर ने बढ़ाई वत्सला मिडब्रेन समापन समारोह की शान

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वत्सला संस्था के द्वारा आयोजित निशुल्क 5से 15वर्ष के वर्ष के बच्चों के लिए सात दिवसीय मिडब्रेन कोर्स ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में शिविर लगाया गया था इसका समापन रविवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक आशीष छाबड़ा थे विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर अलका तिवारी की गरिमामय उपस्थिति रही । वत्सला संस्था की संस्थापिका श्रीमती ज्योति सिंघानिया इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस कोर्स में लगभग 200बच्चों को प्रशिक्षिका विधि तिवारी जी द्वारा अलग अलग पूर्णतः भारतीय वैदिक तकनीक द्वारा उनके मिडब्रेन को जागृत किया गया , जिससे उनके मेमोरी, एकाग्रता, बौद्धिक क्षमता में वृध्दि देखी गई ,परिणाम स्वरूप कई बच्चो ने से आंखों में काली पट्टी बांध कर मात्र स्पर्श से किताबों को पढ़ा । बच्चो और अभिभावकों ने बताया इस दौरान उनको पर्सनेलिटी डेवलपमेंट अंतर्गत वैदिक मंत्र,श्लोक, सूर्य नमस्कार, योग,वैदिक संस्कार आदि के प्रतियोगिताओं का प्रतिदिन अयोजन किया गया था। माननीय विधायक जी ने अपने उद्बोधन में बच्चो को इस टेकनिक का प्रैक्टिस में नियमितता बनाए रखने को कहा, साथ ही आगामी भविष्य में ये शिक्षा उनके करियर निर्माण में किस तरह नीव का पत्थर साबित होगा उसके बारे में बताया, उनके साथ शकुंतला जी , डीईओ अरविंद मिश्रा जी ने,और अलका तिवारी जीने इस तरह के सफ्ल लाभदाई आयोजन के लिए वत्सला संस्था की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं।विधि तिवारी ने मिडब्रेन के अकल्पनीय सुप्त शक्तियों के बारे में बताते हुए कहा कि इस शिविर में सिखाई गई तकनीक का नियमित अभ्यास से सभी बच्चे अद्भुत चैतन्य शक्तियों को प्राप्त कर स्वयं के साथ साथ अपने देश निर्माण में भी सहायक हो सकते है ।तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा मिडब्रेन जीनियस बच्चे सुलभा , ,श्रीजा,परिधि , सारांश ,जागृति, भूपेश्वरी,अंजली, तनु,अदिति, को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया । विधि मैडम और लीना मैडम को अपने अमूल्य योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृतिचिन्ह भेट किया । उत्कृष्ट कार्य के लिए वत्सला विजया लाखोटिया, पूर्णिमा पटेल और सुषमा शर्मा को भी ट्रॉफी से सम्मानित किया।साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशिक्षण सर्टिफिक्रेट प्रदान किया गया। वत्सला कार्यकारणी समिति ने इस आयोजन की सफ्लता के लिए सभी टीम मेंबर्स, बच्चों तथा अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए उनके भावी भविष्य की कामना की।

# एक शिक्षक अपने जीवन का लंबा समय स्कूल में देता है, इसलिए जरूरी है कि वह रुचि के साथ बच्चों को पढ़ाए : कलेक्टर चौधरी

## जिले में स्कूली शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक तक पहुंचाने के लिए एजुकेशन कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ॥ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में स्कूली शिक्षण को बेहतर बनाने और जांजगीर-चांपा जिले को शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में एजुकेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा की एक शिक्षक अपने जीवन का काफी लंबा समय स्कूल में देता है, इसलिए जरूरी है कि वह रुचि के साथ बच्चो को पढ़ाए। जिला के वार्षिक अकादमिक योजना निर्माण के संदर्भ में किए गए एजुकेशन कॉन्क्लेव में प्रत्येक विकासखंड ने अपनी वार्षिक अकादमिक योजना के प्रस्तुति के साथ ही साथ सत्र 2022-23 में क्रियान्वित कुछ प्रभावी कामों का भी प्रदर्शन किया । इस एजुकेशन कॉन्क्लेव में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश ने कहा कि प्रत्येक बच्चों को कक्षा के लिए निर्धारित दक्षताओं को हासिल करवाने के लिए शिक्षकों को अपने सिखाने के तरीकों में अपेक्षित बदलाव लाना होगा। स्वयं अध्यन में



आईसीटी (इनफार्मेशन कम्यूनिकेशन टेक्नॉलजी) का बहुत बड़ा भूमिका हो सकता है। ग्रामीण परिवेश के बच्चों के संदर्भ में और अवधारणों को पुख्ता करने के लिए शिक्षकों द्वारा अपनाए गए शिक्षण प्रक्रिया में अपेक्षित बदलाव लाना बहुत जरूरी है ।उ न्होंने कहा की रुचि के साथ अगर किसी काम को किया जाता है तो वह हमेशा बेहतर परिणाम लेकर आता है । उन्होंने कहा की अधिकांश शिक्षक पुरानी शिक्षण पद्धति के तहत सीधे अक्षरों को सिखाते हुए भाषा शिक्षण की शुरुआत करते हैं और बहुत कम ही शिक्षक बच्चों के अनुभवों को जोड़ते हुए भाषा, गणित एवं पर्यावरण सीखते सिखाते हैं, जिसकी संख्या अभी भी बहुत सीमित है। समझ आधारित शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शिक्षक को एससीईआरटी द्वारा निर्मित एवं समग्र शिक्षा की तरफसे वितरित पाठ्य पुस्तकों का विश्लेषण करने के साथ-साथ पाठ्य पुस्तकों में सुझाए गए प्रक्रियाओं को बच्चों की संदर्भ से जोड़ते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने प्राथमिक कक्षाओं में छोटे-छोटे समूह में गोल आकृति में बैठा कर एक दूसरे से सीखने का अवसर जरूर प्रदान करने कहा। उन्होंने कहा की स्कूल के बेहतर संचालन एवं बच्चों के नियमित उपस्थिती सुनिश्चित करने के लिए एसएमसी की मदद से सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनको शिक्षण प्रक्रिया में भी शामिल करना होगा। इस कॉन्क्लेव में विकासखंड द्वारा बनाए गए प्रत्येक कार्यक्रम की योजना को प्लान गैलरी के रूप में भी प्रदर्शित किया गया । प्रत्येक स्टॉल में शिक्षक एवं बच्चों द्वारा बनाए गए शिक्षण अधिगम सामाग्री के अलावा विभाग द्वारा वितरित संसाधनों का भी प्रदर्शनी किया गया जिसका इस्तेमाल योजाना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सार्थक हो सकता है । इस प्रदर्शनी में समर कैंप, 100 दिन 100 कहानियां, राष्ट्रीय शिक्षा नीति(2020) के साथ-साथ भारतीय शिक्षा नीति का इतिहास, कबाड़ से जुगाड़, आंगनबाड़ी, खंड विकास की योजना, एफ्एलन, लर्निंग लॉस की भरपाई, अंगना म शिक्षा आदि को शामिल किया गया था । तदुपरांत जिला शिक्षा अधिकारी एच आर सोम ने कार्यक्रम का संदर्भ और विकासखंड वार्षिक योजना निर्माण के महत्व पर बात करते हुए, जांजगीर की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति और असर रिपोर्ट के विश्लेषण को सबसे साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने बुनियादी शिक्षा को मजबूत किए जाने के लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देने, समर कैंप में बच्चों के प्रदर्शन और स्वतंत्र लेखन के मद्देनजर उसे और निखारने की बात रखी। इसके बाद जिला मिशन समन्वयक आर के तिवारी ने असर रिपोर्ट को पुनः रेखांकित करते हुए शिक्षा के मूल उद्देश्यों और शिक्षकों, अधिकारियों के दायित्वों के विषय में चर्चा किए। साथ ही पूरे दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी।

# डॉ शालू पाहवा ने किया गौ माताओं की पेयजल सेवा के लिए कोटना का वितरण

पायनियर संवाददाता ॥ सक्ति
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए मनुष्य तो पानी के पास पहुंचकर अपनी पेयजल की पूर्ति कर लेता है, किंतु बेजुबान गौ माताए आज सड़कों पर तपती दोपहरी में घूमती रहती हैं किंतु उन्हें न तो प्रशासन द्वारा पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में कोई पहल की गई है, और नहीं ऐसी गौ माताओं को आसानी से पानी उपलब्ध हो पाता है, पहले एक समय था जब हमारे पूर्वज अपने घरों के बाहर पानी के कोटना लगाकर मवेशी एवं गौ माताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था करते थे, किंतु आधुनिक समय की रफ्तार ने आज हमारे पुराने सभी संस्कारों को किनारे कर दिया है, एवं आज लोग घरों में जहां गौ माताओं को पालना भी बंद कर दिए हैं, तो वहीं घरों के बाहर कोटना भी कुछ एकाध घरों में ही देखने को मिलता है, तथा गर्मी की प्रचंडता से गौ माताएं पानी की तलाश में प्यासी घूमती रहती हैं,इन्हीं




सभी समस्याओं को देखते हुए शक्ति अंचल की सामाजिक कार्यकर्ता एवं लिनेस क्लब की मल्टीपल चेयरपर्सन डॉ शालू पाहवा ने लीनेश क्लब की शक्ति इकाई को गौ माताओं की सेवा करने के लिए कोटना का वितरण किया तथा डॉ शालू पाहवा ने इस वितरण कार्यक्रम के दौरान लीनेश क्लब के पदाधिकारी/सदस्यों को कहा कि शहर सहित आसपास के क्षेत्र की घुमंतू गायों को तपती दोपहरी में इस कोटना के माध्यम से पानी पिलाकर हम अगर गौ सेवा कर सके तो यह सबसे बड़ा पुण्य का काम होगा,वही डॉ शालू पाहवा ने लीनेश सदस्यों को कहा है कि वे कोटना को ऐसे स्थान पर रखें जहां पानी की उपलब्धता आसानी से हो सके या कि वहां निवास करने वाला व्यक्ति प्रतिदिन उस कोटना में पानी लाकर भर सके जिससे गौ माताओं एवं मवेशियों को पेयजल की सेवा की जा सके,वही डॉक्टर शालू पाहवा की इस पहल का जहां लोगों ने स्वागत करते हुए साधुवाद ज्ञापित किया है तो वही डॉक्टर शालू पाहवा का भी कहना है कि वे सेवा एवं रचनात्मक कार्यों में सदैव अग्रणी होकर सभी के सहयोग से अपना योगदान देती हैं एवं उनके सेवा के कार्य इसी तरह से निरंतर जारी रहेंगे।

# फ्लाई एश डस्ट से जीना हुआ दूभर, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया आंदोलन का रूख

पायनियर संवाददाता ॥ रायगढ़
www.dailypioneer.com

औद्योगिक नगरी रायगढ़ के तमनार ब्लाक में ग्रामीण विकास के नाम पर केवल प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। फ्लाई ऐश की समस्या क्षेत्रवासियों के लिए नासूर बनती जा रही है। हवा के साथ लोगों को अब फ्लाई एस रूपी जहर भी फांकना पड़ रहा है।

फ्लाईएश की बढ़ती समस्या को लेकर पीड़ित ग्राम वासियों ने शनिवार को मोर्चा खोलते हुए जेपीएल शॉपिंग कांप्लेक्स परिसर के सामने सांकेतिक चक्का जाम कर दिया। वाहनों के पहिए थमने पर जेपीएल प्रबंधन कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां उनका वही रटा रटाया जवाब सुनने को मिला। 3 दिनों के भीतर स्थिति सुधारने की बात प्रबंधन के अधिकारियों ने कही। जिसके बाद पीड़ित ग्राम वासियों ने 3 घंटे के बाद



चक्का जाम खोल दिया। साथ ही 3 दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरने पर पीड़ित ग्राम वासियों ने प्रशासनिक अमला को ज्ञापन सौंपकर आर्थिक नाकेबंदी करने की चेतावनी दी है। इस साल फिर एक बार तेज हवा चलने के बाद कुंजेमुरा, रेगांव पाता, बांधापाली, सलिहाभांठा गांव के ग्रामीण समस्या से जुझ रहे हैं, सप्ताह भर ते तेज गती से चल रही हवा से घरों में राख के परत जम रहे हैं, शनिवार को कुंजेमुरा के ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर मोर्चा खोल दिया समस्या से जुझते हुए ग्रामीण जिंदल के फ्लाइ एश राख डेम के सामनें पहुंच कर अपनी मांग को लेकर आंदोलन करते नजर आए ग्रामीणों का कहना था की फ्लाईएश राख से जीवन दुभर हो गया है , रोज खाने पिने कपड़े सब्जी भाजी सब राख से सना रहता है , लगता है अब धिरे-धिरे रोज जहर खा रहे हैं। कहां से आती है राख-पावर प्लांट से बिजली उत्पादन के बाद जो राख निकलता है उसे रखने के लिए डेम बनाया गया है।

# समर कैंप से बच्चों में प्रतिभाओं का विकास होता हैः ममता

## घर पर ही समर कैंप लगाकर बच्चों को पढ़ा सीखा रही है

पायनियर संवाददाता ॥ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह विकास खण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षक ममता जायसवाल ने एक अभिनव पहल कर गर्मी की छुट्टी में बच्चो में स्किल डेवलप करने के लिए खुद घर पर ही समर कैंप लगा रही है। समर कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। गर्मी की छुट्टी में समर कैंप बच्चों के लिये बेहद फायदेमंद होता है। समर कैंप में लेखन, ड्राइंग,पेंटिंग, पेपर एवं कार्ड का उपयोग, कहानी, खेल खेल में पढ़ाई जैसे विभिन्न रोचक गतिविधियां सिखाई जा रही है। ममता जायसवाल ने बताया कि बच्चों की रूचि व उत्सुकता देखकर मैं अपने घर ही



बच्चो को बुलाकर उनकी रचनात्मकता बढ़ाने के लिए समर कैंप कर रही हू। उन्होंने बताया कि बच्चो के विकास के लिए उनका आत्मनिर्भर होना जरूरी है। समर कैंप से बच्चों के दिमाग को कई मजेदार गतिविधियां में शामिल करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है बातचीत करने से झिझक दूर होता है।उनमें विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। बच्चो की रूचि के अनुसार विभिन्न रोचक गतिविधियों सिखाई जा रही है। समर कैंप बच्चों को व्यस्त रखने और स्कूल बंद होने पर उनमें रचनात्मकता लाने का सबसे अच्छा तरीका है।

## भारत स्काउट एवं गाइड के शिक्षकों द्वारा

# शैक्षणिक भ्रमण एवं ऐतिहासिक स्मारकों की जानकारी ग्रहण की



पायनियर संवाददाता ॥ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती जिला से भारत स्काउट- गाइड राज्य स्तरीय हाइक में गाइड विंग कमलादपि गबेल, रंजिता राज, जयंती खमारी, लता चन्द्रा, चंद्रिका सिदार, स्काउट विंग से शिव शंकर भगत, सुरेंद्र कुमार सिदार, विमल शर्मा, देवनारायण सिदार, विभूतिभूषण गप्ता द्वारा अमृतसर, स्वर्ण मंदिर, जालियावाला बाग, अटारी बाघा सीमा भारत-पाकिस्तान, सोलान्ग वैली, मोनेस्टरी, महाकालेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिर, माल रोड मनाली, किरितपूर गुरुद्वारा का शैक्षणिक भ्रमण व ऐतेहासिक व स्मारकों जैसे शहीद कुआं, शहीद स्मारक के बारे में जानकारियाँ एकत्र की गई 23-05-2023 से 30-05-2023 तक। जिसमें राज्य मुख्यालय सचिव कैलाश सोनी, एस. ओ. सी. करूणा मसीह, कार्यकर्ता धनुष सिन्हा व दिलीप पटेल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# फर्जी फायनेंस कंपनी बनाकर महिलाओं से करते थे ठगी



पायनियर संवाददाता ॥ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्र में यह शिकायते मिल रही थी की एक गिरोह जिले के भीतर थाना बरमकेला एवं सरिया क्षेत्र के गांव मे जाकर कम पढ़े लिखे एवं भोले भाले महिला एवं पुरूषों का अपने बहकात में एवं उनसे ठगी कर लोन दिलाने के नाम पर ग्रामीणों के आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति ए उनका एक एक पासपोर्ट फोटो लेकर चले आते थे तथा उक्त दस्तावेज के आधार पर ऑटो फायनेंस के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ऑटो सेन्टर के मैनेजर से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर एवं दस्तावेजों में कुट रचना कर ग्रामीणों के दिये गये कागजात के आधार पर स्वयं से ऑटो लोन फायनेंस करा लेते थे तथा फायनेंसशुदा मार सायकल स्कुटी को स्वयं ऑटो सेन्टर शो रूम से निकालकर स्वयं रख लेते थे तथा उक्त मोटर सायकली का स्वयं का है बताकर ग्रामीण इलाको में भोले भाले नागरिकों को कम दामों में बेचने का प्रयास करते थे। जो प्रार्थिया सुभाषिनी सिदार निवासी हेडसपाली थाना बरमकेला तथा अंबिका यादव निवासी सरिया यह रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके पास अभी कोई मोटर सायकल नहीं है तथा वे किसी भी प्रकार का मोटर सायकल फायनेंस नहीं कराये है फिर उनके घरो पर डाक के माध्यम से फायनेंसशुदा मोटर सायकलों को आरसी बुक कार्ड एवं फायनेंस कंपनी के नोटिस उनके घरो पर आ रहे है।

# श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रोफेसर पद के लिए स्थाई रूप से चुनी गई डॉ.सपना बंसल

- पूर्व में दिल्ली यूनिवर्सिटी में दे रही थी प्रोफेसर के रूप में सेवाएं

पायनियर संवाददाता ॥ सक्ति
www.dailypioneer.com

देश-दुनिया के जाने-माने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स विश्वविद्यालय एसआरसीसी में हुई नियुक्तियों में डॉ सपना बंसल प्रोफेसर के रूप में स्थाई रूप से चुनी गई हैं, तथा विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 20 पदों पर नियुक्तियां होनी थी, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 लोगों ने प्रक्रिया पूर्ण कर प्रयास किया तथा TOP 20 में डॉ सपना बंसल का चयन हुआ,डॉक्टर सपना बंसल के इस चयन पर



अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल सहित सदस्यों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं,तो वहीं डॉ सपना बंसल अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजिका होने के साथ ही पूर्व में दिल्ली यूनिवर्सिटी में भी अपनी प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रही थी, तथा वे एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी अग्रणी स्थान रखती हैं,तथा श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स दिल्ली विश्वविद्यालय पूरे देश भर के प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक माना जाता है, जिसमें की सन 1932 से इस कॉलेज द्वारा स्नातक डिग्री एवं सन 1948 से स्नानाकोत्तर की डिग्रियां प्रदान की जाती है,तथा इस विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में है एवं देश के विभिन्न राज्यों से लोग यहां आकर शिक्षा ग्रहण करते हैं तथा यहां से ही शिक्षा अध्ययन पश्चात अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते है,डॉक्टर सपना बंसल ने भी अपनी इस चयन होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

## मौसम ने फिर ली करवट, तेज आंधी के साथ हुई जोरदार बारिश

**रायगढ़।** नौतपा के तीसरे दिन फ़िर से मौसम ने करवट ली है। रायगढ़ शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज अंधड़ के गुबार देखे गए और कई स्थानों पर बत्ती गुल होनें के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मई के महीने में 25 मई से नौतपा चालू हो गया है, अनुमान लगाया जा रहा था कि सूरज चिलचिलाती धूप में भीषण गर्मी लेकर आएगा। इसके उलट नौतपा के पहले दिन जिले में तेज अंधड़ के साथ हवाएं चली और धूल के गुबार के साथ-साथ बत्ती गुल रहने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय कथावाचिका पूजा किशोरी से साक्षात्कार-हमारे संवाददाता के साथ

पायनियर संवाददाता ॥ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बिर्रा श्रीवास परिवार में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में पधारे हुए राष्ट्रीय कथावाचिका पूजा किशोरी से हमारे संवाददाता ने खास बातचीत की और उनकी कथा की शुरुआत कब, क्यूं और अब तक कितनी जगहों पर इस धार्मिक आयोजन को किया है।

**संवाददाता** -आप इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ कब से और पहली कथा कहां की ?

**पूजा**-श्रमद्भागवत कथा का शुभारंभ मैने 18 वर्ष की आयु से सितम्बर 2014 में बड़े खरवानी (सारंगढ़) में पटेल परिवार यहां से शुरूआत की।

**संवाददाता** -आपका मार्गदर्शक कौन है जिससे आपने भागवत कथा कहना प्रारंभ किया ?

**पूजा**-इस पर उन्होंने कहा कि पहली बात तो यह है कि पहली बार राधे कृष्ण की कृपा हुई तभी मुझे व्यासपीठ पर बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसका पूरा श्रेय मेरे गुरु मां मेरी दादी स्व. कुंती



देवी है जिनके साथ में छोटी सी उम्र में ही भजन कीर्तन में शामिल होती थी।

**संवाददाता** - भागवत कथा के साथ साथ और कौन कौन सी कथाएं आपने किया है ?

**पूजा किशोरी**- श्रीमद्भागवत कथा, रामकथा और देवी भागवत कथा तथा सत्संग में भी सहभागिता रही है।

**संवाददाता** -अब तक आपने कितनी कथाएं की है और कहां कहां?

पूजा-वैसे आपको बता दूं कि 2014 से अब तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में लगभग 56- 57 कथाएं कर चुकी हूं। आपके बिर्रा में यह मेरी तीसरी कथा है।

**संवाददाता**- इस धार्मिक आयोजन का मूल उद्देश्य क्या है

**पूजा**- देखिए धर्मो रक्षति रक्षितः हम हिन्दू सनातनी लोग अपने धर्म को बचाएं रखें तो धर्म भी हमारी रक्षा करेगी, सहायता जरूरी करेगी। मेरी कथा में समाज में व्याप्त कुरूतियां जैसे दहेज प्रथा, गाऊ माता की सेवा करना, स्वच्छता और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को व्यासपीठ से अवश्य ही भक्तों तक पहुंचाने का प्रयास रहता है। अखबार के माध्यम से आप सनातनी हिन्दू धर्म के लोगों को क्या संदेश देना चाहती है ?

**पूजा**- हम हिन्दू सनातनी लोग हैं हमें श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए श्री कृष्ण की गीतोपदेश, नीति का मनन चिंतन करना चाहिए ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। जैसे श्री रामचरित मानस हमें जीना सिखाती है वहीं श्रीमद्भागवत कथा हमें मरना। अर्थात हम राजा परीक्षित की तरह जिन्हें सात दिन का जीने का समय मिला और उन्होंने भागवत कथा का रसपान कर सद्गति को प्राप्त किया। हम सभी इस दारूण कलिकाल कलियुग में मानव जीवन को प्राप्त किया है तो क्यूं न इस जीवन को जीवनोपयोगी बनाएं। कलियुग केवल नाम आधारा अतः हमें सत्संग से जुड़े रहना चाहिए।

# 26 वें दीक्षांत समारोह में मिली संयुक्ता को डॉक्टरेट की उपाधि



**रायगढ़।** रायगढ़ स्थानीय कोतरा रोड निवासी अधिवक्ता बृजलाल पटेल और फुल कुमारी पटेल की सुपुत्री संयुक्ता पटेल को पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित छब्बीसवें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी द्य उक्त कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरीचंदन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पद्मश्री प्रोफेसर वाई. एस. राजन एवं कुलपति सच्चीदानंद शुक्ला उपस्थित थे। डॉ. संयुक्ता पटेल द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध डेवेलोपमेंट ऑफ नानोपार्टिकल एज केमिकल सेंसिंग प्रोब फॉर एनालीसिस ऑफइन्वेन्मेंटल सेम्पल्स के विषय संदर्भ में उपाधि दी गयी।

## श्यामसुंदर अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष महंत का किया साधुवाद

# छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट के संचालन की घोषणा सराहनीय कदम

पायनियर संवाददाता ॥ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में दशकों से आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में या की स्वास्थ्य स्वास्थयगत कारणों से बीमार होने वाली गौ माताओं के लिए उन्हें उचित पशु चिकित्सालय तक पहुंचाने के लिए शासकीय रुप से कोई सुविधाएं अधिक उपलब्ध नहीं थी, बल्कि निजी तौर पर भी बहुत कम ही स्थानों पर ऐसी स्थाई सेवाएं देखने को मिलती थी, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने प्रदेश में गौ माता की सेवा के लिए जहां राज्य में गौठानो की स्थापना की तो वहीं अब एक अनुकरणीय ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में लगभग 163 मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालन का जो निर्णय लिया है वह एक सराहनीय कदम है,उपरोक्त बातें नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष, जिला कांग्रेस




कमेटी के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता,सामाजिक कार्यकर्ता,गौ सेवक श्यामसुंदर अग्रवाल ने कही, श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ सरकार की इस नेक पहल के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के चेयरमैन महंत रामसुंदर दास जी का भी धन्यवाद ज्ञापित करते हैं एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार में इन सेवाओं को बेहतर बनाने का निर्णय लिया है तथा राज्य की सरकार लगभग ?58 करोड़ की राशि से प्रथम चरण में प्रदेश में 163 मोबाइल वेटनरी यूनिट प्रारंभ करने जा रही है, तथा इस मोबाइल यूनिट से जहां प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों सहित प्रमुख मार्गो पर घायल गौ माताओं को तत्काल उपचार की सुविधा मुहैया होगी तो वही गौ माताओं की रक्षा भी की जा सकेगी, श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में गौ माता की सेवा के लिए इससे बड़ा कोई निर्णय नहीं हो सकता, तथा कांग्रेस की सरकार ने सभी स्थानों पर गौठानो की स्थापना कर गौ माताओं के लिए उचित चारा एवं धूप से बचने छांव की तथा पेयजल की भी व्यवस्था की है, तथा अब इस मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन हम सभी के लिए सेवा का एक बड़ा प्रकल्प होगा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में आज शासकीय गौठान के साथ ही निजी गौ शालाओं में भी विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग गौ माता की सेवा कर रहे हैं, तथा शक्ति शहर के भी नंदेलीभाटा में स्थित श्री वृंदावन गौशाला जो कि डीएम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित की गई है उसमें भी घायल गौ माताओं की विगत कई वर्षो से निरंतर सेवा की जा रही है तथा नगरपालिका शक्ति में भी घायल गौ माताओं को उपचार हेतु लाने ले जाने के लिए कैचर वेन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

# महानदी के टापू में फंसे लोगों को बाहर निकालने वाले पुलिसकर्मियों एवं ग्रामीणों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ॥ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक द्वारा महानदी के टापू में फंसे लोगों को बाहर निकालने वाले पुलिसकर्मियों एवं ग्रामीणों को किया गया सम्मानित दिनांक 27 मई को महानदी शिवरीनारायण में नौका विहार के दौरान 14 ग्रामीण टापू में फंस गए थे दिनांक 27 मई को थाना शिवरीनारायण अंतर्गत महानदी में नौका विहार के लिए निकले कुल 14 लोग तेज हवा चलने और मौषम बिगड़ने के कारण महानदी टापू में फंसे हुए थे, जिन्हें अपनी जान की परवाह किये बिना सामूहिक प्रयास, अथक परिश्रम का परिचय देते हुए सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस प्रकार टापू में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने वाले चंद्रशेखर



परमा, उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक विवेक पांडेय, प्रधान आरक्षक संजय उजिर, आरक्षक अर्जुन यादव, श्रीकांत सिंह, प्रवीण साहू, महेंद्र राज, मनोज रत्नेश, सैनिक शिवकुमार साहू, हरिप्रसाद पटेल, राधेश्याम कश्यप, कृष्ण कुमार साहू, जयप्रसाद, धनेश्वर सिदार, अशोक पांडे एवं ग्रामीण प्रकाश बंसल, कीर्ति शर्मा, शिव शंकर सोनी, शुभम केसरवानी प्रतीक शुक्ला एवं संजय सोनी को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गोधन न्याय योजना बना रूपलाल के लिए मुश्किल वक्त का सहारा, 863 क्विंटल गोबर बेचकर प्राप्त की डेढ़ लाख से अधिक की आमदनी

## 50 हजार रुपये का कर्ज चुकाने के साथ-साथ किया भांजी-भांजा का विवाह

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना राज्य के पशुपालकों के साथ-साथ किसान, मजदूर सहित समाज के निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अनेक दृष्टि से बहुपयोगी साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए गए यह महत्वपूर्ण योजना जिले के गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम देवगहन के पशुपालक रूपलाल के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। इस योजना के फ्लस्वरूप किसान रूपलाल ने अब तक 863 क्विंटल गोबर बेचकर 1लाख 72 हजार 782 रूपए की आमदनी प्राप्त की है। रूपलाल ने गोबर बिक्री से प्राप्त राशि से 50 हजार रूपए के कर्ज को भी चुकाया है। इसके अलावा उन्होंने शेष राशि का उपयोग अपने भांजा-भांजी के शादी के लिए भी किया है।

### गोबर हमारे आर्थिक संबलता का आधार बनेगा

रूपलाल ने कहा कि यह योजना उनके अलावा उनके जैसे अनेक गरीब लोगों के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनकर वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से उनके पशुओं के गोबर कीमती होने तथा उनके आर्थिक संबलता के आधार बनने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी साफझलक रही है। रूपलाल ने आगे बताया कि हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि गोबर बिक्री से भी कभी हमें राशि प्राप्त होगी और गोबर हमारे आर्थिक संबलता का आधार बनेगा। रूपलाल ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक सच्चे अभिभावक की भांति हम पशुपालकों एवं किसानों के महत्व को समझते हुए एवं उनका सम्मान करने का अभिनव प्रयास किया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### हमारे जैसे गरीब परिवार के लोगों के लिए योजना किसी संजीवनी से कम नहीं- रूपलाल

पशुपालक कृषक रूपलाल ने इस योजना के फलस्वरूप उनके जैसे अनेक लोगों को मिल रहे मदद के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वे बहुत ही निम्न मध्यम वर्ग के पशुपालक कृषक परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने बताया कि थोड़ी बहुत पैतृक जमीन एवं पशुपालन के व्यवसाय से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। रूपलाल ने बताया कि आज से कुछ वर्ष पहले तक थोड़ी बहुत खेतीयुक्त जमीन से समुचित उत्पादन नहीं होने तथा दुग्धपालन व्यवसाय से कोई खास आमदनी नहीं होने के कारण अपने एवं अपने परिवार का देखभाल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा इस योजना के प्रारंभ होने के पूर्व वे काफी दिनों तक अपने गांव देवगहन में चरवाहा के रूप में भी काम कर रहे थे। लेकिन इससे भी कोई खास आमदनी नहीं हो पाती थी। राज्य शासन के गोधन न्याय योजना के शुरूआत से ही मैं और मेरा परिवार नियमित रूप से गोबर एकत्र कर बिक्री का कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार के गोधन न्याय योजना के माध्यम से हम किसानों एवं पशुपालकों के माध्यम से गोबर खरीदी कर एवं समय पर इसका भुगतान किए जाने से यह योजना वास्तव में हम जैसे लोगों के लिए बहुत ही मददगार साबित हो रहा है। अब हमें अपनी छोटी-मोटी पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने तथा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं ईलाज आदि के खर्च के वहन के लिए समय पर राशि उपलब्ध हो रहा है। जो हमारे जैसे गरीब परिवार के लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। अब इस योजना के फ्लस्वरूप समय पर राशि मिलने से हमारी आर्थिक स्थिति भी सुधरा है और परिवार में खुशहाली आयी है। जिससे मैं और मेरा परिवार सुखद भविष्य की आस लेकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने जिले के दार्शनिक व आकर्षण केंद्र पोड़ी हनुमान गार्डन का सौंदर्यीकरण तथा सुधार कार्यों का किया लोकार्पण

## मंत्री अकबर ने 6 लाख 28 हजार रुपए की दी थी मंजूरी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने जिले के दार्शनिक व आकर्षण केंद्र के रूप में पहचान रखने वाले ग्राम पंचायत पोड़ी के हनुमान गार्डन जीर्णोधार और विद्युतीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। जनपद सदस्य विजय सिंह ने मंत्री अकबर के समक्ष ग्राम पंचायत पोड़ी के हनुमान गार्डन जीर्णोधार और विद्युतीकरण कार्य की मांग की थी। जिस पर मंत्री अकबर ने पोड़ी क्षेत्र के नागरिकों के जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 6 लाख 28 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। कैबिनेट मंत्री अकबर ने कहा की पोड़ी हनुमान गार्डन के सौंदर्यीकरण होने से नागरिकों को आकर्षित कर रहे है। बच्चों से लेकर बड़े सभी यहां सुकून महसूस कर रहे हैं। बच्चों की जरूरतों को विशेष ध्यान रखा गया है, बच्चे यहां भरपूर मनोरंजन करेंगे। इस अवसर पर पीतांबर वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा की प्रकृति के साथ हमारे मन, हृदय और शरीर का मिलन पार्क या गार्डन में होता है। इस प्रकृति समन्वय के स्थान पर कुछ देर मात्र समय बिता कर हम स्वयं को उर्जावान, तेजस्वी और विचारों को सकारात्मक बना सकते हैं। गार्डन का नित्य सेवन हमारे जीवन को सुखद बना सकता है। उन्होंने बताया कि पोड़ी गार्डन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ जीवन व्यतीत करने में वरदान साबित होंगे। वह अपना खाली समय इस गार्डन में व्यतीत कर सकते है। जनपद सदस्य विजय सिंह ने बताया कि स्वीकृत राशि से हनुमान जी के प्रतिमा का रंग रोगन, परिसर के मरम्मत कार्य, बच्चों के मनोरंजन के लिए घिसलपट्टी, झूला बैठने के लिए कुर्सी लगाया गया है । गार्डन के चारो ओर पन्द्रह स्ट्रीट लाइट के खंभे व तिरंगे कलर का एल.ई.डी. लाइट खंभो में लगाया गया है। जिसे रात्रि में देखते ही भव्यता का एहसास दिला रहा है साथ ही जगमग रोशनी के साथ देश-धर्म दोनों का झलक देखने को मिल रहा है। उन्होंने ने बताया कि हनुमान जी की प्रतिमा के पीछे लगे भगवा ध्वज के खंभे को बदल कर 45 फिट लोहे के मजबूत पाइप लगाया गया है, जिसमे भगवा ध्वज लहरा रहा है। शिव महापुराण के कथा वाचक पंडित हरीश चतुर्वेदी के हाथों से ध्वजपूजन के बाद ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए। हनुमान गार्डन के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए क्षेत्रवासियों ने मंत्री अकबर का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जनपद सदस्य पहुंचे देवपांडुम , खराब सड़क को बनवाने के लिए अधिकारियों से मांग रखी



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ग्राम देवपांडुम के ग्रामीणजन जनपद सदस्य संजय बैस के पास गांव में पहुंच मार्ग की सही व्यवस्था नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। निरीकण करने जनपद सदस्य संजय बैस ग्राम पहुंचे। जिले में पर्यटन स्थल के नाम से प्रसिद्ध देवपांडुम जिसे बालोद के राजा के द्वारा पूरे जंगल में देव की स्थापना किए थे। जिसके कारण गांव नाम देवपांडुम का नाम पड़ा पूरे जिले में पर्यटन का अद्भुत नजारा है लोग यह घूमने परिवार सहित आते है पर इस गांव में पहुंच मार्ग का हाल बेहाल है ग्रामीण जन, ग्राम पटेल, ग्राम पंचायत के पंच अपनी समस्या लेकर क्षेत्र के जनप्रतिधि जनपद सदस्य संजय बैस के पास पहुंचे और अपनी बात रखी। ग्रामीण जनों की बात को गंभीरता से लेते हुए संजय बैस, युवा नेता इमरान खान, मनीष जेठवानी, के साथ देवपांडुम पहुंचे तथा लोगों के साथ सड़क का निरीक्षण किया संजय बैंस ने बताया की सड़क की स्थिति बहुत जर्जर है जबकि ककरेल तक प्रधानमंत्री योजना की सड़क का निर्माण हो चुका है। पर देवपांडुम की सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना में आता है। हम ग्रामीण जन के साथ इस क्षेत्र की मंत्री, कलेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से अपनी वाजिब मांग को रखेंगे। शीघ्र ही हमारे पर्यटन स्थल पहुंच मार्ग का निर्माण हो और और आज ही सभी से बात करेंगे जरूरत पड़ने पर सड़क निर्माण के लिए आंदोलन भी करना पड़े तो ग्रामीण जन के साथ आंदोलन भी करेंगे। ग्राम पटेल रामाधीन कुरेटी ने बताया की वर्षो से इस सड़क के लिय जगह जगह आवेदन दे रहे है पर इसका निराकरण नहीं हुआ। हम अपनी बात और समस्या लेकर श्री बैस के पास गए थे और आज देखने भी पहुंचे हम सभी ग्रामीण जन अपनी गांव के विकास के लिए श्री बैस के साथ आंदोलन के लिए तैयार है सड़क निरीक्षण के दौरान ग्राम पटेल रामाधीन कुरेटी पंच कितन बाई, सरजू राम, गैंदू राम, धरम सिंग ,राजेंद्र

# नवा रायपुर में डीएवी की सौगात

**बेमेतरा।** नवा रायपुर के सेक्टर 15 में पूरे एशिया का प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थान तथा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में 900 (नौ सो) से अधिक इकाई का संचालन करने वाले डीएवी कालेज प्रबंध समिति नई दिल्ली के द्वारा संचालित व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से संबंध रखने वाली संस्था डीएवी नया रायपुर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को उत्तम,गुणात्मक और आधुनिक शिक्षा के लिए सेक्टर 15 के नवा रायपुर में अपना नया इकाई प्रारंभ कर रहे है। जिसमें पंजीकरण आज से (29 मई) से प्रारंभ किया जा रहा है डी ए वी संस्था सह शैक्षिक, अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए एवं सफल शिक्षा के क्षेत्र के लिए जाना जाता है और इसका नया रायपुर सेक्टर 15 में प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को भी एक उचित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। डी ए वी एक प्रसिद्ध संस्थान है इसका नवा रायपुर में प्रारंभ होने से लोगो को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डी ए वी के कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के लिए कोई भी पेन पेपर परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है। डी ए वी संस्थान छिपी हुई प्रतिभाओं की खोज करके बच्चों के समग्र विकास की गहरी प्राचीन मूल्यों के साथ प्रगति की गारंटी देता है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख श्री प्रशांत कुमार जी क्षेत्रीय निदेशक (डिप्टी रीजनल ऑफिसर) ने जानकारी साझा किया है।

# पीएम मोदी ने मन की बात में बालोद जिले के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह और टीम द्वारा जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे काम का किया जिक्र, की तारीफ

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन कि बात के 101वीं एपिसोड में आज बालोद जिले के ग्रीन कमांडो के नाम से मशहूर वीरेंद्र सिंह एवं टीम द्वारा जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे काम का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के युवाओं ने पानी बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरुक करते हैं। कहीं शादी ब्याह जैसा कोई आयोजन होता है, तो युवाओं का यह ग्रुप वहां जाकर पानी का दुरुपयोग कैसे रोका जा सकता है..? इसकी जानकारी देता है। पीएम मोदी के द्वारा जल संरक्षण को लेकर किये जा रहे ऐसे सार्थक प्रयास को लेकर मन की बात में जिक्र से ग्रीन कमांडो एवं उनकी टीम में नया ऊर्जा के संचार भरा है। जिले के लौह नगरी के नाम से मशहूर दल्लीराजहरा के रहने वाले ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह कई वर्षों से जल एवं पर्यावरण के संरक्षण को लेकर नित नए नए प्रयास व पहल करते हुए लोगों को जागरूक करते आ रहे हैं। कभी स्कुलो में जाकर जल के संरक्षण के लिए बच्चों को घर घर जल बचाने का संदेश देते है तो कभी शादी कार्यक्रमो में जाकर दूल्हा-दुल्हन को आठवां वचन जल संरक्षण को लेकर देते नजर आते है। तो कभी मछली का वेश धारण कर बिन पानी के मछली तड़पती है, वैसा जागरूकता का सन्देश लोगों को देते हैं।

### शादी ब्याह में दिया जल संरक्षण का संदेश

दरअसल मन की बात में जिस शादी ब्याह में जल से संरक्षण को लेकर लोगो को जागरूक करने का जिक्र पीएम मोदी ने किया है, वह दल्लीराजहरा शहर के वार्ड 17 की बात है। दूल्हा वर संजय कुमार पिता कुंवर सिंह विश्वकर्मा एवं दुल्हन खिलेश्वरी पिता भानेश्वर विश्वकर्मा ने अपने शादी में दोनो पक्षों के अलावा आसपास के लोगो को जल संरक्षण का संदेश देते हुए प्रेरित किया था कि अपने आस पास के नल से जल बहने नही देगें। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने इस शादी कार्य म में शामिल होकर सभी से जल बचाने के लिए निवेदन किया था।

### स्कूल में बच्चों को किया जागरूक

अभी कुछ दिनों पहले ही ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह एवं टीम ने शासकीय प्राथमिक स्कूल लिम्हाटोला में बच्चों को स्कूल से आते जाते घर घर जा कर लोगों से निवेदन करते हुए नज़र आये थे, नल से जल बहने नही देना और आस पास के लोगों को भी प्रेरित करना के सन्देश दिया था। वीरेंद्र सिंह ने बच्चो को बताया था की आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण कितना जरुरी है। आपके घर सब कुछ है पर जल ना होगा तो भोजन नहीं बनेगा। इसी तरह खेल खेल में ड्रेस में जल संरक्षण का पेंटिंग्स कर बच्चो के बीच गोल गोल रानी इत्ता इत्ता पानी का संदेश देते हुए जल को व्यर्थ नही बहने जागरूक किया था।

# गौठान के नाम पर किया जा रहा है गौ मृत्यु और घोटाला केंद्र संचालित

## भिंभौरी मण्डल में गौठानो का निरीक्षण किया गया जहां मिला भारी अव्यवस्था

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, भिंभौरी मण्डल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, मण्डल महामंत्री पोषण वर्मा, त्रिलोचन वर्मा और कार्यकर्ताओं के साथ गौठान का निरीक्षण किया गया जिसमें सबसे पहले आदर्श गौठान ग्राम सांकरा का निरीक्षण किया गया। जहां पर एक भी पशु नही मिला, नही पशुओं के लिए पानी डाला गया था, गौठान में पशुओं को रखने के लिए जो बांस का शेड बनाया गया है वह भी टूट गया है, वर्मीकम्पोस्ट बनाने के लिए रखे गये गोबर का शेड टूटा हुआ है तो ये कैसा आदर्श गौठान है? ग्रामीण कमल साहू से पूछने पर बताया कि यह केवल नाम मात्र का आदर्श गौठान है, हकीकत में यह गौ मृत्यु केंद्र व भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ग्रामीण कमल साहू ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव जी से गौठान का निरीक्षण करने का आग्रह किया था, व पूर्व में गौठान में गायों की मृत्यु और कुत्तो के द्वारा नोचे जाने को लेकर स्डरू बेरला को ज्ञापन दिया था जिसके बाद भी कोई जांच नही किया गया था। बताया जाता है कि ग्राम सांकरा के गौठान में 235 पशुपालक है जिनके पास 12929 पशु है इस पर कमल साहू ने बताया कि हमारे ग्राम का जनसंख्या करीब 2600 होगा और यंहा भ्रष्टाचार में लिप्त लोग 235 पशुपकलो के पास हर एक के पास करीब 55 पशु बता रहा है ये सबसे बड़ा झूठ है, 2600 की जनसंख्या में अगर 12929 पशु तो ग्राम के जनसंख्या के हिसाब से करीब जनसंख्या से 5 गुना अधिक पशु है ये सभी झूठ, और भ्रष्टाचार का एक जरिया बन गया है, साथ ही बताया गया है कि यहाँ 700 पेड़ लगा हुआ है जो रायपुर मुख्य मार्ग से गजरने वालो का मन मोह लेता है, पर निरीक्षण में मुश्किल से 20 से 25 पेड़ मिला। पशुपालक रानू यादव ने बताया कि उनके पास हर रोज करीब 3 क्विंटल गोबर होता है पर उनसे सिर्फ 50 किलो ही खरीदा जाता है, इस पर नरेंद्र वर्मा जी ने पूछा कि इसी गौठान से खाद बना कर राजीव युवा मितान क्लब की अध्यक्ष भुनेश्वरी ने 5 लाख 38 हजार काम कर कार खरीद है, तो रानू ने बताया कि ये सब झूठ है और ये सभी कांग्रेस का सदस्य है इस लिए मुख्यमंत्री के सामने झूठी वाहवाही लुटा गया, दिसम्बर 2022 तक 560 क्विंटल खाद बनाया गया था उसका (3.27+.65+1 =492 रुपये क्विंटल) होता है उस हिसाब से 2 लाख 75 हजार 5 सौ के करीब होता है। साथ ही ग्राम तिलई के गौठान का निरीक्षण किया गया जहाँ पर कोई भी पशु नही मिला और सिर्फ रोजगार सहायक के यहां बोरी में भरकर 35 गोबर को लाना बताया, ग्रामीणों ने बताया कि भूपेश बघेल बहुत बड़ा झूठा है जो कहता है कि गौठान के लिए 13-19 लाख रुपये खर्च किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सांकरा तिलई के बाद ग्राम गोंड़गिरी पहुंचे जहां पर गौठान में कोई भी पशु नही था, नही ही पशुओं के लिए कोई व्यवस्था है, ग्रामीण यशवंत वर्मा ने बताया कि ग्राम सभा द्वारा नियुक्त किया गया गौठान समिति के अध्यक्ष को हटाकर किसको अध्यक्ष बनाया गया है किसी को पता नही है, आगे बताया कि विधायक के सचिव से बात करने पर बताया कि गौठान समिति का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है, नाम पूछने पर अभी तक कोई जवाब नही दिया गया है। गोंड़गिरी में चौक पर जाने के बाद ग्रामीणों से बात करने पर बताया कि किसको अध्यक्ष बनाया है इसको विधायक और उनके कार्यकर्ता जाने पर, न हमारे गांव में 19 लाख का गौठान बना है नही हर महीने 10 रखरखाव के लिए किसको आता है पता नही पर ये सत्य है कि भूपेश बघेल गौठान के नाम पर अपना भ्रष्टाचार का केंद्र चला रहा है। सांकरा, तिलई, गोंड़गिरी के ग्रामीणों का कहना है कि ये गौठान योजना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पोषित करने का योजना है इससे गौ माता और विकास का कोई लेना देना नही है। जब गौठान में कोई भी पशु नही है तो हर महीने 10 हजार किसके देखभाल के लिए दिया जा रहा है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग, जोन क्रमांक- 05

E mail :- Zonefivebhilai@gmail.com

क्र./लो.क.वि./जोन क्र. 5/2023/489/108 भिलाई, दिनांक 25.5.2023

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. एवं जारी दिनांक | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 05 अंतर्गत वार्ड क्र. 69 एवं 70 हुडको क्षेत्र में बैकलाईन सफाई कार्य। | 135320 24.05.2023 | 29.98 | 14.06.2023 |

निविदा हेतु शपथ पत्र एवं धरोहर राशि की एफ.डी.आर. स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज तथा कार्य हेतु दी जाने वाली दरें ऑनलाईन (Online) दी जायें। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.nad.cg.gov.in एवं चीप्स की वेबसाईट के वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 05, सेक्टर-06
नगर पालिक निगम, भिलाई


# कुपोषण दर में कमी लाने जिले में जारी है पोट्ठ लईका अभियान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, बच्चों को कुपोषण से बचाने और अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना चलाया जा रहा है। सुपोषण अभियान के तहत कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में जिले में पोट्ठ लईका अभियान चलाया जा रहा है। बेमेतरा जिले में इस अभियान का अच्छा परिणाम नजर आ रहा है और जिले में कुपोषण दर में कमी आ रही है। पोट्ठ लईका अभियान के तहत परियोजना बेमेतरा के ग्राम खिलोरा में एसडीएम बेमेतरा सुरुचि सिंह की उपस्थिति में कल कुपोषित बच्चों के अभिभावक, मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परामर्श बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में बताया गया कि गांव के कुपोषित बच्चों में ग्रेड परिवर्तन हुआ है। खिलोरा के दुलेश्वरी साहू और लेखमणी साहू अतिकुपोषित श्रेणी से सामान्य वर्ग तथा 5 बच्चे मध्यम से सामान्य वर्ग एवं एक बच्चा अतिकुपोषित श्रेणी से मध्यम श्रेणी में आ गया है। इसी तरह परियोजना खण्डसरा के ग्राम झाल में कल कुपोषित बच्चों के अभिभावक, मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परामर्श बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में बताया गया कि गांव के कुपोषित बच्चों में ग्रेड परिवर्तन हुआ है।

# औद्योगिक क्षेत्र एवं कोचिंग क्लास सेंटर भवन की स्वीकृति मिली

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, उपाध्यक्ष अशोक लोहिया, कोषाध्यक्ष रमेश मित्तल, सदस्य संजय साहनी ने प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री के निवास पर जाकर राजहरा व्यापारी संघ की दो बहुप्रतीक्षित मांगे जिसमें उद्योग केंद्र के लिए 25 एकड़ जमीन का आबंटन व कोचिंग क्लास सेंटर भवन के लिए 34 लाख की स्वीकृति कराने के लिए मंत्री मेडम को मोमेंटो व गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद व आभार प्रकट किया। वहीं राजहरा के लिए अन्य मांगे बायपास सड़क, 100 बिस्तर अस्पताल, केंद्रीय विद्यालय आरंभ करने के लिए चर्चा की गई । जिसके लिए मंत्री श्रीमती भेंडिया कहा कि आने वाले महीनों में इस मांग को भी पूरा कर दिया जाएगा इसके लिए व्यापारी संघ ने मंत्री महोदया को धन्यवाद प्रदान किया। ज्ञात रहे कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए राजहरा के समीप कारू टोला गांव के आसपास 25 एकड़ भूमि तय की गई है इसका शीघ्र ही चिन्हित किया जाना है।


## शपथ पत्र

शपथकर्ता- श्री टीकेश्वर कुमार कंवर पिता श्री चिन्ताराम कंवर जाति कंवर उम्र 40 वर्ष निवासी नागरकोहरा, पो. चिचोला, तह. छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

मैं शपथकर्ता निम्न कथन प्रस्तुत करता हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तनुसार है।

2. यह कि मेरा वास्तविक नाम टिकेश्वर कुमार कंवर पिता चिन्ता राम कंवर जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है जो सत्य एवं सहीं है।

3. यह कि मेरे नाम से एक पालिसी भारतीय जीवन बीमा निगम से है जिसका पालिसी नं. 382780869 दिनांक 28.03.2002 है। जिसमें मेरा नाम भूलवश संतोष कुमार कंवर दर्ज है जिसमें सुधार कर वास्तविक नाम टिकेश्वर कुमार कंवर लिखने पढ़ने एवं सुधार करने की आवश्यकता है।

4. यह कि टिकेश्वर कुमार कंवर एवं संतोष कुमार कंवर दोनों नाम मुझ शपथकर्ता एक ही व्यक्ति का नाम है। जिसके लिए यह शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूं।

5. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य एवं सही गलत पाए जाने पर जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की समस्त कंडिका मेरे स्वतः के ज्ञान से सही एवं सत्य है अतः आज दिनांक 15.05.2023 को स्थान छुरिया में अपने हस्ताक्षर से स्त्यापित किया।

मुहर

टीकेश्वर
शपथकर्ता



CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कार्पोरेट एवं पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलीना सांताक्रूज (ईस्ट), मुंबई-400098,
सीआईएन : U65922MH2016PLC273826

### कब्जा सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को मांग सूचना(एं) जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह- कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार(रों)/सह कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की इसमें वर्णित राशि(यों) तथा उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम/ऋण खाता संख्या/शाखा | प्रत्याभूत आस्तियों (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना की तिथि एवं कुल बकाया राशि (रू.) | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लक्ष्मी साहू/रवि कुमार साहू/उत्तम चंद साहू/ RPRRP18001819/ रायपुर | एलआईजी फ्लैट नंबर 616, छठा तल, परिमाप सुपर बिल्ट अप एरिया 1005.77 वर्ग फीट, ब्लॉक-I, कमल विहार योजना 4, सेक्टर-4, कोमल विहार, रायपुर, रायपुर-492001, छत्तीसगढ, | 12-12-2022 रू. 9,01,070/- (रूपए नौ लाख एक हजार सत्तर मात्र) | 24.05.2023 |
| 2 | कोमल जैन/शोभा जैन/साकेत जैन/ RPRDU20005197/ रायपुर | खसरा नंबर 84/2, परिमाप 1925 वर्ग फीट, पी.एच. नंबर 18/25, ब्लॉक एवं आरएनएम-दुर्ग 1, वार्ड नंबर -39, दीपारपारा, कचहरी वार्ड, मौजा- कसारीडीह, तहसील एवं जिला दुर्ग, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़, चौहद्दी : पूरब : जोगराम सिंह का मकान, पश्चिम : दाऊ बहादुर सिंह की भूमि, उत्तर : दाऊ बहादुर सिंह की भूमि, दक्षिण : रोड | 27-10-2022 रू. 31,89,276/- (रूपए इकतीस लाख नवासी हजार दो सौ छहत्तर मात्र) | 24.05.2023 |

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

स्थान : छत्तीसगढ़
स्थान : 29-05-2023

# 29 लाख के सोने-चांदी की चोरी का खुलासा : पूछताछ में टूटा, आरोपी के घर में चावल के डिब्बे से बरामद हुए गहने

■ 6 घंटों के भीतर पुलिस ने मामला सुलझाया

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जय स्तंभ चौक के करीब कलारपारा में हुई 29 लाख के जेवरात की चोरी के मामले में पुलिस ने ब्राह्मण पारा निवासी आरोपी राजेंद्र राजपूत को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को काफी छकाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि एक ही आरोपी ने सूने घर का ताला तोड़ सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ किया था। पूरा परिवार जब धार्मिक यात्रा पर जगन्नाथ पुरी गया हुआ था तब युवक ने मौका देखकर चोरी को अंजाम दिया था।

एएसपी लखन पटले ने बताया कि इस चोरी की वारदात की रिपोर्ट प्रभुदयाल सिन्हा ने दर्ज कराई थी। 24 से 25 मई की दरम्यानी रात कलारपारा स्थित उनके घर से लगभग 45 तोला सोना और 3 किलो चांदी के जेवरात की चोरी हुई थी। पीड़ित के घर के सीसीटीवी में एक व्यक्ति के घर में घुसने और वारदात को अंजाम देने की पुष्टि हुई थी। कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह ने बताया कि, प्रभुदयाल अपने परिवार के साथ 22 मई को जगन्नाथपुरी गए हुए थे इस दौरान ही यह वारदात हुई। शिकायत मिलते ही छानबीन शुरु की गई। सीसीटीवी फुटेज के साथ ही अन्य तकनीक के माध्यम से आरोपी को ट्रेस किया गया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर वह इंकार करता रहा। लेकिन आखिर में उसने ब्राह्मण पारा के नाले में जेवर छिपाने की बात कही।

पुलिस ने निशानदेही पर नाला से जेवर बरामद करने की कोशिश की तो वहां थैले में जेवरात के खाली डिब्बे मिले। आरोपी से पूछताछ में उसने कहा कि शायद जेवरात बह गए हैं। पुलिस का संदेह और गहराता गया। इसके बाद उन्होंने उससे दोबारा कड़ाई से पूछताछ की। आखिर में आरोपी राजेंद्र ने बताया कि सारे गहने उसके घर में चावल के डिब्बे में छिपाकर रखे गए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि - आरोपी के घर से सभी चोरी गए जेवरात बरामद किए जा चुके हैं। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के 6 घंटे के भीतर पुलिस ने इस मामले को सुलझा लिया था। आरोपी के खिलाफ धारा 457,380 भादवि के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### नगर में 1 जून से व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर

डोंगरगांव। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान् में नगर में 1 जून से ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में होने जा रहे उक्त आवासीय शिविर में ब्लॉक के लगभग 150 युवाओं के शामिल होने की संभावना है। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में स्वस्थ युवा सबल राष्ट्र, स्वावलंबी युवा संपन्न राष्ट्र, शालीन युवा श्रेष्ठ राष्ट्र, सेवाभावी युवा सुखी राष्ट्र की अवधारणा के साथ आयोजित उक्त शिविर में युवक युवतियों के लिए अलग अलग ठहरने की व्यवस्था की गई है। संपूर्ण शिविर निःशुल्क है, लेकिन पंजीयन शुल्क मात्र 51 रू. रखा गया है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा तथा शिविर संयोजिका श्रीमती शीला सोनी ने बताया कि शिविर में सम्मिलित होने हेतु 1 जून को सायं 5 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है। पश्चात् पंजीयन आदि के बाद सायं 7 बजे शिविर का भव्य शुभारंभ होगा। इसके बाद रात्रि में टोली गठन तथा अनुशासन गोष्ठी, दूसरे दिन 2 जून से 4 जून तक सुबह 5 बजे से योग, प्राणायाम, ध्यान, सुबह 8 बजे से सायं 7 बजे तक विभिन्न सत्रों में अलग अलग विषयों पर युवाओं का मार्गदर्शन किया जायेगा।

# हेमंत ओस्तवाल को कांग्रेस ने पार्टी से निकाला, 6 साल के लिए निष्कासित

■ बुढ़ा सागर की जांच और शिकायतों के चलते कार्रवाई

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी विरोधी गतिविधियां छेड़ने का आरोप लगाते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने यह कार्रवाई की है। बीते कुछ दिनों में ओस्तवाल महापौर हेमा देशमुख के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं। ओस्तवाल ने बुढ़ा सागर सौंदर्यीकरण में भ्रष्टाचार में महापौर की भूमिका पर न सिर्फ सवाल उठाए बल्कि पार्टी के नेताओं और आर्थिक अपराधों की जांच करने वाली एजेंसियों से भी उनकी शिकायत की थी। उनके इस प्रयासों को ही पार्टी ने विरोध मानते हुए कार्रवाई की है।

बताया जा रहा है कि बुढ़ासागर सौंदर्यीकरण में हुए भ्रष्टाचार मुद्दों को लेकर भी ओस्तवाल सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे। माना जा रहा है कि उनके इस कार्यप्रणाली को संगठन के खिलाफ जाने से जोड़कर देखा गया है। राजनांदगांव जिला संगठन प्रभारी अरुण सिसोदिया के पत्र के आधार पर शहर अध्यक्ष छाबड़ा ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए ओस्तवाल को कांग्रेस पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। हेमंत ओस्तवाल तत्कालिन महापौर नरेश डाकलिया के कार्यकाल में एमआईसी मेम्बर भी रहे। निष्कासन के संबंध में पूर्व पार्षद ओस्तवाल ने कहा कि उनके द्वारा बुढ़ासागर घोटाले की जांच की मांग कांग्रेस सरकार से की गई थी। जिसकी जांच करने के बजाय उन्हें पार्टी से निष्कासित किया गया है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा प्रयास रहेगा कि वह शहर के हितों को लेकर आगे भी आवाज उठाते रहेंगे।

## निगरानीशुदा गुंडा-बदमाशों की पुलिस ने परेड ली, अपराध से दूर रहने की दी हिदायत

पायनियर संवाददाता खैरागढ़
www.dailypioneer.com



केसीजी जिले में हो रही चोरी जैसी वारदातों की रोकथाम के लिए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर अभियान चलाया गया। जिले के गुंडा, निगरानी बदमाशों एवं सस्पेक्टेड लोगों को खैरागढ़ थाना बुलाकर जिले में हो रहे चोरी जैसी वारदातों के संबंध में सघन पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खैरागढ़ लालचंद मोहले के निर्देशन में प्रशिक्षु उपुअ प्रतिभा लहरे एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व में 27 मई को जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में हो रहे चोरी जैसी वारदातों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के गुंडा, निगरानी बदमाशों एवं सस्पेक्टेड लोगों को खैरागढ़ थाना में बुलाया गया। उनसे हो रहे चोरी एवं मोटर साइकिल चोरी जैसी वारदातों के संबंध में सघन पूछताछ किया गया तथा खैरागढ़ थाना से 17 गुंडा, निगरानी बदमाश, गंडई से 2 गुंडा निगरानी बदमाश, साल्हेवारा से 2 गुण्डा, निगरानी बदमाश, ओपी जालबांध से 3 गुण्डा, निगरानी बदमाश कुल 24 बदमाशों को थाना बुलाया गया।

# रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इण्डिया फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

■ आयोजन समिति ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप, पहले दिन दो मैच खेले जायेंगे

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव, जिला क्रिकेट संघ, राजगामी संपदा न्यास एवं पी4 समिति के संयुक्त तत्वाधान में आज 29 मई से दिग्विजय स्टेडियम में प्रारम्भ हो रही रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इण्डिया टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आयोजन समिति ने प्रारम्भ हो रही इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली है। स्पर्धा में प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सध्या 5:30: बजे से एवं दूसरा मैच रात्रि 8:30 बजे से खेला जायेगा। मैच का प्रथम चरण लीग आधार पर खेला जायेगा।

टूर्नामेंट में पहली बार आईपीएल का रोमांचक नियम इम्पेक्ट प्लेयर का नियम लागू रहेगा। मैच को प्रदेश के मान्यता प्राप्त अपायर व स्कोरर सम्पन्न करायेंगे। पूरे स्टेडियम में डीजे की ध्वनि गुंजायमान होगी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बडी एलईडी स्कीन में जनता को मैच का आनंद भी प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने नगर व अंचल की खेल प्रेमी जनता से दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने की अपेक्षा की है।

**दिग्गज खेल चुके इस मैदान में :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मुताबिक छः सालों के बाद पहली बार नये स्टेडियम में यह लोकप्रिय आयोजन होने जा रहा है। पिछले 16 वर्षों तक लगातार जारी इस प्रतियोगिता में खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा गया है। वीरेंद्र सहवाग, गौतम गंभीर, विजय दहिया, श्री संत, नयन मोगिया, नितीश राणा, आर.पी. सिंग एवं अन्य अंतराष्ट्रीय खिलाडियों के रोजांचक मैच आज भी दर्शकों के जहन में ताजा है। पिछली बार एल.बी. शास्त्री नई दिल्ली की टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। मध्य भारत की यह सबसे लोकप्रिय सर्वाधिक पुरस्कार वाली प्रतियोगिता मानी जाती है।

**पहले दिन टकराएंगी 4 टीमें -** सोमवार को पहला मैच संध्या 5.30 बजे से जिला क्रिकेट एसोसिऐशन राजनांदगांव विरूद्ध ओडिशा किकेट एसोसिऐशन व दूसरा मैच रात्रि 9:00 बजे से छग स्टेट क्रिकेट संघ विरूद्ध वीटीसीडी नागपुर के मध्य होगा।

# प्रतिबंधित किस्म के पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी को वन अमले से मिल रहा संरक्षण

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका क्षेत्र में फलदार, इमारती और प्रतिबंधित किस्म के हरे भरे पेड़ो की बेखौफ कटाई चल रही है। वन विभाग, राजस्व और प्रशासन के अफसरों तक जानकारी पहुंचने के बाद भी कार्रवाई से हाथ खींचकर मामले को टाला जा रहा है।

घुमका और रीवागहन में खुले आम फलदार आम के हरे भरे दर्जनों पेड़ काट दिया गया। इलाके के कई गांव में फलदार पेड़ों की लगातार कटाई चल रही है। यहां तक कि प्रतिबंधित सागौन लकड़ियों को काटने की गम्भीर शिकायतों को भी वन,राजस्व और प्रशासन नजरअंदाज करने में लगे हैं।बीते तीन दिन में बाटगांव और रीवागहन में औषधीय प्रतिबंधित कौहा के दर्जनों पेड़ो को काट दिया गया और तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए सरकार के तमाम प्रयासों के साथ ही करोड़ों रुपये खर्च कर चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन तो बहुत दूर उल्टे घुमका समेत पूरे क्षेत्र में लम्बे समय से हरे भरे छायादार और फलदार कई प्रतिबंधित प्रजातियों के पेडों की अवैध कटाई की जा रही है। इसे खुलेआम आसपास और शहरों के आरामिलों में आसानी से खपाने का खेल राजस्व और वनविभाग के नाक के नीचे चल रहा है और वन अमले के तमाम मैदानी कर्मचारियों और उड़नदस्ता केवल औपचारिकता निभाने में लगा हुआ है।

घुमका, खैरा, बाटगांव, टुरीपार,कलेवा,बोटेपार, औरदा गांव में खुलेआम प्रतिबंधित 'अर्जुन' (कौहा) के पेड़ों को लकड़ी तस्कर बेखौफ काटकर मालवाहकों में भरकर आरामिलों से लेकर शहरों में फैक्ट्रियों तक पहुंचाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। वनविभाग के कर्मचारी-अधिकारी कार्यवाही में पीछे हैं। तस्करी के एवज में मोटी रकम विभाग तक पहुंचायी जा रही है व लंबे समय से लकड़ी तस्करी के किसी भी बड़े आरोपी तक विभाग नहीं पहुंच पाया है।

## अमरकंटक राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. पीसी लाल यादव हुए सम्मानित



**गंडईपंडरिया।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एस.एस.आर.) नई दिल्ली की ओर से बीते दिवस 25 व 26 मई को 'जन जातियों के बीच स्वदेशी ज्ञान की अनूठी प्रथाएँ और डिजिटल इंडिया में इसकी प्रासंगिकता' विषय पर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन व अतिथियों के सत्कार बाद डॉ. पीसी लाल यादव ने 'जनजातियों की स्वदेशी ज्ञान सम्पदा और लोक साहित्य' विषय पर अपना शोधपूर्ण व सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये। डॉ यादव ने छत्तीसगढ़ की गोंड व बैगा जनजाति के स्वदेशी ज्ञान व उनकी परम्पराओं की सोदाहरण प्रस्तुति देकर जनजातियों में प्रचलित लोक साहित्य पंडवानी व रामायनी का उल्लेख किया। दूसरे दिन भी प्रथम सत्र में डॉ. पीसी लाल यादव ने जनजातियों में प्रचलित लोकोक्तियों (हाना) व प्रहेलिकाओं (जनौला) को केंद्र में रखकर जनजातियों की वाचिक परम्परा में उपलब्ध लोक साहित्य के संग्रहण तथा अभिलेखन पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश मणि त्रिपाठी कुलपति व डॉ.संजय द्विवेदी महानिदेशक ने डॉ.पीसी लाल यादव को पुष्पगुच्छ, श्रीफल, शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# कुम्हालोरी-सुरगी-हल्दी मार्ग निर्माण में कोताही कर रहे अधिकारी, जल्द शुरु हो पैचवर्क : शाहिद

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने कुम्हालोरी, सुरगी व हल्दी मार्ग के निर्माण में पीडब्ल्यूडी प्रशासन की लचरता को कारण बताते कहा कि इस मार्ग के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात के दौरान घोषणा की की है। 6 माह बाद भी उक्त कार्य का प्रारंभ न होना विभागीय उदासीनता का परिचायक है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महामंत्री शाहिद ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अति व्यस्ततम मार्ग कुम्हालोरी, सुरगी व हल्दी मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य को मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति सहित घोषणा की है, उसके बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता के चलते यह काम आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है और तो और जर्जर सड़क को पेंचवर्क भी करने में पीडब्ल्यूडी विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय है। जिसके चलते क्षेत्र की जनता, किसान, छात्र-छात्राएं, महिलाएं सभी को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महामंत्री शाहिद ने कहा कि विभाग के एसडीओ से संपर्क करने पर वह दसों बार मंत्रालय रायपुर जाने की बात कहकर राज्य सरकार की नेक नियति और कुशल प्रशासनिक अमले को आम जनता के बीच प्रश्नवाचक चिन्ह के रूप में खड़े करने का दुस्साहस भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप यह कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो और जब तक नवीन सड़क निर्माण न हो तब तक तत्काल सड़क का पेंचवर्क को डामर से किया जाकर उसे चलने लायक तत्काल बनाया जाए। इसके पश्चात भी यदि विभागीय अकर्मण्यता हावी रही तो जनता के हित में विभाग का घेराव भी किया जाएगा।

## कोर्ट से स्टे के बाद भी नहीं मिला चार्ज, अब वेतन भी रुका

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी की पिछले महीने सैलरी रुक गई है। इससे नेत्र सहायक अधिकारी मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। जबकि उनके द्वारा पूरे महीनेभर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम किया गया है। परेशान स्वास्थ्य कर्मी अब मामले की शिकायत जिला प्रशासन से करने की तैयारी में है। संबंधित कर्मचारी ने सिविल सर्जन पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़ित नेत्र सहायक अधिकारी एसके रामटेके ने बताया कि 26 मार्च 2022 से वे जिला अस्पताल में नेत्र सहायक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण नियम के विपरीत 15 मार्च 2023 को उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमतरा में पदस्थ कर दिया गया। उनका कहना है कि इस स्थानांतरण को चुनौती देते हुए उन्होंने कोर्ट में पीटिशन दायर किया, सुनवाई में कोर्ट ने उन्हें जिला अस्पताल में ही रखने आदेशित किया है।

**जिला अस्पताल में वे पदस्थ ही नहीं**

मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केके जैन का कहना है कि संबंधित नेत्र सहायक अधिकारी का स्थानांतरण हो चुका है। उनके स्थान पर दूसरे कर्मचारी की नियुक्ति हो चुकी है। स्थानांतरण के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें जिला अस्पताल में अटैच किया हुआ है, तो जहां पदस्थापना है, वहीं से सैलरी मिलेगी।

# महिला मोर्चा और भाजयुमो ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता खैरागढ़
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा महिला मोर्चा के नवगठित टीम के प्रथम कार्यसमिति की बैठक शनिवार को भाजपा कार्यालय खैरागढ़ में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश भाजपा से अतिथि के रूप में भावना वोहरा पहुंची तथा जिला भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक लेकर उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक के पश्चात जिला भाजपा महिला मोर्चा व जिला भाजयुमो के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय खैरागढ़ में भूपेश बघेल सरकार द्वारा शराबबंदी का वादा करके शराब घोटाला करने के विरोध में चक्का जाम किया गया। जहां पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष घम्मन साहू , भावना वोहरा , निलिमा गोस्वामी , राजलक्ष्मी पंसारी , प्रीति यादव , महिला पार्षद देवीन कोठले , पुष्पा सिंदूर , मोनिका रजक , लीमेश्वरी साहू , अरुणा सिंह , किरण गुप्ता , रेखा देवदास , ललिता साहू , इंद्राणी वर्मा , मीना पाल , ज्योति जंघेल , वंदना टांडेकर , हेमिन लाऊत्रे मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन ,कमलेश कोठले , रूपेन्द्र रजक , परमानंद साहू , रामेश्वर रामटेके , हेमु साहू ,गोरेलाल वर्मा , भुवन वर्मा शोर्यदित्य सिंह , अजय जैन , विनय चोपड़ा , अंकित अग्रवाल , अनीश सिंह , जय प्रकाश साहू सहित जिला भाजपा,महिला मोर्चा व भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा और भाजयुमो ने शराब भट्टी सहित चौक-चौराहों पर पोस्टर चिपकाए

# दो हजार करोड़ के शराब घोटाले के खिलाफ भाजपा का पोस्टर अभियान

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा महिला मोर्चा एवं जिला भाजपा युवा मोर्चा ने संयुक्त रुप से छत्तीसगढ़ सरकार के दो हजार करोड़ के शराब घोटाले के खिलाफ पोस्टर अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत महिलाओं और युवाओं ने शहर के चौक -चौराहों में भूपेश बघेल सरकार की करतूतों से वाकिफ कराने वाले पोस्टर चिपकाएं हैं। अभियान की शुरुआत शहर के नंदई चौक से हुए, जिसके बाद सभी महिला और युवा नेता मोहारा स्थित शराब दुकान भी पहुंचे। यहां भी उन्होंने प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए भूपेश सरकार की खिलाफत की और पोस्टर चिपकाया। प्रदेश में दो हजार करोड़ के अवैध शराब के घोटाले को लेकर भाजपा आक्रामक है। इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री सहित कई अफसरों और नेताओं की भूमिका को लेकर भाजपा ने आरोप लगाए हैं। ईडी की कार्रवाई में ही इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि -यह सारा गोरखधंधा मुख्यमंत्री के संरक्षण में ही हुआ है। जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू व जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने संयुक्त रुप से कहा कि -हमने दो हजार करोड़ के अवैध शराब घोटाले के खिलाफ पोस्टर अभियान शुरु किया है। इस पोस्टर से लोगों को छत्तीसगढ़ की मौजूदा भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार की कारस्तानियों की जानकारी मिलेगी। गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी का वायदा करने वाली ये सरकार आज नकली शराब बेच रही है। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री, आबकारी मंत्री सीधे दोषी हैं और उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, श्रीमती रेखा मेश्राम, महिला भाजपा मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण साहू, किशुन यदु, शिव वर्मा, तरुण लहरवानी, रघुवीर वाधवा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह,आकाश चोपड़ा, विजय रॉय, मणीभास्कर गुप्ता,अशोकदित्य श्रीवास्तव, अरुण साहू,रानू जैन, गगन आईच, सुमीत सिंह भाटिया उपस्थित थे। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी संगीता मिश्रा, महामंत्री पारुल जैन, देवकुमारी साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, सरस्वती यादव, पुष्पा गायकवाड़, तेजमाला देशमुख, रेखा मेश्राम, पूनम शर्मा, आभा श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष छुरिया किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष राजनांदगांव प्रतीक्षा भंडारी, अंजू त्रिपाठी, जमुना साहू, छाया तिवारी, इंदुमति साहू, मणीभास्कर गुप्ता, गीता साहू, भेषबाई साहू, मालती डढ़ेके, संगुन गंधर्व, उत्तरा निषाद, संगीता मिश्रा, साक्षी भाटिया, शांति पात्रे, सरिता ढढ़ेके, सुधा पवार भी मौजूद थीं। भाजयुमो के महामंत्री डिकेश साहू, प्रदेश कार्यकारिणी दुर्गेश साहू, पिंटू वर्मा, उज्जवल कसेर, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह ठाकुर, जयंत साहू, कमलेश प्रजापति, चेतन यादव,आशीष जैन, आशुतोष सिंह, हेमदीप साहू, कमलेश लहरे, प्रहलाद सिन्हा, रवि साहू, आदित्य पराते, प्रवीण शुक्ला, अंशुल श्रीवास्तव अभिषेक पांडेय, टिकेश्वर सिंह, करण बग्गा, राघव ठाकर, कमलेश बंधे, नितेश नायक, सोहन साहू, कृष्ण निषाद, रोहित सिन्हा, आशीष सोरी, अभिषेक सेन, अर्जुन राजपुरोहित, सौरभ सिंह राजपूत, प्रिंस राजपूत, ललित निषाद, सहित अन्य कार्यकर्ता भी अभियान में शामिल हुए।

# झांसा देकर एक करोड़ की ठगी, 420 में गिरफ्तारी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



निजी कंपनी में पार्टनर बनाकर दोगुने कमाई का झांसा देकर एक करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डोंगरगांव निवासी कुशालचंद टावरी ने रायपुर निवासी आरोपी यशवंत सिन्हा के खिलाफ 14 मई को शिकायत दर्ज कराई थी।

कुशालचंद ने बताया था कि, यशवंत ने उसे अपने झांसे में लेकर एडवांस इंटरनेशनल इंडिया कंपनी में पार्टनर बनाने और रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर 01 करोड़ 5 लाख 45 हजार रुपए की नगद रकम लेकर निवेश करने का झांसा दिया था। 25 जनवरी 2022 को दोनों के बीच लेन देन हुआ था। इसके बाद न ही उनकी रकम उन्हें लौटाई गई और न ही वायदे पूरे हुए। पैसे वापस मांगने पर आरोपी आनाकानी करता रहा। अंततः उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत कार्रवाई की गई है।

# जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य समाप्त,वर्षा और ओले गिरने से पत्तों का संग्रहण हुआ कम

## 16 दिन के भीतर दोनों वन मंडल में 1.02 लाख मानक बोरा पत्ता संग्रहित कर लिया गया

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य समाप्त हो गया। कोरबा व कटघोरा वन मंडल में 1.30 लाख मानक बोरा पत्ता संग्रहित किए जाने का लक्ष्य था। 16 दिन के भीतर दोनों वन मंडल में 1.02 लाख मानक बोरा पत्ता संग्रहित कर लिया गया है। लक्ष्य की तुलना में यह 28 हजार 120 मानक बोरा कम है। तोड़ाई शुरू होने से पहले अप्रैल माह में वर्षा और ओले गिरने वजह से इस वर्ष पत्तों का संग्रहण कम हुआ है। आनलाइन बोली लगाकर पत्ता खरीदने वाले ठेकेदारों को तो कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन कम पत्ता संग्रहण से संग्राहकों को कम राशि मिलेगी। खराब मौसम ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है। अप्रैल माह की शुरूआत में शाख कर्तन के बाद माना जा रहा था कि 1.30 लाख मानक बोरा तोड़ाई लक्ष्य को पार कर लिया जाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। अमूमन 20 दिन तक चलने वाली तेंदूपत्ता संग्रहण 16 दिन में ही बंद हो गई। बताना होगा कि इस बार एक मई को शुरू होने वाली संग्रहण की शुरूआत 8 मई को हुआ। पत्तों को सबसे अधिक नुकसान ओले पड़ने से हुआ। मौसम साफ होने से पत्तों का संग्रहण 28 मई तक जारी रहने की संभावना थी लेकिन पुनः हुई वर्षा से पत्तों के सड़ने की आशंका को देखते हुए दोनों वन मंडल के फड़ को बंद कर दिया। पत्ता संग्रहण के कोरबा वनमंडल में 396 और कटघोरा में 481 फड़ बनाए गए हैं। पत्तों का दर बीते वर्ष की तरह इस बार भी 400 रुपये सैकड़ा रखा गया है। अब संग्रहित पत्तों पर गौर करें तो कोरबा वनमंडल में 53 हजार 500 और कटघोरा में 56 हजार 699 मानक बोरा पत्तों का संग्रहण किया जा चुका है। यह कार्य 28 मई तक जारी रहने की संभावना थी लेकिन वर्षा की वजह से बंद हो गई है। पत्ता संग्रहण के एवज में संग्राहक परिवार नवीन शिक्षण सत्र में बच्चों की कापी-किताब और खेती के लिए खाद-बीज आदि के लिए कमाई कर लेते हैं। खास बात यह है कि इस बार कोरबा वनमंडल के सभी 38 समितियों के पत्तों की बोली लगी है। इस तरह कटघोरा के 44 में दो को छोड़ शेष समिति के पत्ते बिक चुके हैं। अधिक से अधिक फड़ों के पत्तों की बढ़चढ़ कर बोली लगने से संग्राहक परिवारों को इस बार बोनस लाभ भी अधिक मिलेगा। राज्य सरकार ने भुगतान के लिए दोनों वन मंडल में राशि जारी कर दी है। दोनों वनमंडल में कुल 58 हजार 345 संग्राहक परिवार हैं। संग्राहकों के खाते में आनलाइन भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूखे पत्तों को गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। बारिश को देखते हुए संग्रहण में तेजी लाई जा रही है। दो दिन से वर्षा के कारण बिना सूखे पत्तों को किसानों के घर में ही रखना पड़ा। फड़ मुंशियों की माने तो तेज धूप के कारण भीगे पत्तों को सुखाने में सहूलियत हो रही। बताना होगा कि पत्ते बेहतर होने की वजह से कहीं भी सरा लेने की जरूरत नहीं पड़ रही। इस बार इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए गांव-गांव सरा न देने मुनादी करा दी गई। मौसम के अलावा हाथियों के विचरण का भी तेंदूपत्ता संग्रहण में असर रहा। कोरबा वन मंडल में पसरखेत जंगल क्षेत्र में हाथी विचरण कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कटघोरा वन मंडल के पसान व केंदई रेंज में उत्पात जारी है। दोनो ही वनमंडल में 56 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में फड़ों में एक दिन भी पत्तों की तोड़ाई नहीं हो सकी। मई माह की शुरूआत से अब तक हाथियों ने दोनों वन मंडल में 23 मकानों को तोड़ दिया है। 24 एकड़ धान के फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। तेंदूपत्ता तोड़ाई रोजगार गांरटी पर भारी पड़ रहा था। रोजगार गारंटी की तुलना में परिवार को अधिक लाभ मिला है। चार को छोड़ सभी फड़ों के पत्तों की बोली लगने की वजह से बोनस को देखते हुए संग्राहक परिवारों में तेंदूपत्ता तोड़ाई के लिए के लिए प्रतिस्पर्धा रही।

# तेज आंधी से गिरा 400केवी क्षमता का टावर : जनहानि नहीं

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला क्षेत्र में चली तेज आंधी की वजह से ग्राम मादन के पास 400केवी लाइन क्षमता का एक टावर टूट कर नीचे गिर पड़ा। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, पर टावर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में खेदामार व मड़वा की लाइन प्रभावित हो गई। ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अन्य लाइन से बिजली आपूर्ति बहाल की गई। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम संयंत्र एचटीपीपी परिसर स्थित सब स्टेशन से खेदामार व मड़वा के लिए लाइन बिछाई गई है। इसके माध्यम से 400केवी की आपूर्ति की जाती है। क्षेत्र में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई। इसका असर विद्युत आपूर्ति पर भी पड़ा। बताया जा रहा है कि पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन के मखुरहा तालाब के पास हाईटेंशन लाइन विद्युत टावर उच्च दाब क्षमता तार समेत जमीन पर गिर गया। टावर ग्राम मादन निवासी बलराम पटेल के खेत में गिरा। इसके साथ ही तार नीचे झुक गया और बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जानकारी मिलते ही ट्रांसमिशन के अधिकारी, तकनीकी कर्मियों की टीम के साथ स्थल के लिए रवाना हो गए। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के बाद सुधार कार्य आरंभ किया जाएगा। घटना में कितना नुकसान हुआ है।

## अघोर पीठ, गम्हरिया आश्रम में नियुक्त मिर्गी चिकित्सा शिविर आयोजित

**जशपुरनगर।** भगवान राम ट्रस्ट, सोगड़ा आश्रम अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया में निशुल्क मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का इस शिविर में कुल 83 मरीजो को आश्रम निर्मित फकीरी औषधि का वितरण किया गया। बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरुषार संभव राम के निर्देशन में विभिन्न राज्य के के विभिन्न स्वान वह चलाए जा रहे मिर्गी चिकित्सा शिविरो की श्रृंखला में इस बार अघोर पीठ, गम्हरिया में लगाया गया इसके पूर्व में बिलासपुर, बालको, भारापारा, राजनोदगाव, बैकुण एवं अंबिकापुर में भी ऐसे शिविर इसी माह में आयोजित कर कुल 1290 मरीजो को ककीरी देवा प्रदान की सील जा चुकी है।



# गोधन न्याय योजना से कई महिलाएं बन रहीं हैं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर

■ स्वप्रेरित होकर वर्मी टांका निर्माण कर स्वालम्बन की ओर बढ़ रही सुशीला

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना नाम के अनुरूप ही अब महिलाओं, किसानों, आमजनों के लिए हो गई है। ग्रामीण महिलाएं अब घरेलू कार्य के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी से अपनी सहभागिता बढ़ा रही हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में संचालित आय मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और अब वे अपने परिवार की जिम्मेदारी तथा उनका भरण-पोषण कर अपने जीवन स्तर बढ़ाने में सक्षम हो रही हैं। गोधन योजना अंतर्गत महिलाएं स्वप्रेरित होकर वर्मी टांका निर्माण कर स्वालम्बन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यह कहानी एक स्वावलंबी महिला सुशीला कुजूर पति मनोज कुजूर निवासी ग्राम मितघरा विकास खण्ड बगीचा जिला जशपुर की निवासी है। जो पूर्णतः गृहणी है।

सुशीला कुजूर बताती है कि उनके पास कुल 4.600 है जमीन है जिसमें में धान, मक्का, कुटकी एवं उड़द तथा साग सब्जी की खेती करती है तथा वह शासन की विभिन्न योजना का लाभ लेकर तकनीकी ढंग से खेती करवाती है जिससे उन्हें अच्छा लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गोधन न्याय योजनातर्गत निर्मित गौठान का अवलोकन किया जिसमें वर्मी टाका से वर्मी खाद तैयार किया जा रहा है जो कि बहुत अच्छे किस्म का है तथा मैं उससे प्रभावित होकर ए. के. सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा से मार्ग दर्शन प्राप्त कर अपने घर में लीची के पेड़ के नीचे खाली पडी हुई जमीन पर वर्मी टांका का निर्माण करवायी और अपने पास उपलब्ध जैविक कचरा एवं गोवर से सभी टांको की भराई कराई।

# बालको ने माहवारी स्वच्छता दिवस पर संयंत्र और टाउनशिप परिसरों में स्थापित किए सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में स्थापित वेदांता एल्यूमिनियम की अनुषंगी कंपनी तथा देश की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर संयंत्र परिसर में सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन स्थापित की। कार्यस्थल पर महिलाओं के स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की मजबूती की दिशा में उठाए गए इस कदम से स्वच्छ, स्वास्थ्यप्रद और किफायती सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। माहवारी के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति महिलाओं की जागरूकता और कार्यस्थल के पर्यावरण को समावेशी और संवेदनशील बनाने की दृष्टि से बालको का यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। बालको की ओर से उपलब्ध ये सैनिटरी नैपकिन 100 फीसदी जैविक रूप से नष्ट हो सकते हैं जिससे पर्यावरण पर शून्य नकारात्मक असर होगा। माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करने और महिलाओं को माहवारी के दौरान निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए बालको ने संयंत्र के 30 महिला प्रसाधन परिसरों में मशीनों की स्थापना की है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने बालको लर्निंग सेंटर में सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीन का उद्घाटन किया। इनमें विभिन्न कार्यालय, शापफ्लोर, कैंटीन, टाउनशिप और बालको अस्पताल परिसर शामिल हैं। सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता, मशीनों के निर्बाध संचालन और अनुरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दीवारों के सहारे स्थापित पुश बटन वाले एक मशीन की संग्रहण क्षमता 100 इकाइयों की है। बालको की विद्युत उत्पादन इकाई में कार्यरत मिताश्री दास ने सैनिटरी नैपकिन वितरण मशीनों की स्थापना को प्रशंसनीय बताया। उन्होंने कहा कि इससे माहवारी की चुनौतियों से निपटने और कार्यस्थल पर बिना किसी दबाव स्वतंत्रतापूर्वक काम करने की दिशा में महिला कर्मचारियों को मदद मिलेगी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको अपने कार्यस्थल को समावेशी बनाने के लिए कटिबद्ध है ताकि कर्मचारियों को जीवन की विविधतापूर्ण जरूरतों के अनुरूप सुविधाएं मिल सकें।

# दिवंगत व्यवसायी हनुमान सेठ का शांति विधान कार्यक्रम 31 को होगा

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



90 वर्ष की आयु में 19 मई को दिवंगत हुए सफल व्यवसायी और समाज सेवी हनुमान बड़जात्या उर्फ हनुमान सेठ का शांति विधान, उठावना और पगड़ी का दस्तूर कार्यक्रम उनके जशपुर स्थित निज निवास में 31 मई बुधवार को आयोजित किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उनके पुत्र दिलीप जैन उर्फ डिंपल जैन ने बताया कि पिता की आत्मा की शांति के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दूर-दराज से परिचित शामिल होंगे। उन्होंने कहा एक छोटी सी उम्र में छोटी से गांव से व्यापार की शुरूआत कर बड़ा मुकाम हासिल कर हमेशा विनम्र बने रहने से ही उनकी ख्याति बढ़ी थी जिसे बनाए रखना अब हमारा कर्तव्य है। अंतिम वक्त तक रहे साहसी -हनुमान प्रसा के जीवन से जुड़े ऐसे कई कार्य हैं, घटनाएँ है जो उनको सदैव-औरो से अलग दर्शाती थी वे ऊपर से जितने कठोर दिखते थे उससे अधिक अंदर से विनम्र एवं भावुक स्वाभाव के थे। जब भी वे किसी को गंभीर स्थिति में देखते थे तो उनका दिल पसीज जाता था और उसकी मद्द के तत्पर हो जाते थे। यहाँ उनके जीवन का संपूर्ण उल्लेख कर पाना संभव नहीं है। सदैव अनुशासित और अपने विचारों के प्रति दृसंकल्पित जीवन जीने वाले हनुमान सेठ आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी स्मृतियाँ उनसे जुड़े लोगो के मानस पटल-से कभी विस्मृत नहीं हो पाएगी इसमें संदेह नहीं है।

# हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने महापौर ने गृह निर्माण मंडल को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अटल आवास योजना के तहत बने मकानोकी मरम्मत व रखरखाव के लिए डीएमएफ मद से राशि उपलब्ध कराने कोरबा कलेक्टर को पत्र लिखने के बाद, अब हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिख 7.75 करोड़ की मांग पत्र प्रेषित की है।महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कोरबा क्षेत्र अंतर्गत गोकूल नगर में तथा खरमोरा में हाउसिंग बोर्ड की दो-दो कालोनियां है, जहां गोकुल नगर के एक कॉलोनी में 84 और दुसरे में 58 मकान बने है। वहीं खरमोरा के एक कॉलोनी में 192 और दूसरे में 182 मकानों का निर्माण कराकर हितग्राहियों को उचित मूल्य में दिया गया है। इसी प्रकार शहर में स्थापित सेमीपाली में 150, बरबसपुर में 168, रामपुर में 512 और दादर में 160 मकान निर्मित कराये गये है। महापौर प्रसाद ने बताया कि शहर में स्थापित हाउसिंग बोर्ड के इन आठो कालोनियों में हाउसिंग बोर्ड मण्डल के द्वारा साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक मुलभूत सुविधा के लिए पर्याप्त पहल नही किया जाता जिससे इन कॉलोनियों के रहवासी समय-समय पर मुझसे तथा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिलकर सार्थक पहल करने की मांग करते रहे है जिसे राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने संज्ञान में लिया और हाउसिंग बोर्ड के इन आठो कॉलोनियो को नगर निगम में हस्तान्तरण करने नगरीय प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के मध्य वार्ता स्थापित कराते हुए हाउसिंग बोर्ड के सभी कॉलोनियो को नगर पालिक निगम में वर्ष 2022 में हस्तान्तरण कराया।

# दिव्यांगजनों को मिले बैसाखी, दर्जनों राशन कार्ड वितरण किया गया

■ पमशाला में स्वस्थ पंचायत जनसंवाद में सचिव मिंज,ग्रामीणों ने कहा, गैस का दाम आसमान से नीचे ला दो साहब

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



ईब नदी के तट पर स्थित आम बगीचा पमशाला में आयोजित स्वस्थ पंचायत सम्मेलन और जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुनकुरी विधायक, संसदीय सचिव यू.डी. मिंज शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कांग्रेस मनोज सागर यादव भी शामिल हुए। स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में विधायक ने मितानिन एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मेलन करने और करवाने सहयोग करने के लिए साधुवाद दिया और जागरूकता के इस कार्यक्रम से बेहद प्रभावित हुए विधायक ने कहा, समाज में ऐसी जागरूकता से पर्यावरण की रक्षा होगी।

**नाटक के माध्यम से रखीं समस्याएं** -ब्लॉक स्तरीय इस कार्यक्रम में मितानीन बहने समूह की महिलाएं और आंगनबाड़ी की महिलाएं मुख्य रूप से शामिल होकर जागरूकता का परिचय दिया। नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत करती महिलाएं राशन वितरण केंद्र, मनरेगा जॉब कार्ड बनाने में कमीशन, नशा से हो रही दुर्घटना और पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता का संदेश दिया। बिगड़ती पर्यावरण को लेकर जंगल को न काटने और वनों को आग न लगाने का संदेश दिया वहीं महुए की शराब बनाने से जंगल की अंधाधुंध कटाई हो रही है इसपर भी महिलाओं को पेड़ न काटने का संदेश दिया गया। शराब से बिगड़ रहा समाज -आजकल शराब की वजह से कई हादसे हो रहे हैं मुख्य रूप से शराब पीकर वाहन चलाने से सड़क में भीषण हादसे हो रहे है जिसको लेकर नशा करके वाहन नहीं चलाने पर सुंदर प्रदर्शन किया गया। वहीं विधायक यू.डी. मिंज ने इसकी सराहना करते हुए कहा की हमारे जिले में मौसम की स्थिति अब अधिक वनों की कटाई करने से परिवर्तन हो रही है कई जगहों पर पानी की की गंभीर समस्या भी हो रही है इसलिए हमें अपने जल जंगल जमीन की रक्षा करनी चाहिए। अधिकांश महिलाएं शराब बनाने के लिए वनों की धुंआधार कटाई कर रहे हैं जिसमे हमारी पर्यावरण में परिवर्तन आ रही है और इसका परिणाम आज नहीं कुछ समय बाद हमारी आने वाली पीढ़ी भोगेगी। वहीं विधायक यू.डी. मिंज ने सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजनाओं को बताते हुए सबसे शासन की योजना का लाभ उठाने की भी अपील की।

# गौठान से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबी बनकर निरंतर उन्नति की राह पर हो रही अग्रसर

## गौठान से महिलाओं को मिल रहा आर्थिक संबल

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के तहत निर्मित गौठान ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार का प्रमुख केंद्र बना है। गौठान में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन करके महिला समूहों को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिससे समूह की महिलाएं आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुई है एवं अपने व अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनी है। इसी कड़ी में करतला जनपद पंचायत के कोटमेर गौठान में संचालित अनेक रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वालम्बन के पथ पर अग्रसर हो रही है। घर के काम काज में अपना समय व्यतीत करने वाली इन महिलाओं के पास आजीविका का अन्य कोई साधन नही था। ये महिलाएं घरेलू कार्यो के साथ ही रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे। सीमित आय होने के कारण उन्हें सदैव आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। जिससे वे चाह कर भी परिवार की आय बढ़ाने में अपना योगदान नही दे पा रही थी। अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में बढ़ोत्तरी करने की मंशा रखने वाली इन महिलाओं के पास आजीविका का जरिया नही होना मुख्य समस्या थी। प्रदेश सरकार ने महिलाओं की इस समस्या को भली भांति समझा और उनको उनके घर के पास ही रोजगार का साधन उपलब्ध कराकर उनकी समस्या को दूर किया। ग्रामीण महिलाओं को गौठान के माध्यम से नियमित रोजागार का साधन मिला है। जहां वे गोबर खरीदी, जैविक खाद निर्माण, साग सब्जी उत्पादन, मुर्गी बकरी पालन जैसे अनेक गतिविधियों का संचालन कर आय कमा रहे है। कोटमेर गौठान में योजनांतर्गत अब तक गौपालकों से 673 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। खाद विक्रय का भुगतान किसान व पशुपालकों को सीधे उनके खाते में किया गया है।गौठान में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर रही सरस्वती समूह की महिलाओं द्वारा 248 क्विंटल खाद का निर्माण किया गया है।

## 17 वर्षों तक अपने सफल कार्यकाल में पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया

# पंडित जवाहर लाल नेहरू की मनाई गयी 59वीं पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में पदस्थ होने के बाद 17 वर्षों तक अपने सफल कार्यकाल में पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया, वैज्ञानिक रूप से देश को समृद्ध किया, हरित क्रांति को साकार किया, गुट निरपेक्षता की निति को देशहित में सफलता पूर्वक लागु किया तथा विश्व बंधुत्व एवं शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धांतो को सुदृढ़ कर भारत को विश्व के नक्शे पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया। उक्त कथन महापौर राजकिशोर ने जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की 59वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय टी.पी. नगर कोरबा में आयोजित कार्यक्रम मे व्यक्त किये। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, राष्ट्र निर्माता पं. जवाहर लाल नेहरू ने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया और देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय क्षितिज पर एक लम्बे समय तक अपनी आभा फैलाए हुए सभी क्षेत्रों में अपनी अमिट छाप छोड़ी और भारतीय राजनीतिक एवं सामाजिक चिंतन के इतिहास में अमर स्थान बना लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि एक ऐसे कुशल राजनीतिज्ञ, सामाजिक एवं आर्थिक चिन्तक, उच्च कोटि के लेखक, पंचशील सिद्धांत के स्थापक, अर्थशास्त्री मानवतावाद के प्रबल समर्थक सहित बहुमुखी प्रतिभा के धनी पं. नेहरू को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। उन्होने आगे कहा कि पंडित नेहरू केवल राजनीतिज्ञ नही थे अपितु वे एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महान पुरूष थे। मानवीय संवेदनाओं से भरपूर व्यक्तित्व के धनी पं. जवाहर लाल नेहरू को पुरे विश्व के लोगों का अभूतपूर्व प्यार और सम्मान मिला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि पं. नेहरू ने भारत में लोकतंत्र को सबल बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा सभी को मानवीय प्रतिष्ठा और समानता प्रदान करने के लिए निरंतर अथक प्रयास करते रहे। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि पं. नेहरू बच्चों में और भी अधिक लोकप्रिय थे। पं. नेहरू भी बच्चों के साथ बच्चे बन जाते थे बच्चों में इनकी लोकप्रियता के कारण ही उन्हें चाचा नेहरू कहा जाने लगा और उनके जन्मदिन को आज भी हम बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एफडी. मानिकपुरी ने बताया कि पं. नेहरू उच्चकोटि के लेखक थे जिन्होने डिस्कवरी ऑफ इंडिया एवं ग्लिम्पिसज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री लिखी इन दोनो पुस्तकों में वह सब कुछ है जो पं. नेहरू को एक बड़े विद्वान के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री गायत्री नायक ने कहा कि सर्व प्रतिभा सम्पन्न तथा उनकी बहुमुखी प्रतिभा एवं स्वाभाविक उदारता सोने में सुगंध का कार्य करती थी निश्चय ही पं. नेहरू भारत के रत्न थे।

# ग्राम पंचायत बुलडेगा के ग्रामीण मजदूरी भुगतान नहीं होने से परेशान

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिले के पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बुलडेगा में सामुदायिक मुर्गी पालन शेड एवं वर्मी खाद टंकी का निर्माण कार्य किया गया है। उक्त कार्य एक वर्ष पूर्व कराया गया था लेकिन काम करा लेने के बाद मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। मजदूर करमूधर सिदार ने बताया कि मेरे द्वारा कार्य पूरा किया गया है जिसमें मुर्गी शेड निर्माण में 14 और वर्मी टंकी निर्माण में 10 दिन काम किया गया था लेकिन भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। मजदूर के जॉब कार्ड का नंबर 295 है। वहीं जिम्मेदार सरपंच सचिव भी भुगतान करा पाने में असमर्थ हैं। पंचायत के रोजगार सचिव ने एक सादे कागज में आवेदन मजदूर के नाम से लिखकर मजदूर को ही थमा दिया है जिससे मजदूर परेशान हैं। केवल मजदूरी के आस में बैठा हुआ है। रोजगार सहायक का कहना है कि मजदूरी का हाजिरी हमने भेज दिया है।

**मुर्गी शेड में एक भी मुर्गी नहीं** - लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए मुर्गी शेड में एक भी मुर्गी नहीं है। वहीं गोठान के टंकी में पानी तक नहीं है और गोबर खरीदी भी बंद है। साथ ही लाखों रुपए खर्च कर तालाब के गहरी करण का कार्य भी किया गया है लेकिन नाम मात्र का कार्य किया गया है।

# अवैध पुलिया हुआ ध्वस्त, पुलिया को रास्ता जान प्लाट बुक करने वालों के उड़े होश

## अब अवैध प्लाटिंग पर चलेगा राजस्व विभाग एवं पालिका का डंडा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खबर का असर

जिले में पायनियर की खबर का एक बार फिर बड़ा असर हुआ है। लगातार खबर प्रकाशित होने के बाद सिचाई विभाग के अधिकारी हरकत में आए और मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। अब गोंदली नहर में बनाए गए अवैध पुलिया को ढहा दिया गया है। बताया जा रहा है कि अवैध निर्माण कराने वालों ने ही बुलडोजर चलाकर पुलिया को ध्वस्त किया है। अवैध निर्माण को रोकने की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है, लेकिन विभाग अवैध निर्माण पर आंख मूंदे बैठा रहा। वहीं इस मामले की खबर पायनियर में प्रमुखता से प्रकाशित की गई, जिसके बाद शासन-प्रशासन के अधिकारियों में हड़कंप देखा जा रहा था। इस मामले में विभागीय सूत्रों का कहना है कि सरकारी नहर में निर्माण कराना पूरी तरह अवैध है। अवैध निर्माण करने वालों को चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति अगर अवैध निर्माण किया तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।









**तोड़ना पड़ा अवैध पुलिया, ग्रामीणों में हर्ष**

अवैध पुलिया के ध्वस्त होने से ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में सिचाई विभाग की विफलता पर अपनी चिंता व्यक्त की और कहा, कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए था और इसमें शामिल व्यक्ति यों के खिलाफ मामला भी दर्ज करना चाहिए था। निवासियों ने ऐसी गतिविधियों में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई नहीं करने के लिए प्रशासन की आलोचना की। जिसके परिणामस्वरूप कानून का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ। अवैध निर्माण रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग ग्रामीणों ने की है।

**युंकाइयो के आक्रोश से गर्माया मुद्दा**

सरकारी नहर में अवैध पुलिया निर्माण को लेकर जब सुगबुगाहट शुरू हुई तो शहर युवा कांग्रेस ने पुलिया को जमीदोंज करने की मांग की और मौके पर जाकर सिचाई विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। खास बात यह है कि युंकाइयो ने इस मुद्दे पर जमकर संबंधित विभाग को घेरा था। जिससे यह मुद्दा गर्माया। उनका कहना था कि अवैध पुलिया निर्माण की वजह से नहर संकरा हो गया था, जिससे जल प्रवाह प्रभावित होता और नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता। अवैध पुलिया को नही तोड़ने पर यूथ कांग्रेस ने आज सोमवार को जल संसाधन विभाग को घेरने की भी चेतावनी दी थी।

**अवैध पुलिया को रास्ता जान प्लाट बुक करने वालो के उड़े होश**

शहर के कुंदरूपारा वार्ड में कन्या कॉलेज भवन निर्माण कार्य जारी होने के बाद ही जमीन का गोरखधंधा करने वाले सक्रिय हो गए। प्लाटों को आकर्षण बनाने के लिए सरकारी नहर में अवैध पुलिया बनाकर रास्ता दिया और अवैध प्लाटिंग का खेल शुरू हो गया। इसी तरह से प्लाटों को सुसज्जित कराकर मोटी-मोटी कीमत में बेचने की तैयारी थी। सूत्रों की माने तो उक्त अवैध प्लाटिंग में 25 से 30 प्लाट बुक भी किए जा चुके है। लेकिन नहर में कच्चा पुलिया बनाकर जो रास्ता दिखाया जा रहा था, वो अवैध था। जिसकी कभी किसी ने सुध नहीं ली। पायनियर की लगातार खबरों के बाद अवैध रास्ते को तोड़ दिया गया है। अब जिन्होंने गोंदली नहर पर बनाए गए अवैध पुलिया को रास्ता जान प्लाट बुक किया है उनके होश उड़ गए हैं।

**अवैध प्लाटिंग पर चलेगा राजस्व विभाग एवं पालिका का डंडा**

कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफ़ियाओ ने प्लाट बुक करने वाले ग्राहकों को धोखे में रख प्लाट तक जाने के लिए सिंचाई नहर पर अवैध रूप से पुलिया के निर्माण तो कर लिया। फिर पायनियर के लगातार खबर प्रकाशन और जल संसाधन विभाग की सख्ती के बाद पुलिया ध्वस्त भी कर दिया गया। लेकिन अब कृषि भूमि पर किये गए अवैध प्लाटिंग पर राजस्व विभाग और नगरपालिका भी अपना डंडा चलाने की तैयारी में हैं। कॉलोनाइजर एक्ट का उलंघन कर कृषि भूमि पर किये गए अवैध प्लाटिंग पर जल्द कार्यवाही की जा सकती हैं।

# सड़क पर रहने वाले बच्चे, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के चिन्हांकन एवं पुर्नवास हेतु चलाया जा रहा है अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देश और कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जिले में स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग द्वारा इस अभियान की क्रियान्वयन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अभियान के तहत ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे सड़को पर रहते है और रात में निकट के झूग्गी झोपडी बस्तीयो में रहने वाले अपने परिवारो के पास वापस आ जाते है, ऐसे श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तर जीविका भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार संघर्षो एवं चुनौतियो का सामना करते है उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने उनके परिवारो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उनके प्रशिक्षण एवं उनके रोजगार की व्यवस्था हेतु विभिन्न विभाग के समन्वय से कार्य योजना अनुसार 25 मई से 15 जून 2023 तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सड़क में रहने/ अपशिष्ट संग्राहकध्बाल भिक्षावृतिध्भटके हुए बच्चों के चिन्हांकन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। इस पर रेस्क्यू टीम द्वारा जिले में सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि कोई भी ऐसे बच्चों का चिन्हांकन होने की दशा पर तत्काल उस पर पुर्नवास की प्रक्रिया किया जाये। सड़क में रहने वाले बच्चो के रेस्क्यू हेतु जिला बाल संरक्षण ईकाइ एवं श्रम विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सभी विकासखण्डो में सर्वेक्षण का काम करेंगे। एवं पंचायत स्तर पर भी सर्वेक्षण का कार्य किया जावेगा।

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव: कंबोडिया और इंडोनेशिया सहित 12 राज्यों की रामायण मंडलियां देंगी प्रस्तुति

## अरण्यकाण्ड के प्रसंगों पर विशेष मंचन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव संस्कृति विभाग द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए कंबोडिया और इंडोनेशिया ने स्वीकृति दे दी है। इन दोनों देशों के रामायण मंडली से जुड़े कलाकार अपनी नयनाभिराम प्रस्तुति देंगे। रायगढ़ में 1 जून से 3 जून तक आयोजित होने वाली इस महोत्सव में इन देशों के अलावा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों के मानस मंडलियों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगो पर प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव में रामायण के अरण्य कांड पर नृत्य नाटिका की विशेष प्रस्तुति होगी। इसके अलावा प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ और केलो आरती का भी आयोजन होगा।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और समृद्ध आतिथ्य का संगम दिखेगा। रायगढ़ कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजन से जुड़े अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहें है। उन्होंने हाल में ही तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस महोत्सव में पहले दिन 1 जून को महोत्सव की शुरुआत होगी। जिसमें प्रतिभागी दलों का मार्च पास्ट होगा। दोपहर 3 बजे से रामायण मंडलियों की प्रस्तुति शुरू होगी। शाम में इंडियन आइडल फेम प्रसिद्ध सिंगर शन्मुख प्रिया और शरद शर्मा की परफॉर्मेंस होगी।

# रीपा योजना के आने से महिलाओं के जीवन में आया बड़ा बदलाव

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com





ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप रीपा गोठानों में विभिन्न आय अर्जक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। रीपा में काम करके युवा उद्यमी और समूह की दीदियाँ बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने 1 लाख 24 हज़ार की लागत से बोरी बेग निर्माण इकाई स्थापित किया। बोरी बेग बनाकर उन्होंने अब तक कुल 1 लाख 90 हज़ार रुपये की आय अर्जित की। इससे उन्हें शुद्ध 66 हजार रुपये का लाभ हुआ। उन्हें घर के कामों के साथ स्वरोज़गार के साधन मिल रहे हैं जिससे महिलायें बहुत ही उत्साहित नज़र आ रही हैं। दुबछोला रीपा में स्व-सहायता समूह की दीदियाँ बोरी बेग निर्माण के साथ मशाला उत्पादन, फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, अगरबत्ती निर्माण, फेब्रिकेशन का कार्य बेहतर तरीके से कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक तरुण सिंह ने बताया कि लक्ष्मी स्व-सहायता समूह दुबछोला की दीदीयाँ बोरी बेग निर्माण का कार्य करती हैं। गोठान से जुड़ने के बाद उन्हें रीपा योजना के माध्यम से शेड और भवन प्राप्त हुआ जिससे उनके कार्य का विस्तार हुआ। शासन के द्वारा पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने से समूह की दीदियों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। जिला प्रशासन के द्वारा समय समय पर मार्गदर्शन के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न आय अर्जक गतिविधियों से जुड़कर वे अपने आप को आत्मनिर्भर एवं सशक्त महसूस कर रही हैं।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403